**3 राजधानी** पहले चरण में 20 तालाबों का होगा जीर्णोद्धार

**9 राष्ट्रीय** असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर

**10 विदेश** स्पेन में 18 प्रवासियों की हुई मौत

**11 प्रादेशिकी** ठेकेदार ने खोली आरईडी के घोटाले की पोल

RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 228
नई दिल्ली, रविवार, 26 जून, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर




कप्तानी का आनंद लेते हैं हार्दिक

स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# डिप्टी स्पीकर ने सोलह बागी विधायकों को नोटिस भेजा

**टीएन रघुनाथ। मुंबई**

**महाराष्ट्र संकट**

- बागी विधायकों ने 27 जून शाम तक नोटिस का जवाब नहीं दिया तो शुरू होगी अयोग्य ठहराने की कार्रवाई
- सुरक्षा हटाए जाने की खबरों से भड़का बागी गुट सरकार ने किया इनकार

**शिवसेना** अध्यक्ष और मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व के खिलाफ विद्रोह करने वाले वरिष्ठ नेता और मंत्री एकनाथ शिंदे समेत 16 विधायकों को डिप्टी स्पीकर नरहरि जिरवाल ने नोटिस जारी किया है। उपसभापति ने पार्टी अनुशासन का उल्लंघन करने के लिए अयोग्य ठहराए जाने की मांग करने वाले मूल शिवसेना के अभ्यावेदन पर 27 जून की शाम तक उनसे स्पष्टीकरण मांगा है।

शिवसेना के मुख्य सचेतक सुनील प्रभु द्वारा महाराष्ट्र विधान सभा के सदस्य दलबदल के आधार पर अयोग्यता नियम, 1986 के तहत उनकी अयोग्यता की मांग करने वाले एक पत्र के आधार पर कार्रवाई करते हुए महाराष्ट्र के प्रमुख सचिव राजेंद्र भागवत ने 16 बागी विधायकों को नोटिस जारी किया। इनसे 27 जून (सोमवार) को शाम 5.30 बजे से पहले सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ लिखित जवाब प्रस्तुत करने को कहा गया है। यदि दिए गए समय में नोटिस का लिखित प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो उन विधायकों पर कार्रवाई की जा सकेगी। इससे पहले शनिवार को शिवसेना कार्यकारिणी की उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में आयोजित बैठक में शिवसेना में विश्वास की पुष्टि करने वाले और बागी विधायकों से दिवंगत शिवसेना प्रमुख बाल ठाकरे के नाम का उपयोग नहीं करने समेत पांच प्रस्ताव पारित किए।

मालूम हो कि एकनाथ शिंदे ने शिवसेना के कुल 55 विधायकों में से 37 के समर्थन का दावा करते हुए नए दल शिवसेना बालासाहेब बना लिया है। शिंदे के अलावा जिन बागी विधायकों को डिप्टी स्पीकर के कार्यालय द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, वे हैं- अब्दुल सत्तार, संदीप बोमरे, प्रकाश सुर्वे, तानाजी सावंत, महेश शिंदे, अनिल बाबर, यामिनी जाधव, संजय शिरसत, भरत गोगावले, बालाजी किनिकेर, लता सोनवणे, सदासर्वणकर, प्रकाश अंबेडकर, संजय रायमुलकर और रमेश बोर्नारे। ये 16 विधायक शिवसेना के उन 37 बागी विधायकों में शामिल हैं, जिन्होंने डिप्टी स्पीकर, राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी और महाराष्ट्र विधानमंडल के सचिव को एक पत्र देकर एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में अपने विश्वास जताते कहा कि वह 2024 तक शिवसेना विधायक दल के नेता पद पर बने रहेंगे।



मुंबई के शिवसेना भवन में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में जाते महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे

शिवसेना के 37 बागी विधायक (जो राज्य विधानसभा में आवश्यक दो-तिहाई से अधिक संख्या यानी कुल 55 शिवसेना विधायकों में से 36 विधायक) यदि वे शिवसेना से अलग होते हैं तो उन पर दलबदल विरोधी कानून लागू नहीं होगा। हालांकि, यदि डिप्टी स्पीकर एकनाथ शिंदे सहित 16 बागी विधायकों को अयोग्य घोषित कर देते हैं, तो परिणामस्वरूप 37 विधायकों में से 16 निकलने के बाद शेष 21 विधायकों पर दलबदल विरोधी कानून के तहत कार्रवाई हो जाएगी, क्योंकि यह संख्या दो तिहाई विधायकों से कम है। अपनी ओर से बागी खेमे ने अपने 16 विधायकों को जारी किए गए नोटिसों को ज्यादा महत्व नहीं (शेष पेज 8)

# मोदी ने इतने वर्षों बिना बोले सहा दर्द: शाह

- सुप्रीम कोर्ट द्वारा गुजरात दंगा मामले के क्लीन चिट पर बोले केंद्रीय गृहमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**



**वर्ष** 2002 के गुजरात दंगा मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित 64 लोगों को विशेष जांच दल (एसआईटी) की क्लीन चिट को बरकरार रखने के एक दिन बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि पीएम मोदी ने इतने वर्षों तक बिना एक शब्द बोले दर्द सहा और जहर निगलने के बाद अपने गले में धारण करने वाले भगवान शिव का अनुसरण किया। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री के खिलाफ आरोप राजनीति से प्रेरित थे और अब सच्चाई सामने आई है जो सोने से ज्यादा चमकदार है।

उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों की तिकड़ी, वैचारिक रूप से संचालित कुछ पत्रकार और एक गैर सरकारी संगठन प्रधानमंत्री के खिलाफ झूठे आरोप लगाने के साथ उनके पीछे पड़ गए थे। जिनका उद्देश्य उनकी छवि खराब करना और मामले को यथासंभव लंबे समय तक जारी रखना था। उनके पास एक ऐसा मजबूत तंत्र था इसलिए हर कोई झूठ को सच मानने लगा था। एएनआई के साथ एक साक्षात्कार में शाह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताते हुए कहा कि आज भाजपा लगे दाग को साफ हो गया। उन्होंने कहा कि अदालत ने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री ने वर्ष 2002 में दंगों को नियंत्रित करने के लिए सर्वोत्तम प्रयास किए। गृह मंत्री ने एक सवाल के जवाब में कहा कि इतनी लंबी लड़ाई के बाद जब सत्य बाहर आता है तो उसकी चमक सोने से भी ज्यादा होता है, यह निर्णय बेहद सुखद है। उन्होंने नागरिक अधिकार कार्यकर्ता और पत्रकार तीस्ता सीतलवाड़ को मोदी के खिलाफ आरोप लगाने वाले व्यक्ति के रूप में नामित किया।

शाह ने कहा कि उनके द्वारा चलाए जा रहे एनजीओ ने पुलिस को दंगों के बारे में आधारहीन जानकारी दी थी। मैंने फैसले को बहुत ध्यान से पढ़ा है। फैसले में स्पष्ट रूप से तीस्ता सीतलवाड़ के नाम का उल्लेख है। उनके द्वारा चलाए जा रहे एनजीओ (मुझे एनजीओ का नाम याद नहीं है) ने पुलिस को दंगों के बारे में आधारहीन जानकारी दी थी। शाह ने कहा कि 19 साल तक कानूनी कार्यवाही के चलते प्रधानमंत्री ने एक भी शब्द नहीं बोलकर एक शानदार उदाहरण पेश किया। उन्होंने कहा कि मोदी ने सम्मानजनक तरीके से खुद को एसआईटी जांच के हवाले कर दिया और मुझे भी गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी द्वारा पूछताछ के लिए पेश होने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी कटाक्ष करते हुए कहा कि वे ईडी के समक्ष पूछताछ करने पर कहते हैं कि मेरे समर्थन में सामने आओ, विधायकों-सांसदों को बुलाओ और धरना करो। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने एसआईटी के सामने पेश होने को लेकर खुद सहयोग किया। किया। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने एसआईटी के सामने पेश होने को लेकर कोई ड्रामा नहीं किया, अगर एसआईटी सीएम से सवाल करना चाहती है, तो वह खुद सहयोग करने के लिए तैयार है। विरोध क्यों करें।

उन्होंने कहा कि मोदी ने सभी राजनीतिक हस्तियों को संविधान का पालन करने का सबसे अच्छा उदाहरण दिया। शाह ने कहा कि मोदी के खिलाफ अभियान चलाया गया और उनके खिलाफ विदेशों में लेख प्रकाशित किए गए। गुजरात दंगों और सेना बुलाने में देरी पर गृह मंत्री ने कहा कि गोधरा ट्रेन जलने के बाद गुजरात दंगे स्वप्रेरित थे। उन्होंने कहा कि सेना को तुरंत बुलाया गया था, लेकिन इसे पहुंचने के लिए एक सेना की आवश्यकता होती है। उन्होंने यह जानना चाहा कि 1984 के सिख दंगों के दौरान कांग्रेस सरकार द्वारा दिल्ली में आसानी से उपलब्ध सेना को पूरे तीन दिनों के लिए क्यों नहीं बुलाया गया था। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में गृह मंत्री ने (शेष पेज 8)

# जी-7 बैठक में मोदी ऊर्जा, यूक्रेन संकट, आतंकवाद पर करेंगे चर्चा

- जर्मनी के चांसलर के आमंत्रण पर बैठक में भाग लेने जा रहे हैं पीएम

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**



**जर्मनी** में जी-7 बैठक में शामिल होने के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व के नेताओं के साथ विभिन मुद्दों पर चर्चा करेंगे, जिसमें आतंकवाद, ऊर्जा, खाद्य सुरक्षा तथा पर्यावरण जैसे मसले शामिल रहेंगे। इसके अलावा यूक्रेन संकट और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण एशिया-प्रशांत में मौजूदा हालात पर भी बातचीत हो सकती है।

शनिवार से शुरू हो रही जर्मनी की यात्रा से पहले प्रधानमंत्री ने कहा कि वे जी-7 ग्रुप के नेताओं और उनके सहयोगियों के साथ ऊर्जा, खाद्य सुरक्षा, आतंकवाद, पर्यावरण और लोकतंत्र जैसे मुद्दों पर चर्चा करेंगे। 26 और 27 जून को दक्षिण जर्मनी के श्केलॉस एलमाउ पहुंचेंगे, जहां वे जी-7 की बैठक में भाग लेंगे। यह दुनिया के सात अमीर देशों का ग्रुप है, जिसमें अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, इटली, जर्मनी, जापान, कनाडा तथा यूरोपीय यूनियन शामिल हैं।

जी-7 के नेता यूक्रेन संकट पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं जिसकी वजह से भूराजनैतिक समस्या के साथ वैश्विक खाद्य और ऊर्जा संकट बढ़ रहा है। जर्मनी के चांसलर ओल्फ स्कोल्ज के आमंत्रण पर मोदी जी-7 में शिरकत करने जा रहे हैं। अध्यक्ष होने के चलते जर्मनी इस बैठक की मेजबानी कर रहा है।

## अग्निपथ परिवर्तनकारी योजना, हम इसकी समीक्षा करते रहेंगे: राजनाथ सिंह

**भाषा। नई दिल्ली**

**रक्षामंत्री** राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि सशस्त्र बलों में भर्ती की अग्निपथ योजना की सरकार सालाना समीक्षा करेगी और कोई खामी या चुनौती आने पर उसका उचित समाधान करेगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि इस योजना को मुख्य हितधारकों से दो साल तक मंथन के बाद अंतिम रूप दिया गया है। उन्होंने इस योजना को परिवर्तनकारी करार दिया। गौरतलब है कि 14 जून को सरकार ने सेना में भर्ती के लिए इस योजना की घोषणा की जिसमें साढ़े 17 से 21 साल के उम्र के युवकों की चार साल के लिए भर्ती की जाएगी। इस योजना के तहत भर्ती 25 प्रतिशत युवकों को सेना में 15 साल और काम करने का मौका मिलेगा। वर्ष 2022 के लिए भर्ती की ऊपरी आयुसीमा को 21 साल से बढ़ाकर 23 साल किया गया है। इस योजना के खिलाफ देश के कई हिस्सों में हिंसक प्रदर्शन हुए थे क्योंकि योजना के तहत भर्ती 75 प्रतिशत युवकों के लिए रोजगार गांरटी नहीं है। राजनाथ सिंह (शेष पेज 8)

# जो बाइडन ने बंदूक हिंसा विधेयक पर हस्ताक्षर किए



**एपी। वाशिंगटन**

**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो. बाइडन ने शनिवार को पिछले कुछ दशकों के सर्वाधिक महत्वपूर्ण माने जा रहे बंदूक हिंसा रोधी विधेयक पर हस्ताक्षर कर दिए। इस विधेयक को डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन दोनों राजनीतिक दलों का समर्थन मिला।

टेक्सास में एक प्राथमिक विद्यालय में एक बंदूकधारी द्वारा 19 छात्रों और दो शिक्षकों की हत्या किए जाने की घटना के बाद देश में हथियार खरीदने संबंधी एक कड़े कानून के लिए सरकार पर दबाव था।

स्कूल की घटना सहित हाल में हुईं गोलीबारी की सिलसिलेवार घटनाओं से पहले इस तरह के किसी विधेयक को अकल्पनीय माना जा रहा था। बाइडन ने विधेयक पर हस्ताक्षर करने के बाद व्हाइट हाउस में कहा, इससे लोगों के जीवन की रक्षा होगी। गोलीबारी की घटनाओं में मारे गए लोगों के परिजनों का संदेश था कि हम कुछ करें। आज हमने यह कर दिया। बृहस्पतिवार (शेष पेज 8)

## तीस्ता सीतलवाड़ को गुजरात पुलिस ने हिरासत में लिया

**भाषा। मुंबई, अहमदाबाद**

**उच्चतम** न्यायालय के 2002 के गुजरात दंगा मामले में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य लोगों को विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा क्लीन चिट दिए जाने को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज किए जाने के एक दिन बाद शनिवार को गुजरात पुलिस ने निर्दोष व्यक्तियों को झूठा फंसाने की साजिश रचने के आरोप में पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आर. बी. श्रीकुमार को गिरफ्तार किया और सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ को हिरासत में ले लिया। अहमदाबाद अपराध शाखा के एक अधिकारी की शिकायत के आधार पर दर्ज प्राथमिकी में पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट का भी नाम है, जो पहले से ही एक अन्य मामले में जेल में है। सीतलवाड़ ने अपनी ओर से मुंबई के सांताक्रूज पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई और दावा किया कि गिरफ्तारी अवैध है और उन्होंने अपनी जान को (शेष पेज 8)

# मुर्मू को समर्थन देने से पहले शाह से मिलेंगे सोरेन

**राष्ट्रपति चुनाव**

**भाषा। रांची**

**राष्ट्रपति** चुनाव में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की उम्मीदवार झारखंड की पूर्व राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू को समर्थन देने के मुद्दे पर राज्य की सत्ताधारी झारखंड मुक्ति मोर्चा भारी पसोपेश में है। राष्ट्रपति पद के लिए 18 जुलाई को होने वाले चुनाव को लेकर उसने शनिवार को तय किया कि इस मुद्दे पर कोई निर्णय लेने से पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन स्वयं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करेंगे। झामुमो ने राष्ट्रपति चुनाव को लेकर शनिवार को महत्वपूर्ण बैठक बुलाई थी, जिसमें पार्टी अध्यक्ष शिबू सोरेन की अध्यक्षता में पार्टी के सभी विधायक और सांसद मौजूद थे।

लेकिन दो घंटे तक चली इस मैराथन बैठक में पार्टी यह तय नहीं कर सकी कि राष्ट्रपति चुनाव में वह द्रौपदी मुर्मू का समर्थन करेगी अथवा संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा का समर्थन करेगी। झामुमो के विधायक नलिन सोरेन ने बताया कि मोरहाबादी स्थित शिबू सोरेन के आवास पर हुई इस बैठक में पार्टी ने तय किया कि केन्द्र सरकार से (शेष पेज 8)

## द्रौपदी का साथ देंगी मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू को समर्थन देने की घोषणा की। मुर्मू का देश की पहली आदिवासी और दूसरी महिला राष्ट्रपति बनना लगभग तय माना जा रहा है। बसपा प्रमुख मायावती ने लखनऊमें कहा, राष्ट्रपति चुनाव के संबंध में बसपा अपना फैसला लेने के लिए आजाद है। पार्टी ने आदिवासी समाज को अपने आंदोलन का खास हिस्सा मानते हुए द्रौपदी मुर्मू का समर्थन करने का निर्णय लिया है। (विस्तृत पेज 7)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 52,727 | |
| निफ्टी | 15,699 | |
| सोना | 50,557 | /10g |
| चांदी | 59,077 | /kg |

## क्विक न्यूज

### आज तीन लोकसभा एवं सात विधानसभा सीटों की मतगणना

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली एवं पांच अन्य राज्यों की तीन लोकसभा और सात विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के वास्ते 23 जून को हुए मतदान के लिए मतों की गिनती का काम रविवार को होगा। इस उपचुनाव में त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा समेत अन्य लोगों का राजनीतिक भविष्य दांव पर है। मतों की गिनती सुबह आठ बजे शुरू होगी। सबसे पहले डाक से प्राप्त मतों की गिनती शुरू होगी और इसके बाद ईवीएम खोला जाएगा। मतगणना के लिए सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद की गई है। त्रिपुरा में सर्वाधिक चार सीटें है जहां उपचुनाव में वोट डाले गए हैं। इन सीटों में अगरतला, जुबराजनगर, सूरमा और टाउन बारदोवाली शामिल है। टाउन बारदोवाली से किस्मत आजमा रहे साहा को मुख्यमंत्री बने रहने के लिए यह चुनाव जीतना जरूरी है।

# ओमेगा-3 फैटी एसिड पर पड़ेगा जलवायु परिवर्तन का असर

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

- मनुष्यों व मछलियों के स्वास्थ्य के लिए है आवश्यक वसा, जिसका होगा कम उत्पादन
- प्लैंटॉनिक लिपिड के संबंध में हुए पहले वैश्विक महासागर सर्वेक्षण में किया गया दावा

**समुद्र** तल में मिलने वाले खाद्य पदार्थ (फूड वेब) के प्लवक (प्लांकटोन) से मिलने वाले ओमेगा-3 फैटी एसिड का उत्पादन जलवायु परिवर्तन से प्रभावित होने की संभावना है। यह दावा एक अध्ययन में किया गया है। ऐसे में मछली और मनुष्यों को कम ओमेगा-3 फैटी एसिड उपलब्ध होगा। ओमेगा-3 फैटी एसिड एक आवश्यक वसा है जिसे मानव शरीर पैदा नहीं कर सकता।

इसे अच्छे वसा के रूप में माना जाता है जो समुद्री भोजन के रूप में मिलता है और अच्छे स्वास्थ्य के लिए सहायक होता है। प्लैंटॉनिक लिपिड के संबंध में हुए पहले वैश्विक महासागर सर्वेक्षण में पाया गया कि तापमान के चलते आवश्यक ओमेगा-3 फैटी एसिड के उत्पादन में कमी होने की संभावना है। जो लिपिड अणुओं का एक महत्वपूर्ण उपसमुच्चय (मॉल्युक्युल्स) है। सर्वेक्षण में दुनिया भर के महासागरों से प्राप्त 930 लिपिड नमूनों का एक समान मानक पर जांच कर विश्लेषण किया गया। वुड्स होल ओशनोग्राफिक इंस्टीट्यूशन (डब्ल्यूएचओआई) के लेखकों के नेतृत्व में एक नए पेपर के अनुसार महासागर प्लैंकटोनिक लिपिडोम की अज्ञात विशेषताओं को प्रकट करते हैं, जिसमें सैकड़ों से हजारों लिपिड प्रजातियों की संपूर्णता है।

सर्वेक्षणकर्ता ने कहा कि हमने दस आणविक रूप से विविध ग्लिसरॉलिपिड वर्गों पर ध्यान केंद्रित करते हुए 1,151 विशिष्ट लिपिड प्रजातियों की पहचान की, जिसमें पाया गया कि फैटी एसिड असंतृप्ति (यानी, कार्बन से कार्बन डबल बॉन्ड की संख्या) मूल रूप से तापमान के कारण बाधित है। हम आवश्यक फैटी एसिड ईकोसापेंटेनोइक एसिड (ईपीए) में महत्वपूर्ण कमी की भविष्यवाणी करते हैं। अगली शताब्दी में जिसमें आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण मत्स्य पालन पर गंभीर हानिकारक प्रभाव पड़ने की संभावना है।

शोध पत्र पेपर में कहा गया कि ग्लोबल ओशन लिपिडोम विज्ञान में प्रकाशित सर्वेक्षण में तापमान और लिपिड असंतृप्ति के बीच एक सार्वभौमिक संबंध दिखाते हैं। ईपीए सबसे पौष्टिक ओमेगा -3 फैटी एसिड में से एक है, इसे कई स्वास्थ्य लाभों से जोड़ा गया है और यह व्यापक रूप से आहार पूरक के रूप में उपलब्ध है। डब्ल्यूएचओआई के समुद्री रसायन और भू-रसायन विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक, जर्नल लेख के सह-लेखक बेंजामिन वान मूय कहते हैं कि समुद्र में लिपिड आपके जीवन को प्रभावित करते हैं। हमने पाया कि समुद्र के गर्म होने पर (शेष पेज 8)

# पश्चिमी हिमालई क्षेत्र में मिला दुर्लभ मांसाहारी पौधा

- उत्तराखंड वन विभाग के शोध दल ने चमोली जिले में स्थित सुरम्य मंडल घाटी में लगाया पता

**भाषा। देहरादून**



**यह पौधा प्रोटोजोआ से लेकर कीड़े, मच्छर के लार्वा और यहां तक कि मेंढक के बच्चों को पकड़ने के लिए एक बहुत ही परिष्कृत और विकसित संरचना का उपयोग करता है।**
**-संजीव चतुर्वेदी, मुख्य वन संरक्षक (अनुसंधान)**

**पश्चिमी** हिमालई क्षेत्र में पहली बार यूट्रिकुलेरिया फुरसेलटा नामक एक अत्यंत दुर्लभ मांसाहारी पौधे की प्रजाति पाई गई है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। मुख्य वन संरक्षक (अनुसंधान) संजीव चतुर्वेदी ने कहा कि दुर्लभ प्रजातियों का पता उत्तराखंड वन विभाग के एक शोध दल ने चमोली जिले में स्थित सुरम्य मंडल घाटी में लगाया।

उन्होंने कहा, यह न केवल उत्तराखंड में, बल्कि पूरे पश्चिमी हिमालई क्षेत्र में पहली बार देखा गया है। चतुर्वेदी ने कहा कि रेंज ऑफिसर हरीश नेगी और जूनियर रिसर्च फेलो मनोज सिंह की उत्तराखंड वन विभाग की टीम द्वारा की गई इस खोज को प्रतिष्ठित जर्नल ऑफ जापानीज बॉटनी में प्रकाशित किया गया है, जो प्लांट टैक्सोनॉमी और वनस्पति विज्ञान पर 106 साल पुरानी पत्रिका है, जो इस क्षेत्र की उत्कृष्ट पत्रिका है। उन्होंने कहा कि यह उत्तराखंड वन विभाग के लिए गौरव का क्षण है, क्योंकि यह उसकी पहली खोज है, जो प्रतिष्ठित पत्रिका में प्रकाशित हुई है। यह खोज उत्तराखंड में कीटभक्षी पौधों के एक परियोजना अध्ययन का हिस्सा थी। चतुर्वेदी ने (शेष पेज 8)

## उप्र के मैनपुरी में मिले 4000 हजार वर्ष पुराने हथियार, मिट्टी के बर्तन

**आगरा (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले में 1600-2000 ईसा पूर्व के तांबे के हथियार और मिट्टी के बर्तनों के टुकड़े पाए गए हैं। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एएसआई के आगरा परिमंडल के अधीक्षण पुरातत्वविद राजकुमार पटेल ने बताया कि कुरावली तहसील के गणेशपुरा गांव में मिली वस्तुएं ताम्रपाषाण काल या ताम्र युग की हैं। उन्होंने बताया कि एक किसान को 10 जून को गेरूए रंग के मिट्टी के बर्तन, मानव सदृश्य आकृतियां और तांबे (शेष पेज 8)

# ग्रेनो में बिजली दरों पर घमासान, ज्यादा हो रही वसूली!

## उत्तर प्रदेश उपभोक्ता परिषद ने यूपी सरकार व उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक बोर्ड से सीबीआई जांच कराने की मांग की

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

बिजली दर के प्रस्ताव पर सुनवाई को दौरान उस समय घमासान मच गया वो दावा किया गया कि पिछले साल औसत से ज्यादा की बिल थमाये गए है। अगर शिकायत सच पाई गई तो ग्रेना ग्रेटर नोएडा वासियों को एक साल बेहत सस्ती बिजली मिल सकती है। इसके अलावा नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड के खिलाफ सीबीआई जांच भी हो सकती है। इसकी मांग उत्तर प्रदेश उपभोक्ता परिषद ने की है।


फाइल फोटो

एनपीसीएल के लिए बिजली दर के प्रस्ताव को लेकर सुनवाई के दौरान मुद्दा उठा कि एनपीसीएल द्वारा उपभोक्ताओं से 2.05 रुपए ज्यादा पैसा वसूला जा रहा है। इस मामले को लेकर उत्तर प्रदेश उपभोक्ता परिषद ने उत्तर प्रदेश सरकार और उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग से सीबीआई जांच कराने की मांग की है। दरअसल, वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए हाईलेवल ऑनलाइन बैठक हुई है। इस बैठक के दौरान जन सुनवाई की गई। यह जनसुनवाई एनपीसीएल और ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन के टैरिफ को लेकर हुई है। सुनवाई के दौरान उत्तर प्रदेश विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष और राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने मुद्दा उठाया कि एनपीसीएल द्वारा एवरेज बिलिंग से ज्यादा पैसा वसूला गया है। जबकि, औसत विद्युत लागत बेहद कम है। उन्होंने मुद्दा उठाया कि औसत विद्युत लागत कम होने के बावजूद भी बिजली की दर कम क्यों नहीं की गई है, उन्होंने एनपीसीएल से सवाल पूछते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष 2020.21 में एबीआर 8.34 रुपए और लागत 7.39 रुपए थी। इस तरीके से कंपनी ने लागत से 2.05 रुपए यूनिट तक ज्यादा पैसा कमाया है। उन्होंने इस पूरे मामले को लेकर सीबीआई जांच की मांग की है। इसके अलावा उन्होंने दावा किया कि एनपीसीएल ने इस तरीके से ग्रेटर नोएडा के उपभोक्ताओं से अरबों रुपए कमाए हैं।

अवधेश वर्मा ने एनपीसीएल कंपनी की बैलेंस शीट का हवाला देते हुए कंपनी के प्रबंध निदेशक द्वारा प्रति वर्ष 6.50 करोड़ रुपए का भारी वेतन लेने का भी मुद्दा उठाया है। इसके अलावा एनपीसीएल के जितने भी अधिकारियों के पास महंगी गाड़ी है। इसके बारे में भी काफी सवाल पूछे गए हैं। अवधेश वर्मा का दावा है कि कंपनी ने उपभोक्ताओं से ज्यादा पैसा लेकर अपने शौक पूरे किए हैं।

### ग्रेटर नोएडा वासियों को एक वर्ष तक मुफ्त बिजली देने की मांग

उत्तर प्रदेश विद्युत परिषद के अध्यक्ष ने ग्रेटर नोएडा वासियों के लिए बड़ी मांग की है। अध्यक्ष ने कहा है कि कंपनी ने अभी तक 1176 करोड़ रुपए जरूरत से ज्यादा कमाए हैं। इसको देखते हुए ग्रेटर नोएडा के उपभोक्ताओं को एक वर्ष तक मुफ्त बिजली मिलनी चाहिए। आपको बता दें कि एनपीसीएल को ग्रेटर नोएडा में बिजली सप्लाई करने के लिए 30 साल के लिए लाइसेंस दिया गया था। जिसकी अवधि अगले साल 30 अगस्त को समाप्त हो रही है।

# गाजियाबाद में हथियार फैक्ट्री पकड़ी, तीन तस्कर गिरफ्तार

- 29 तमंचों बरामद, बदमाश को वेस्ट यूपी में करते थे सप्लाई



**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद की निवाड़ी थाना पुलिस ने शनिवार को अवैध हथियार बनाने और बेचने की फैक्ट्री पकड़ी है। तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनसे 29 अवैध हथियार तमंचे और अन्य उपकरण मिले हैं।

एसपी देहात ईरज राजा के अनुसार, यह फैक्ट्री गांव पतला से खिंदोड़ा जाने वाले रास्ते पर एक मंदिर के पुराने कमरे में चल रही थी। आरोपियों की पहचान अनस उर्फराजा निवासी अर्थला गाजियाबाद, अरसलान निवासी महलका मेरठ और लवी निवासी नंदलोई अलीगढ़ के रूप में हुई है। इस गिरोह का मास्टरमाइंड लवी है। यह पहले भी अलीगढ़ के थाना लोधा से जेल जा चुका है। पुलिस ने बताया कि मौके से 315 बोर के 9 तमंचे, 20 तमंचे अधबने और तमंचे बनाने के उपकरण मिले हैं। आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि वह पूर्व में मेरठ के हथियार सप्लायरों से हथियारों की सप्लाई लेते थे। बाद में इन्होंने गाजियाबाद के जंगल मेंफैक्ट्री खोल ली और हथियार असेंबल करके सप्लाई शुरू कर दी। नेटवर्क मेरठ में राधना गांव से जुड़ा हुआ है। कहा जाता है कि राधना गांव के कुछ लोग दशकों पहले बिहार के मुंगेर से हथियार बनाना सीख आए थे, इसके बाद उन्होंने मेरठ और वेस्ट यूपी में यह धंधा शुरू कर दिया।

# स्कूटी से जला बच्चे का पैर, गुस्साए मां-बाप ने महिला को घसीटकर बेरहमी से पीटा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

- पीड़िता को सड़क पर घसीटते रहे आरोपी

सैलून संचालिका की स्कूटी से बच्चे का पैर जलने पर उसके मां-बाप तैश में आ गए और संचालिका की बेरहमी से पिटाई कर दी। पीड़िता छोड़ने की गुहार लगाती रही, लेकिन आरोपी दंपती उसे सड़क पर घसीटते रहे।

पीड़िता का भाई उसे बचाने आया तो आरोपी दंपती ने उसके साथ भी मारपीट की। हमले से बेहोश सैलून संचालिका को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि उसकी पत्नी की तलाश की जा रही है।

लालकुआं निवासी मीरा यादव का ग्रेटर नोएडा में सैलून है। उन्होंने बताया कि वह सैलून का सामान किराना मंडी के डिस्ट्रीब्यूटर मनीष से लेती हैं। वह भाई अर्पण के साथ स्कूटी पर डिस्ट्रीब्यूटर से सामान लेने आई थीं। उन्होंने स्कूटी दुकान के पास खड़ी कर दी थी। इसी दौरान किराना मंडी में किराए पर रहने वाले बंटी के बच्चे का स्कूटी के साइलेंसर से पैर जल गया। वह स्कूटी पर चढ़ रहा था। मीरा यादव का कहना है कि इस बात से गुस्साए बंटी और उनकी पत्नी ने उनके साथ बेरहमी से मारपीट की और जमीन पर घसीटा। भाई अर्पण ने उन्हें बचाने का प्रयास किया तो उसके साथ भी मारपीट की गई।

इस दौरान लोग तमाशबीन बने रहे। मीरा यादव का कहना है कि वह दंपती से हाथ जोड़कर माफी मांगती रही और छोड़ देने की बात करती रही, लेकिन वह उसे पीटते रहे और जान से मारने की धमकी देते रहे। मारपीट से वह बेहोश हो गई। घटना का वीडियो वायरल होने पर पुलिस हरकत में आई और पीड़िता की शिकायत पर आरोपी दंपती पर केस दर्ज कर लिया।

### केवाईसी अपडेट लिंक पर क्लिक करते ही उड़े पैसे

**नोएडा।** ऑनलाइन केवाईसी अपडेट करने के लिए मोबाइल फोन पर भेजे गए लिंक पर क्लिक करते ही एक व्यक्ति के खाते से 49824 रुपए ट्रांसफर हो गए। पीड़ित ने थाना सेक्टर 39 में अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि आर्य मुनि के पास एक व्यक्ति का फोन आया कि खाते में केवाईसी अपडेट नहीं है।

साइबर ठग ने उन्हें बताया कि वह घर बैठे ऑनलाइन केवाईसी अपडेट करा सकते हैं। इसके लिए साइबर ठग ने उन्हें एनीडेस्क एप का लिंक भेजा। जैसे ही इस लिंक पर क्लिक किया तो उनके खाते से 49824 ट्रांसफर हो गए।

# गाजियाबाद और नोएडा में एक बार फिर बढ़ रहा है कोरोना

- पिछले 24 घंटे में दोनों शहर में 208 नए मामले सामने आए

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा-गाजियाबद एक बार फिर कोरोना का डर सताने लगा है। जैसे-जैसे दिल्ली में मामलों को ग्राफ बढ़ रहा है वैसे-वैसे एनसीआर में भी कोरोना के केसों में इजाफा हो रहा है।

नोएडा में 24 घंटे में कोरोना के 134 नए मरीज सामने आए हैं। सक्रिय मरीजों की संख्या 747 हो गई है। इनमें से 98 प्रतिशत से अधिक मरीजों में कोरोना के लक्षण या तो बहुत हल्के हैं या फिर दिख ही नहीं रहे हैं। ऐसे में 730 संक्रमित लोगों को होम आईसोलेशन में रखा गया है। इनमें कम सीटी वैल्यू वालों की जिनोम सिक्वेंसिंग की जाएगी। कोविड अस्पताल के क्रिटिकल केयर इंचार्ज डॉ टीके सक्सेना ने बताया कि अस्पताल में चार संक्रमित भर्ती हैं। सभी ऑब्जर्वेशन में हैं, अभी तक किसी भी मरीज को वेंटिलेटर और ऑक्सीजन सपोर्ट की जरूरत नहीं पड़ी है।संक्रमण के असर को जानने के लिए सभी मरीजों का हाई रेजोल्यूशन कॉम्प्यूटेड टोमोग्राफी एचआरसीटी और चेस्ट एक्स.रे भी कराया गया था। कुछ मरीज जेपी, मेट्रो, फोर्टिस और कैलाश में भी भर्ती हैं। सभी की हालत स्थिर बताई गई है। सभी में हल्के लक्षण हैं।

वहीं गाजियाबाद में पिछले 24 घंटे के भीतर 74 नए केस मिले हैं। गाजियाबाद में बीते 24 घंटे के भीतर 4626 एंटीजन जांच हुई। इसमें 74 लोग कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। इनमें पांच बच्चे भी शामिल हैं। 4 मरीज विभिन्न अस्पतालों में भर्ती हैं और बाकी होम आइसोलेटेड हैं। गाजियाबाद में अब कोरोना के एक्टिव केस 393 हो गए हैं, जबकि इस महीने में कुल केस 868 मिल चुके हैं। बीते महीने यानि मई में कोरोना के 938 केस आए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### थाने में तख्ती लेकर पहुंचे दो गैंगस्टर




**गाजियाबाद।** एसपी ग्रामीण डॉ ईरज द्वारा बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए लगातार की जा रही कार्रवाई के चलते अब बदमाशों में भी पुलिस का खौफ साफ दिखने लगा है। जिससे अब बदमाश पुलिस की गोली से बचने के लिए खुद ही थाने में जाकर सरेंडर करने को मजबूर दिखाई दे रहा है। ऐसा ही एक नजारा आज लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र में देखने को मिला है। जहां गैंगस्टर में फरार बदमाशों में पुलिस का खौफऐसा दिखाई दे रहा था कि वह हाथों में तख्ती लिए हुए थे। जिसमें लिखा था कि मैं लोनी बॉर्डर थाना में आत्मसमर्पण करने आया हूं, आज के बाद अपने जीवन में कोई भी अपराध नहीं करूंगा। दोनों ने ही थाना अध्यक्ष लोनी बॉर्डर के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

### अलग-अलग स्थानों से तीन बच्चे लापता

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर जिले में विभिन्न जगहों पर रहने वाले तीन बच्चे लापता हो गए हैं। इस बाबत उनके परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के मीडिया प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि सलारपुर कॉलोनी में रहने वाले विजय ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके दोनों बेटे ऋषभ (8) और हरिशंकर (12 वर्ष) शुक्रवार से लापता हैं। कुमार ने बताया कि विजय की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और बच्चों की तलाश के लिए दो टीमें बनाई गई हैं। बच्चों को जल्द बरामद कर लिया जाएगा। कुमार के मुताबिक, सेक्टर 39 थाना क्षेत्र के सलारपुर गांव से 14 वर्षीय किशोर निशांत दो दिन से लापता है और उसकी मां ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। मीडिया प्रभारी ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### गोल्फ एवेन्यू सोसाइटी में लाखों की चोरी



**नोएडा।** गोल्फ एवेन्यू हाउसिंग सोसाइटी में अज्ञात चोरों ने लाखों रुपए की चोरी कर ली है। पीडि़ति परिवार ने बिल्डर और मेंटेनेंस डिपार्टमेंट के ऊपर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। सोसाइटी में सीसीटीवी कैमरे खराब है, जिसकी वजह से चोरों के बारे में पता नहीं चल पाया है। परिवार के मुखिया ने बताया कि वह बीते दिनों किसी कार्य से परिवार समेत कहीं गए हुए थे। उसी दौरान अज्ञात चोरों ने उनके घर पर धावा बोल दिया। चोरों ने उनके घर में घुसकर लाखों रुपए की ज्वेलरी और भारी मात्रा में कैश चोरी कर लिया है।

### स्वस्थ रहेंगे तभी अपने खुश रहेंगे: डॉ. पीएन अरोड़ा



**गाजियाबाद।** अगर जीवन मे खुशियां चाहिए तो स्वस्थ रहना बेहद जरूरी है। अपने तभी खुश रहेंगे जब आप स्वस्थ होंगे। यशोदा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में शनिवार को अस्पताल में सेमिनार का आयोजन किया। अस्पताल के एमडी डॉ. पीएन अरोड़ा और डायरेक्टर उपासना अरोड़ा की वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर मरीजों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर गाजियाबाद के जिलाधिकारी राकेश सिंह विशेष रूप से मौजूद थे। और उन्होंने डॉ पी एन अरोड़ा एवं डॉ उपासना अरोड़ा को फूलों का गुलदस्ता देकर उनको विवाह की वर्षगांठ की बधाई दी। डॉक्टर पी एन अरोड़ा ने इस अवसर पर कहा कि ईश्वर ने हम दोनों की जोड़ी लोगों की स्वास्थ्य सेवा के लिए बनाई है, डॉ पी एन अरोड़ा ने अपने विवाह के दिन को याद करते हुए कहा की हम दोनों ने एक दूसरे से वादा किया कि आज से हमारा पहला प्यार लोगों की एवं समाज की सेवा होगा।

# कटहल खराब निकलने पर सब्जी वाले की हत्या

- ठेले पर रखे एलईडी लाइट से किया सिर पर वार, मौके से फरार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद




मामला मधुबन थानाक्षेत्र के मरोटा गांव का है। एक व्यक्ति ने सब्जी बेचने वाले व्यक्ति को मौत के घाट उतार दिया है। आरोपी ने ठेले पर लगी एलईडी लाइट के स्टैंड से व्यक्ति के सिर पर तब तक वार किया, जब तक सब्जी वाला बेहोश ना हो गया।

मृतक के बेटे ने इसकी शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर फरारा आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। अनिल कुमार 38 हरदोई का निवासी था, जो करीब 20 वर्ष से मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र के गांव मरोटा में रहता था। वह सब्जी का ठेला लगाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता था।

अनिल के ठेले पर गांव का ही एक व्यक्ति संदीप त्यागी सब्जी खरीदने के लिए आया। संदीप त्यागी उससे कटहल लेकर गया था। मिली जानकारी के मुताबिक संदीप त्यागी ने सब्जी वाले अनिल कुमार से जो कटहल खरीदा था, वो खराब निकल गया। जिाके बाद वो वापस ठेले पर गया और खराब सब्जी देने का आरोप लगाया। जिसके बाद अनिल कुमार उसको पैसे वापस देने के लिए तैयार हो गया, लेकिन फिर भी संदीप के गुस्से में कोई कमी नहीं थी। जिससे संदीप त्यागी ने सब्जी बचने वाले व्यक्ति अनिल कुमार के ठेले पर लगी एलईडी लाइट के स्टैंड से अनिल कुमार के सिर पर कई बार वार किया।

अनिल कुमार के परिजनों का आरोप है कि संदीप ने सब्जी वाले के सिर पर तब तक वार किया, जब तक वह बेहोश होकर जमीन पर नहीं गिरा। जब अनिल कुमार जमीन पर गिर गया तो आरोपी संदीप त्यागी मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद परिवारवालों ने घायल को नोएडा के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर इलाज के दौरान व्यक्ति की मौत हो गई है।

# 15 बिल्डर और 13 संस्थागत आवंटियों को नोटिस जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने 7000 किसानों को 64.7 प्रतिशत की दर से मुआवजा देना है प्राधिकरण बकायेदार आवंटियों को नोटिस भेज रहा है।

सीईओ अरुणवीर सिंह ने कहा कि जिन बिल्डरों और संस्थागत आंवटियों पर करीब 3000 करोड़ रुपए बकाया है। उनको नोटिस जारी किया गया है। ऐसे करीब 15 बिल्डर है। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार 3 महीनों में किसानों को अतिरिक्त मुआवजा दिया जाना है। जो बकायेदार पैसा जमा नहीं करेगा, उसके जमीन का आवंटन निरस्त कर दिया जाएगा। एक याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने यमुना एक्सप्रेस.वे प्राधिकरण के किसानों को अतिरिक्त मुआवजा देने का आदेश दिया है।

सबसे ज्यादा पैसा बिल्डरों से वसूला जाएगा। 15 बिल्डरों से 1600 करोड़ रुपए और संस्थागत के 13 बड़े आवंटियों से 600 करोड़ रुपए अधिक वसूला जाएगा। इनमे शकुंतला वेलफेयर सोसाइटी और जीएल बजाज जैसे आवंटी शामिल हैं।

# दुकानों का किराया बढ़ाने के विरोध में व्यापारियों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

बढ़े किराए और दुकानों के नामांत्रण शुल्क के विरोध में महानगर उद्योग व्यापार मंड़ल ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया। आंदोलन की अगुवाई महानगर अध्यक्ष गोपीचंद ने की।

निगम द्वारा दुकानों का किराया आवंटन होने से अब हर वर्ष 10 प्रतिशत बढ़ाने और नामांत्रण शुल्क बढ़ाकर तीन लाख रुपये करने का व्यापारी विरोध कर रहे है। कल मंडल की और से घंटाघर के पास धरना दिया गया था। सिटी मजिस्ट्रेट ने जिले में धारा 144 लगी होने का हवाला देकर उसे समाप्त करा दिया था। इसके बाद व्यापारियों ने डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। बाद में उन्होंने डीएम को संबोधित एक ज्ञापन दिया। निगम बोर्ड की बैठक में सभी 1702 दुकानों का किराया प्रति वर्ष दस प्रतिशत की दर से बढ़ाने और नामांत्रण शुल्क बढ़ाकर तीन लाख करने का विरोध किया गया। मंडल का कहना है कि दोनों ही फैसले न्यायोचित नहीं है। निगम ने पहले नामांत्रण शुल्क 100 तय किया था। अब उसे बढ़ाकर तीन लाख कर व्यापारियों के संग भेदभाव किया।

# नोएडा चौराहों पर शराब पीने पर 796 लोगों का चालान

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में खुलेआम सड़कों, चौराहों और बीच बाजार शराब पीने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की।

शुक्रवार रात स्पेशल ऑपरेशन के तहत पुलिस ने 796 लोगों पकड़कर शांतिभंग में चालान कर दिया। इन सभी के नाम, पता, मोबाइल नंबर और फोटो पुलिस ने अपने रिकॉर्ड में दर्ज किए हैं। दोबारा सार्वजनिक जगहों पर शराब पीने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाले लोगों के खिलाफ विशेष अभियान चला रखा है। शाम होते ही पुलिस सड़कों, चौराहों और बाजारों में सक्रिय हो जाती है। रेहड़ी, पटरी, खोखों के आसपास पार्क में और सड़क किनारे कारों में बैठकर सार्वजनिक रूप से शराब पीने वाले लोगों की धरपकड़ की जा रही है। पिछले एक महीने के दौरान ऐसे करीब 3000 लोगों को गौतमबुद्धनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन सभी के खिलाफ आईपीसी की धारा 290 के तहत कार्रवाई की गई है।


वाहनों की सघन चैकिंग अभियान चलाता पुलिसकर्मी।

# तुस्याना घोटाला: यूपी शासन ने अफसरों से मांगी रिपोर्ट

- जल्द ग्रेटर नोएडा आ सकती है हाईपावर कमेटी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा




ग्रेटर नोएडा के तुस्याना गांव में करीब 100 करोड़ का घोटाला हुआ है। यूपी शासन के आदेश पर इस मामले की जांच के लिए उच्च स्तरीय कमेटी का गठन हुआ है, जो जांच कर रही है।

इस मामले में सूचना मिल रही है कि आगामी 48 घंटे के भीतर जिले में एक बार फिर एसआईटी टीम आ सकती हैं। राजस्व परिषद के अध्यक्ष संजीव मित्तल की अध्यक्षता में गठित तीन सदस्यीय कमेटी इस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है। कमेटी में एडीजी जोन मेरठ और कमिश्नर मेरठ भी शामिल हैं। दरअसल, ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण क्षेत्र के तुस्याना गांव में वर्ष 2014 से लेकर 2017 तक भूमाफि याओं के गठजोड़ ने सरकारी जमीन हड़प ली। करीब 100 एकड़ जमीन कुछ स्थानीय लोगों की मिलीभगत से अपने नाम कर ली गई। इसमें राजस्व विभाग के कर्मचारी शामिल रहे। ग्राम पंचायत से ताल्लुक रखने वाले पदाधिकारी भी इस घोटाले में शामिल बताए जा रहे हैं। इसके बाद जमीन ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण को बेच दी गई। प्राधिकरण से करीब 100 करोड़ रुपए मुआवजा ले लिया गया। कुछ ग्रामीणों ने वर्ष 2018 के आखिर में तत्कालीन जिलाधिकारी बीएन सिंह से इस मामले की शिकायत की। बताया कि भूमाफि या ने सरकारी जमीन का मुआवजा अथॉरिटी से उठाया है। जिलाधिकारी ने मामले में जांच का आदेश दिया। जांच रिपोर्ट में ग्रामीणों की शिकायतों को सही पाया गया है। वर्ष 2019 में तत्कालीन जिलाधिकारी ने रिपोर्ट शासन को कार्यवाही के लिए भेजी थी। जिसके बाद इस मामले में शासन ने एक हाईपावर कमेटी का गठन किया है।

राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव सुधीर गर्ग ने बताया कि गौतमबुद्ध नगर जिले की दादरी तहसील के गांव तुस्याना में खाता संख्या 1104, 480, 1106 और 1105 में सरकारी भूमि निहित थी। इस सरकारी भूमि को भूमाफियाओं ने हड़प लिया और ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण से 100 करोड़ रुपए का मुआवजा उठाया गया है। इस मामले में राजस्व परिषद के अध्यक्ष संजीव कुमार मित्तल की अध्यक्षता में एक हाईपावर जांच समिति गठित की गई है।

# सेक्टर 18 व 20 के पॉकेट मयूरी-नंदिनी के नाम से जाने जाएंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

यमुना प्राधिकरण ने अपने आवासीय सेक्टरों के पॉकेटों के नाम तय कर दिए हैं। आवासीय सेक्टर-18 व 20 के पॉकेट आराध्या, गोवर्धनी, मयूरी खंड, नंदिनी, मंगला, धारा आदि खंड के नाम से जाने जाएंगे। सेक्टर.18 में 26 और सेक्टर-20 में 19 पॉकेट हैं। सेक्टरों में बसावट के साथ ही ये नाम भी चलन में आ जाएंगे।

यीडा ने अपने शहर का नामकरण पहले ही कर चुका है। यह शहर यीडा सिटी के नाम से जाना जाएगा। प्राधिकरण ने सेक्टरों के पॉकेटों का भी नामकरण कर दिया है। गौतमबुद्ध नगर में इसकी शुरुआत ग्रेनो प्राधिकरण ने की थी। ग्रेनो के सेक्टरों में पॉकेट के नाम पेड़.पौधों के नाम से जाने जाते हैं। अब यीडा अपने आवासीय सेक्टर-18 और सेक्टर-20 के पॉकेट नदी के पर्यायवाची व अन्य नाम दिए हैं। इन नामों में आध्यत्मिक एहसास भी होता है। पॉकेट-1, को कालिंदी खंड, 1बी को यमुना खंड, 6 डी को मयूरी खंड, 7 ए को नन्दनी खंड, 7 बी को रागिनी खंड, व पॉकेट जे को मनोहरा खंड का नाम दिया गया है। आवासीय सेक्टर-20 पॉकेट ए को सारंगी खंड, पॉकेट बी को जीवा खंड, सी को मंगला खंड, पी को प्रवाहिनी खंड, क्यू को तन्वी खंड, आर को रुक्मिणी खंड, एस भव्या खंड, टी प्रतिमा खंड और पॉकेट यू को विशाखा खंड का नाम दिया गया है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# कोरोना संक्रमण बढ़ा तो कंटोनमेंट जोन में हुआ 70 फीसदी का इजाफा

- 17 जून को 190 थे निषिध क्षेत्र, 24 तारीख को बढ़कर हुए 322 तक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




राजधानी में कोविड-19 मामलों में वृद्धि के साथ ही निषिद्ध क्षेत्रों की संख्या में लगभग 70 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। 17 जून को इनकी संख्या 190 जो 24 जून को बढ़कर 322 हो गई। आधिकारिक आंकड़ों में यह बात सामने आई है।

अधिकारियों ने कहा कि अधिकतर मामले परिवारों या फिर आसपास के क्लस्टरों से सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि संक्रमण को फैलने से रोकने के उद्देश्य सूक्ष्म निषिद्ध क्षेत्र बनाए जा रहे हैं, जिनमें एक या दो घर तक शामिल हैं। अधिकारियों ने कहा कि आमतौर पर उस क्षेत्र को निषिद्ध क्षेत्र के रूप में चिन्हित किया जाता है, जहां कोविड-19 के तीन या उससे अधिक मामले सामने आए हों। लेकिन यह जिलाधिकारियों की ओर से जरूरत आधार पर की जाने वाली गतिशील कवायद है। दिल्ली महामारी रोग कोविड-19 विनियमन, 2020, जिलाधिकारियों को एक भौगोलिक क्षेत्र को सील करने, उसमें लोगों के प्रवेश व निकासी पर पाबंदी लगाने और रोग के प्रसार को रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्देशों के कार्यान्वयन के लिए अधिकृत करता है। दिल्ली में 14 जून से मामलों में वृद्धि देखी जा रही है और रोजाना लगभग एक हजार मामले सामने आ रहे हैं। राष्ट्रीय राजधानी में 14 जून को संक्रमण के 1,118 मामले सामने आए थे और दो रोगियों की मौत हुई थी। संक्रमण दर 6.50 फीसदी ही थी। तब से दिल्ली में बीते बुधवार को छोड़कर हर दिन एक हजार से अधिक मामले सामने आ रहे हैं। बुधवार को 928 मामले सामने आए थे। दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार शहर में शुक्रवार को संक्रमण के 1,447 मामले सामने आए थे और एक रोगी की मौत हुई थी। संक्रमण दर 5.98 फीसदी रही थी। अधिकारियों के अनुसार, कोरोना वायरस के मामलों में वृद्धि कोविड-उपयुक्त व्यवहार का पालन करने को लेकर लोगों के ढुलमुल रवैए के कारण हुई है।

# राजेंद्र नगर विधानसभा उपचुनाव के मतगणना आज

- नियंत्रण कक्ष के चारों ओर रहेगा त्रिस्तरीय सुरक्षा कवच

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली के राजेंद्र नगर विधानसभा क्षेत्र में हुए उपचुनाव के लिए मतों की गिनती रविवार को होगी और इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। नियंत्रण कक्ष के चारों ओर त्रिस्तरीय सुरक्षा कवच तैनात की गई है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी रणबीर सिंह ने बताया कि मतगणना रविवार को सुबह आठ बजे से शुरू होगी। सिंह ने कहा कि हमने मतगणना के लिए सभी इंतजाम पूरे कर लिए हैं। नियंत्रण कक्ष को तीन स्तरीय सुरक्षा कवच के साथ बनाया गया है। आईटीआई पूसा में मतगणना केंद्र स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले डाक से प्राप्त मतपत्रों की गिनती की जाएगी और कल सुबह आठ बजे तक प्राप्त होने वाले मतपत्रों की गिनती होगी। उसके बाद ईवीएम के मतों की गिनती की जाएगी। उन्होंने कहा कि वीवीपैट पर्चियों की गिनती के लिए अलग से विशेष पेटी बनाई गई है। उन्होंने कहा कि उपचुनाव में 43.75 फीसदी मतदान हुआ। 2020 में कोविड-19 महामारी के प्रसार के बाद राजधानी में यह पहली बार मतदान हुआ है।

अधिकारियों के मुताबिक 23 जून को हुए उपचुनाव में 43.67 फीसदी पुरुष और 43.86 फीसदी महिला मतदाताओं ने मतदान किया जबकि 50 फीसदी तीसरे लिंग के मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। अधिकारियों ने बताया कि 24 कोविड संक्रमित मतदाता उपचुनाव में अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने आए थे। इस क्षेत्र में कुल 1,64,698 मतदाता हैं जिनमें से 92,221 पुरुष, 72,473 महिलाएं और चार तीसरे लिंग के मतदाता शामिल थे।

उल्लेखनीय है कि उपचुनाव में कुल 14 उम्मीदवार मैदान में हैं। हालांकि, मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी और विपक्षी भारतीय जनता पार्टी के बीच है। हाल ही में राज्यसभा के लिए चुने जाने के बाद आप नेता राघव चड्ढा के इस्तीफे से यह सीट खाली हुई थी।

## अश्लील वीडियो साझा करने पर छठी के छात्र के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**नई दिल्ली।** गृह कार्य और अन्य गतिविधियों को साझा करने के लिए बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप पर कथित तौर पर अश्लील वीडियो साझा करने के आरोप में छठी कक्षा के एक छात्र के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

एक सरकारी स्कूल के छात्र के खिलाफ लैंगिक अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। स्कूल प्रशासन ने पुलिस को इस कृत्य के बारे में सूचित किया जिसके बाद आठ जून को प्राथमिकी दर्ज की गई। लड़के ने अपनी कक्षा के व्हाट्सएप ग्रुप पर अश्लील वीडियो क्लिप शेयर की। शिक्षक और छात्र दोनों उस समूह का हिस्सा हैं। गृह कार्य से संबंधित जानकारी साझा की जाती है।

# सभी सेवाओं को आईटी से जोड़े निगम : एलजी

- अधिकारियों को राजस्व वृद्धि के लिए हर संभव प्रयास करने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



नगर निगम अपनी सभी सेवाएं और नियामक प्रक्रियाओं को 31 जुलाई, 2022 तक आईटी-सक्षम बनाने के संबंध में उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने निर्देश दिए हैं।

बैठक में एमसीडी द्वारा किए जा रहे आईटी कार्यों में पहल की समीक्षा करते हुए उपराज्यपाल ने जोर देते हुए कहा कि सभी नागरिक केंद्रित सेवाओं को 31 जुलाई तक पूरी तरह से आईटी सक्षम बनाया जाए। नागरिक सेवाएं आदि, जिनको अलग-अलग कम्प्यूटरीकृत करने की योजना है, उनको एक ही मंच पर लोगों के लिए उपलब्ध कराए जाने पर जोर दिया गया।

उपराज्यपाल ने कहा कि हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि हम सेवाओं को ऐसे उपलब्ध कराएं कि मानव हस्तक्षेप कम से कम हो ताकि प्रभावी रूप से और समय पर सेवाएं प्राप्त की जा सके और साथ ही लालफीताशाही में कटौती को सुनिश्चित किया जा सके। जन्म और मृत्यु के पंजीकरण को पूरी तरह से कम्प्यूटरीकृत करने के एमसीडी के प्रयासों की सराहना करते हुए, उन्होंने कहा कि इस डेटा बेस को ऐसे सरकारी विभागों से जोड़ा जाए जो खाद्य सुरक्षा सेवाएं प्रदान करातें हैं ताकि जन्म या मृत्यु होने पर नाम स्वत: लाभार्थी के नाम का अपडेशन या डीलिशन हो सके।

# पीयूसी के बिना गाड़ी चलाने पर भरना पड़ेगा भारी जुर्माना

**नई दिल्ली।** अगर आप कार या मोटरसाइकिल चलाते हैं तो पता होगा कि वाहन चलाते समय कुछ जरूरी दस्तावेजों को साथ रखना बेहद जरूरी है। इनमें ड्राइविंग लाइसेंस, पंजीकरण प्रमाण पत्र और प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज आते हैं। इन्हीं में से एक है पॉल्यूशन कंट्रोल सर्टिफिकेट (पीयूसी) वैसे तो इसे समय-समय पर नवीनीकरण कराना पड़ता है। लेकिन बहुत से लोग बिना इस सर्टिफिकेट या समय सीमा खत्म हो चुके प्रमाण पत्र के ही गाड़ी चलाते हैं। पर क्या आपको पता है कि बिना पीयूसी के गाड़ी चलाने पर आपको भारी जुर्माना भरना पड़ सकता है। इसके अलावा जेल की हवा खानी पड़ सकती है।

दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण को नियंत्रित करने के प्रयासों के तहत शनिवार को वाहन मालिकों से कहा कि वे भारी जुर्माना से बचने के लिए वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र (पीयूसीसी) प्राप्त करें। परिवहन विभाग ने एक सार्वजनिक नोटिस जारी कर कहा कि वह उन वाहनों का चालान करेगा, जिनका पीयूसीसी समाप्त हो गया है। मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 190 (2) के तहत चालान जारी किया जाएगा, जिसमें पीयूसीसी नहीं मिलने पर तीन महीने तक की कैद या 10,000 रुपए तक का जुर्माना अथवा दोनों तरह के दंड का प्रावधान है। नोटिस में कहा गया है कि तीन महीने के लिए उनका ड्राइविंग लाइसेंस भी जब्त कर लिया जाएगा।

# पहले चरण में 20 तालाबों का होगा जीर्णोधार

अमृत सरोवर मिशन



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- वर्षा जल संचयन में करेंगे मदद, सौंदर्यीकरण के बाद लोगों के लिए बनेंगे आकर्षण का केंद

दिल्ली नगर निगम ने अमृत सरोवर मिशन के पहले चरण में 20 तालाबों का जीर्णोधार करके इनका सौंदर्यीकरण करने की योजना बनाई है। इस मिशन के माध्यम से हर जिले में 75 से अधिक तालाबों का निर्माण करवाया जाएगा। जिसका मकसद वर्षा जल संचयन कर गर्मी में होने वाले भू-जल की कमी को दूर करना है। तालाबों का सौंदर्यीकरण करने के बाद लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनाना है। अमृत सरोवर मिशन की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत किया गया है। इस तालाबों के जीर्णोधार के लिए धनराशी केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय मुहैया कराया जाएगा।

दिल्ली नगर निगम के अनुसार, द्वारका सेक्टर-8 स्थित जहाजवाला पार्क में स्थित लगभग 1 एकड़ में फैले तालाब, पालम गांव स्थित 3.5 एकड़ में फैले तालाब, मसूदपुर गांव स्थित लगभग 2 एकड़ में फैले तालाब, नरेला स्थित पाना पपोसिया स्थित 1.25 एकड़ में फैले तालाब, गाजीपुर गांव स्थित लगभग 1.5 एकड़, लगभग 32 एकड़ में फैली वेलकम झील के दूसरे चरण के कार्य, मॉडल टाउन स्थित 6.5 एकड़ में फैली नैनी झील इत्यादि।

मॉडल टाउन स्थित नैनी झील के जीर्णोधार के अंतर्गत उसकी चारदीवारी ऊंची की जाएगी, फुटपाथ की मरम्मत की जाएगी तथा कोरोनेशन पार्क स्थित एसटीपी से जल लाकर झील में डाला जाएगा।

इस प्रकार से निगम पहले चरण में 31 मार्च 2023 तक इन जल इकाइयों के जीर्णोधार एवं सौंदर्यीकरण का कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा है। इसी संकल्पना से प्रेरणा लेते हुए इन तालाबों के निकट एसटीपी लगाए जायेंगे।

# सड़कों को विश्वस्तरीय बनाने के लिए होगा काम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- अभियंता काम करें, फंड की कमी नहीं होने देगी सरकार : सिसोदिया



दिल्ली की सड़कों को वर्ल्ड क्लास बनाने के लिए मिशन मोड पर पीडब्ल्यूडी इंजीनियरों को काम करना होगा। यह आह्वान उपमुख्यमंत्री व पीडब्ल्यूडी मंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को किया।

सिसोदिया ने टीम पीडब्ल्यूडी दिल्ली(रोड डिवीज़न) के उच्चाधिकारियों सहित जूनियर इंजिनियर(जेई) स्तर तक के अधिकारियों के साथ बैठक कर सड़कों को बेहतर बनाने के संबंध में उनसे सुझाव लिए। पीडब्ल्यूडी मंत्री ने कहा कि दिल्ली की सड़कें हमारी है और उसे ठीक करने व वर्ल्ड क्लास बनाने की जिम्मेदारी और जबाबदेही भी हमारी टीम पीडब्ल्यूडी की है।

उन्होंने कहा कि सभी बहुत उत्साहित है और दिल्ली की सड़कों को वर्ल्ड-क्लास बनाने के मिशन पर काम करने के लिए प्रेरित है, इसलिए लोगों को बेहतरीन सड़कें देने के दिल्ली सरकार के विज़न को पूरा करने के लिए दिल्ली की टीम पीडब्ल्यूडी मिशन मोड में काम करेगी।

उन्होंने निर्देश दिए कि पीडब्ल्यूडी की टीम पूरी दुनिया के सबसे शानदार सड़कों के मॉडल को देखे और दिल्ली की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उस मॉडल यहां भी अपनाने का काम करें। हमारे इंजिनियर ये सुनिश्चित करें कि वो दिल्ली की सड़कों को वर्ल्ड क्लास बनाएंगे, सरकार उन्हें फंड की कमी नहीं होने देगी।

सिसोदिया ने कहा कि हमारे जूनियर इंजिनियर दिल्ली की सड़कों को बेहतर बनाने के मिशन के अग्रिम पंक्ति के योद्धा है। जिस प्रकार से एक स्कूल प्रमुख स्कूल की हर जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उसे टॉप क्लास बनाने का काम करता है ठीक उसी तरह हमारे जेई अपने कार्यक्षेत्र में आने वाले सभी सड़कों को बेहतरीन बनाने का काम करें। साथ ही उन्होंने कहा कि अभियंता काम करें, सरकार फंड की कमी नहीं होने देगी।

## सामान्य से गरम रहा दिन का पारा, कल हो सकती है बूंदाबांदी

**नई दिल्ली।** शनिवार को अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री अधिक है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। विभाग ने कहा कि न्यूनतम तापमान सामान्य से चार डिग्री कम 24.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी के बुलेटिन के अनुसार 27 जून से बादल छाए रहने और बूंदाबांदी होने जबकि 27 जून से तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश होने का अनुमान है। स्काईमेट वेदर के उपाध्यक्ष (जलवायु परिवर्तन एवं मौसम विज्ञान) महेश पलावत ने कहा, 27 जून से बूंदाबांदी और हल्की बारिश होने के साथ ही तापमान में गिरावट आने का अनुमान है। वायु गुणवत्ता और मौसम पूर्वानुमान एवं अनुसंधान प्रणाली (सफर) के अनुसार दिल्ली में शाम छह बजे के आसपास वायु गुणवत्ता सूचकांक 224 रहा, जो मध्यम श्रेणी में आता है। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई अच्छा , 51 से 100 के बीच संतोषजनक , 101 से 200 के बीच मध्यम , 201 से 300 के बीच खराब , 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है।



आईटीओ पर प्रदूषित यमुना का नजारा।

## संक्षिप्त समाचार




प्रेस वार्ता के दौरान संजय सिंह, संजीव झा व अन्य।

### आप विधायकों को परिवार समेत जान से मारने की धमकी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने शनिवार को कहा कि बुराड़ी से उसके विधायक संजीव झा और अजय दत्त को फोन पर 5 से 10 लाख रुपए की रंगदारी मांगी जा रही है। रुपये नहीं देने पर परिवार समेत जान से मारने की धमकी मिल रही। इस संबंध में दिल्ली पुलिस केस दर्ज छानबीन कर रही है। विधायक संजीव झा और अजय दत्त की मौजूदगी में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने कहा कि संजीव झा और अजय दत्त को फोन पर 5 से 10 लाख रुपए की रंगादी की मांग की जा रही है। रुपये नहीं देने पर परिवार समेत जान से मारने की धमकी दी है। मामले में एफआईआर दर्ज कराई है। इसके बावजूद धमकी भरे फोन आ रहे हैं। विधायक संजीव झा ने कहा कि 20 जून से कल तक लगातार रिकॉर्डिंग, फोन कॉल और मैसेज आ रहे हैं। जिसके जरिए प्रोटेक्शन मनी की मांग की जा रही है। इस तरह की धमकी से डरने वाले नहीं हैं।

### शराब की दुकान खोलने का विरोध, 10 महिलाएं गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली में 2 दिन पहले शराब की दुकान पर हुई मारपीट और झगड़े के मामले में पुलिस ने 10 महिलाओं को गिरफ्तार किया है। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। तिगरी एक्सटेंशन में स्थानीय महिलाएं पिछले कई महीनों से शराब की दुकान के बाहर विरोध-प्रदर्शन कर रही थीं। इसके चलते दुकान के मालिक ने दुकान पर महिला बाउंसर्स को तैनात कर दिया था। गत दिनों बाउंसरों और प्रदर्शनकारी महिलाओं के बीच जमकर मारपीट हुई। इस दौरान महिलाओं पर बाउंसरों ने जमकर लात-घूसे बरसाए। प्रदर्शकारियों व महिला बाउंसरों के बीच मारपीट मामले में पुलिस ने दस आरोपियों को पकड़ा है। इस मामले में महिलाओं ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने कुछ महिलाओं को गिरफ्तार किया है।

### मंदिर मार्ग पर सिपाही ने की आत्महत्या

**नई दिल्ली।** मंदिर मार्ग पुलिस थाने में तैनात 34 साल के एक सिपाही ने थाने में अपने कार्यालय में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। मरने वाले कांस्टेबल की पहचान जयमाल सिंह के रूप में की गई है। घटना शुक्रवार को हुई जब वह ड्यूटी पर था। पुलिस ने कहा कि उसका शव कार्यालय में लगे पंखे से लटका पाया गया। पुलिस उपायुक्त अमृता गुगुलोथ ने कहा, अपराध प्रकिया संहिता की धारा 174 के तहत कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। सिपाही पिछले छह महीने से अवसाद में था जिसका इलाज चल रहा था। आत्महत्या करने का यह संभावित कारण हो सकता है। घटनास्थल से एक सुसाइड नोट मिला है।

### एनआईसी का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित



**नई दिल्ली।** नेशनल इंटरवेंशनल कॉउन्सिल (एनआईसी) द्वारा राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें देश के सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट ने भाग लिया। इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट और मेडिट्रिना ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के अध्यक्ष डॉ प्रताप कुमार एन ने कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया (सीएसआई) - नेशनल इंटरवेंशनल कॉउन्सिल (एनआईसी ) द्वारा सम्मेलन में भारत में पहली बार लाइव जीरो कॉन्ट्रास्ट एंजियोप्लास्टी (जेडसीए) की। डॉ प्रताप कुमार एन सीएसआई-एनआईसी के वैज्ञानिक अध्यक्ष भी हैं। डॉ एन ने कहा कार्यक्रम को उद्देश्य इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट को यह तथ्य समझाना था कि स्थायी डायलिसिस पर धकेलने के डर के बिना गुर्दे की विफलता के रोगियों पर एंजियोप्लास्टी की जा सकती है।

# कामगारों के स्वास्थ्य पर अधिक असर डाल रहा प्रदूषण

## ऑटो रिक्शा चालकों, सफाईकर्मियों और रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं को फेफड़ों, हृदय रोग समेत एक दर्जन बीमारियां ले रही चपेट में

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



देश में गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी आदि जैसी गंभीर समस्याओं की श्रेणी में अब वायु प्रदूषण की समस्या भी शामिल हो चुकी है जिसका स्तर साल दर साल बढ़ता ही जा रही है। प्रदूषण की समस्या से पर्यावरण के साथ-साथ लोगों के स्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव पड़ रहा है।

हाल ही में खुले में काम करने वाले ऑटोरिक्शा चालकों, सफाई कर्मियों और रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं के सांस लेने में कठिनाई या फेफड़ों की खराबी, हृदय की अनियमित धड़कन और सीने में परेशानी, पीठ, कंधे और जोड़ों में दर्द, आंखों का लालपन एवं जलन, और त्वचा पर चकत्ते, सिरदर्द और समग्र रूप से उनके परेशानियों का आकलन किया गया। ये लोग बहुत ज्यादा गर्मी, सर्दी और बहुत खराब वायु गुणवत्ता समेत मौसमी दुष्प्रभावों का सामना करते हैं। इससे उनकी स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानियों को बढ़ा देते हैं। यह अध्ययन कई प्रतिष्ठित राष्ट्रीय संस्थानों के डॉक्टरों, वैज्ञानिकों और शिक्षाविदों द्वारा किया गया।

इसमें चिकित्सा विशेषज्ञों के परामर्श पर विस्तृत प्रश्नावली का इस्तेमाल किया गया ताकि खुले में काम करने वाले कामगारों के स्वास्थ्य पर वायु प्रदूषण और मौसम में उतार चढ़ाव के दुष्प्रभावों संबंधी चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुभवों को समझा जा सके। साथ ही इससे संबंधित संदेह को दूर करने के लिए पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (श्वसन प्रणाली जांच) किए गए। इस रिपोर्ट को जारी करने वाले इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, तिरुपति, आंध्र प्रदेश के प्रोफेसर सुरेश जैन के अनुसार पिछले कई वर्षों से दिल्ली में वायु प्रदूषण गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है।

शहर की भौगोलिक स्थिति इसे गर्मी और सर्दियों, दोनों मौसमों में धुंध (स्मॉग) के साथ-साथ खराब मौसम जैसे वायु प्रदूषण संबंधी घटनाओं के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील बना देती है। ऐसे परिदृश्यों में खुले में काम करने वाले कामगार सबसे ज्यादा प्रभावित होने वालों में शामिल हैं।

इस सर्वेक्षण में जिन 283 लोगों को शामिल किया गया उनमें से 63 का पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (पीएफटी) किया गया और उनके फेफड़ों को हुआ नुकसान पर उम्र और धूम्रपान जैसे कारणों के प्रभाव का विश्लेषण करने के लिए स्टैटिस्टिकल टूल्स (सांख्यिकीय साधनों) का इस्तेमाल किया गया। प्रोफेसर जैन के साथ, टेरी स्कूल ऑफ एडवांस स्टडीज, दिल्ली के वैष्णवी बर्थवाल, आयुषी बबुता और डॉ. चुबामेनला जमीर; यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज, दिल्ली यूनिवर्सिटी के डॉ अरुण कुमार शर्मा और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), दिल्ली के डॉ. अनंत मोहन शामिल हैं।

### अध्ययन के निष्कर्ष

अध्ययन में प्रदूषण और खराब मौसम के स्वास्थ्य दुष्प्रभावों के कारण खुले में काम करने वालों कामगारों की काम करने की क्षमता में तेज गिरावट पाई गई। जिनमें व्यक्तिगत आदतें और उम्र, धूम्रपान, तंबाकू का उपयोग, पहले से मौजूद स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां और स्वीकार्य सुरक्षा उपायों के इस्तेमाल की कमी जैसे परिवर्तनशील प्रभावकारी कारक इन कामगारों को अपने पेशे से जुड़े स्वास्थ्य जोखिमों के प्रति ज्यादा संवेदनशील बना देते हैं। इनसे बचने के लिए सुरक्षा उपायों और रेस्परटॉरी मास्क, चश्मे और अन्य सुरक्षा पोशाकों जैसे सुरक्षात्मक उपकरणों के उपयोग को बढ़ावा देना। खुले में काम करने वाले कामगारों के बीच जागरूकता पैदा करना आदि शमिल है।

# कामयाबी के लिए किताबी ज्ञान के साथ अनुभव और प्रशिक्षण जरूरी: मनोहर लाल

### गुरुग्राम में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की प्रशिक्षण कार्यशाला में पहुंचे सीएम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की रेवेन्यू कोर्ट लगाने को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि जीवन में किताबों के ज्ञान के साथ-साथ अनुभव और प्रशिक्षण जरूरी है। उन्होंने कहा कि मनुष्य अपने जीवन में आखिर तक सीखता है, आगे बढ़ने के लिए प्रशिक्षण और मेहनत जरूरी है।

गुरुग्राम के मंडलायुक्त राजीव रंजन द्वारा दिए जा रहे इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से उपायुक्त, अतिरिक्त उपायुक्त तथा एसडीएम स्तर के अधिकारियों ने भाग लिया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम



वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की प्रशिक्षण कार्यशाला में बोलते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

गुरुग्राम के लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को देखने के लिए पहुंचे मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने कहा कि सन 1980 से लेकर 2014 तक लगभग 34 वर्षों के दौरान ट्रेनिंग उनका रुचिकर विषय रहा है। उन्होंने कहा कि केवल किताबी ज्ञान से ही सफलता नहीं मिलती, बल्कि कम से कम संसाधनों के साथ कम से कम समय में ज्यादा आउटपुट कैसे मिले, उसके लिए ट्रेनिंग जरूरी है। उन्होंने कहा कि ट्रेनिंग लगातार चलने वाला विषय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीखने की कोई आयु नहीं होती। उन्होंने स्वयं 40 वर्ष की आयु में कम्प्यूटर चलाना सीखा। यह कहते हुए उन्हें आज प्रसन्नता हो रही है कि उसकी उपयोगिता यह हुई है कि जब भी वे अधिकारियों के साथ बैठक करते हैं तो अधिकारी पूरी तैयारी के साथ आते हैं। क्योंकि उन्हें लगता है कि कहीं उनकी गलती पकड़ी ना जाए।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारियों से दो सवाल पूछे और उनके जवाब लिखकर गुप्त रूप से उन्हें देने को कहा। उस कागज पर चाहे वे अपना नाम ना लिखें। इसमें एक सवाल यह था कि आपने जब से ज्वाइन किया है, आपको सरकार की कौन सी योजना अच्छी लगी, जिससे जनता को लाभ मिल रहा हो और उसे आगे बढ़ाने की जरूरत है। दूसरा सवाल यह था कि योजनाओं से अलग कोई और काम क्या किया जाना चाहिए, जिसकी जनता को जरूरत है। इन दोनों सवालों के जवाब मुख्यमंत्री अपने साथ ले गए। इसके अलावा मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारियों से कहा कि वे भी उनसे कोई दो सवाल या संशय पूछ सकते हैं। मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारियों से यह भी कहा कि पानी बहुत कीमती है, जिसे बचाना जरूरी है। इसके लिए आम जनता को जागरूक करते हुए उनमें जिम्मेदारी की भावना पैदा करनी है और बर्ताव में परिवर्तन लाना है। उन्होंने ये भी कहा कि जो पानी हम उपयोग में लाते हैं उसके 80 प्रतिशत भाग को पुन: प्रयोग में लाना होगा।

इससे पहले मंडलायुक्त राजीव रंजन ने कहा कि दिमाग रूपी कुल्हाड़ी को तेज करने के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के इस प्रशिक्षण में हम बैस्ट प्रैक्टिसिज पर चर्चा करते हैं, ताकि उनसे दूसरे अधिकारी भी प्रेरणा ले सकें।

# हाउस टैक्स प्रणाली को बनाया गया है आसान: सुधीर सिंगला


गुरुग्राम के सेक्टर-15 पार्ट-2 में हाउस टैक्स सर्वे के बिलों में त्रुटि शिविर का शुभारंभ करते विधायक सुधीर सिंगला।

### सेक्टर-15 पार्ट-2 में लगाया गया हाउस टैक्स सर्वे के बिलों में त्रुटि सही करने का शिविर

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने शनिवार को सेक्टर-15 पार्ट-2 में हाउस टैक्स सर्वे के बिलों में त्रुटि दुरुस्त करने के लिए शिविर का शुभारंभ किया। यह शिविर क्षेत्र की आरडब्ल्यूए ने विधायक के सहयोग से लगाया।

इस दौरान उनके साथ सीएम विंडो के सदस्य अमित गोयल, आरडब्ल्यूए अध्यक्ष अमीर सिंह यादव, अरूण बंसल, पीएस गहलोत, जेपी सिंघल, अनिल गुप्ता, विनोद शर्मा, रोशन लाल मककड़, डॉ. चंद्रपाल वर्मा, केसी अग्रवाल व अन्य वरिष्ठ लोग मौजूद रहे। शिविर का शुभारंभ करने उपरांत विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि सरकार द्वारा टैक्स प्रणाली को दुरुस्त किया गया है। पहले हाउस टैक्स सरकारी कार्यालयों में जाकर जमा कराया जाता था। लोगों को लाइनों में लगकर परेशानी उठानी पड़ती थी। अब ऐसा नहीं करना पड़ता। अब कार्यालयों के अलावा लोगों के डोर स्टैप पर ही टैक्स भुगतान की सुविधा दी जाती है। जगह-जगह पर टैक्स भरने के शिविर लगाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि हाउस टैक्स के सर्वे में जिन लोगों के बिलों में कोई गलती है, वे सभी रेजिडेंट्स के लिए आरडब्ल्यूए ने हरियाणा सरकार के सहयोग से आपके बिलों को ठीक करवाने के लिए कैम्प का आयोजन किया है। आप अपने साथ नए नोटिस के साथ पुराने बिल की कापी व आधार कार्ड और जो जरूरी कागज प्रॉपर्टी से संबंधित हैं, वे लेकर आएं। विधायक सुधीर सिंगला ने लोगों से कहा कि वे अपने सही कागजों को सही रखें, ताकि सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाएं और योजनाओं का लाभ उन्हें बिना किसी बाधा के मिल सकें।

## संक्षिप्त समाचार

### नगर परिषद के उपचेयरमैन बनाने को लेकर हलचल शुरू

**सोहना।** नगर परिषद चेयरमैन व पार्षद पद चुनाव के बाद अब उपचेयरमैन चयन को लेकर राजनीति एक बार फिर से गरमाने लगी है। उपचेयरमैन किस गुट का होगा। यह तो आने वाला समय ही बताएगा। चेयरपर्सन समेत 21 पार्षद उपचेयरमैन, विधायक और सांसद का वोट शामिल होता है। शहर में एक बार फिर चुनावी चर्चाएं धीरे-धीरे जोर पकड़ने लगी हैं। इस बार नगर परिषद के उपचेयरमैन पद का चुनाव होना है। उपचेयरमैन हालन ही में बने 21 पार्षदों से चुना जाना है। उपचेयरमैन प्रदेश में सत्तारूढ़ पार्टी का होगा या विरोधी पार्टी का होगा। यह तो आने वाला समय ही बताएगा। लेकिन इतना तय है कि उपचेयरमैन का पद पुरुष पार्षद को ही सौंपा जाएगा। उपचेयरमैन पद के चयन को लेकर अभी तक किसी विशेष पार्षद का नाम खुलकर सामने नहीं आया है। लेकिन अभी तक गुप्त रूप से दो ही नाम सामने आ रहे हैं। जिन्होंने पार्षदों का समर्थन पाने के लिए फोन के माध्यम से अपने स्तर से लेकर राजनीति लोगों के माध्यम से फोन कराने शुरू कर दिए है। फोन के माध्यम से पार्षदों के मन की नवज टटोल रहे हैं। इस बार नगर परिषद के पार्षद पद चुनाव में 21 में से 4 पार्षद फिर से चुनाव जीतकर आए हैं। 17 पार्षद पहली बार चुनकर आए है। उपचेयरमैन का पद किस गुट के पक्ष में जाएगा। यह तो आने वाला समय ही बताएगा। वैसे फिर से चुने गए पार्षद यह पद अपने कब्जे में ले सकते हैं।

### स्कूल का दर्जा न बढ़ने से विद्यार्थी और अभिभावक परेशान

**सोहना।** खंड के गांव दमदमा के राजकीय मिडिल स्कूल का दर्जा 12वीं तक किए जाने का पत्र न आने से यहां के विद्यार्थी और अभिभावकों के माथे पर एक बार फिर चिंता की लकीरें खिंचनी शुरू हो गई हैं। एक जुलाई से गर्मी के छुट्टियों के बाद स्कूल फिर से खुलने जा रहे हैं। मई माह में दमदमा के करीब 130 विद्यार्थियों द्वारा अपने की गांव के राजकीय मिडल स्कूल का दर्जा बढ़ाने के लिए किया गया संघर्ष पर फिर पानी फिरता नजर आने लगा है। प्रदेश शिक्षामंत्री कंवरपाल सिंह समेत सांसद राव इन्द्रजीत सिंह, विधायक संजय सिंह और जिला शिक्षा अधिकारी कैप्टन इंदु बोकन ने 15 जून तक स्कूल का दर्जा बढ़ाने का पत्र ग्रामीणों को मिल जाएगा, लेकिन दिए गए आश्वासन को लगभग 25 दिन हो गए है। ग्रामीणों के पास न तो कोई पत्र आया है। न ही प्रशासनिक अधिकारी या मंत्री ने ग्रामीण तथा कक्षा 9 से 12वीं की कक्षाओं में दूसरे गांव जाकर पढ़ने वाले विद्यार्थियों को आश्वासन मिला है। सोमवार को ग्रामीणों की गठित कमेटी जिला शिक्षा अधिकारी कैप्टन इंदु बोकन से मिलेंगे। ग्रामीण जिला अधिकारी सरकार और शिक्षा विभाग द्वारा की गई अब तक की कार्रवाई की जानकारी लेंगे। कमेटी के सदस्य समाज सेवी श्योराज खटाना ने बताया कि सांसद राव इन्द्रजीत सिंह की तरफ से भी शिक्षा विभाग और वित्तमंत्रालय से स्कूल का दर्जा बढ़ाया जाने की मंजूरी दिए जाने की जानकारी मिल रही है। ग्रामीण और अभयपुर के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पढ़ने वाले कक्षा 9 से 12वीं की कक्षाओं में विद्यार्थी गांव से बाहर शिक्षा प्राप्ति के लिए जाने का तैयार नहीं हो रहे हैं। समाज सेवी विरेन्द्र खटाना ने बताया कि उन्हें शिक्षा विभाग, प्रदेश सरकार और जिले के शिक्षा अधिकारियों पर पूरा विश्वास है। एक जुलाई से गांव के ही राजकीय स्कूल में कक्षा 12वीं तक कक्षाएं लगने लगेंगी।

### स्वास्थ्य विभाग चलाएगा डायरिया रोकथाम के लिए अभियान

**सोहना।** स्वास्थ्य विभाग एक से 14 जुलाई के बीच डायरिया पखवाड़ा मनाएगा। नागरिक अस्पताल में डायरिया काउंटर बनेगा। आशा वर्कस को डायरिया रोगियों की पहचान करने की जिम्मेदारी सौंपी। बरसात का मौसम शुरू होने से पहले डायरिया का रोग पनपने लगता है। स्वास्थ्य विभाग ने डायरिया के रोग को पनपने से पहले ही रोकने की योजना बनाई है। जिसके लिए विशेष अभियान एक से 14 जुलाई के बीच शुरू किया जा रहा है। जिससे डायरिया को पहले से ही काबू किया जा सके। नागरिक अस्पताल में विशेष रूप से डायरिया जांच का काउंटर स्थापित होगा। यह काउंटर 24 घंटा डायरिया रोगियों के लिए उपलब्ध होगा। जिसमें तुरन्त प्रभाव से रोगी का टेस्ट डायरिया जांच किया जाएगा।

# हाइराइज इमारतों में सलाहकारों से स्ट्रक्चरल ऑडिट कराएगा प्रशासन

### प्रशासन ने स्ट्रक्चरल ऑडिट सलाहकारों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए

### जिला प्रशासन एक सप्ताह के भीतर सलाहकारों को करेगा सूचीबद्ध



पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**जिला** की 60 हाइराइज सोसायटियों का स्ट्रक्चरल ऑडिट कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा कंसल्टेंट का पैनल तैयार किया जा रहा है। ऑडिट पैनल में सलाहकारों को शामिल करने के लिए विभिन्न एजेंसियों व फर्म से निर्धारित शर्तों व नियमों के आधार पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन प्राप्त होने के पश्चात जिला प्रशासन एक सप्ताह के भीतर सलाहकारों को सूचीबद्ध कर देगा।

उन्होंने बताया कि जिला गुरुग्राम में पिछले दो वर्ष में इमारत के निर्माण में अनियमितता संबंधी 60 कॉलोनियों व ग्रुप हाउसिंग सोसायटियों से शिकायत प्राप्त हुई हैं। उन्होंने बताया कि इन शिकायतों के स्थाई समाधान तथा प्राप्त शिकायतों के स्ट्रक्चरल ऑडिट कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा ऑडिट कंसल्टेंट्स का पैनल तैयार किया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि उंची इमारतों में रहने वाले लोग उनके स्ट्रक्चर को लेकर सुरक्षित महसूस करें और वहां शान्ति से रह सकें, इन्हीं उद्देश्यों की पूर्ति के लिए यह पूरी प्रक्रिया अमल में लाई जा रही है।

उपायुक्त ने ऑडिट सलाहकार पैनल में शामिल किए जानी वाली एजेंसियों व फर्मों के लिए निर्धारित मापदंडों की जानकारी देते हुए बताया कि कंसल्टेंट/फर्म को स्ट्रक्चरल डिजाइनिंग और ऑडिटिंग और स्ट्रक्चरल एनालिसिस में कम से कम 10 साल का अनुभव होना जरूरी है। सलाहकार फर्म के पास बहुमंजिला इमारतों के स्ट्रक्चरल डिजाइनिंग और ऑडिटिंग में न्यूनतम 5 वषर्ष का अनुभव होने के साथ साथ कम से कम 3 पूर्णकालिक योग्य स्ट्रक्चरल इंजीनियर (एम.टेक/ एम.ई/ एम.एससी/ एम.एस इन स्ट्रक्चर इंजीनियरिंग) होना आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि एजेंसी अथवा फर्म के पास आधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए स्ट्रक्चरल डिजाइनिंग और ऑडिटिंग का कार्य करने का पूर्व अनुभव और क्षमता होनी जरूरी है। उपायुक्त ने कहा कि आमजन का जिला प्रशासन पर विश्वास है ऐसे में जरूरी है कि स्ट्रक्चरल ऑडिट के लिए ऐसी टीम तैयार की जाए जो निष्पक्ष रूप से कार्य करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा भविष्य में किसी प्रकार की अप्रिय घटना का दोहराव ना हो इसके लिए निर्णायक कदम उठाए जा रहे हैं।

# मानेसर पहुंचे सीएम का विधायक जरावता के साथ सरपंच सुंदर लाल ने किया स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**शनिवार** को मानेसर में ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ मास्टर प्रिंटर्स के भवन के भूमि पूजन कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमंत्री मनोहर लाल का विधायक सत्यप्रकाश जरावता के साथ सरपंच सुंदर लाल ने स्वागत किया। इस अवसर पर मानेसर आरडब्ल्यूए सेक्टर-1 के पूर्व प्रधान शशि यादव भी मौजूद रहे।

विधायक सत्यप्रकाश के सम्मान में सरपंच सुंदर लाल ने कहा कि पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता के प्रयासों से मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने क्षेत्र को कई सौगातें दी हैं। मानेसर को नगर निगम बनाने के साथ क्षेत्र को सरकारी कालेज दिया गया। अनेक स्कूलों को अपग्रेड किया गया। युवाओं को रोजगार की दिशा में भी सकारात्मक काम हो रहे हैं। निजी क्षेत्र में यहां पर अनेक कंपनियों के वेयर हाउस व अन्य संस्थान स्थापित हो चुके हैं। अब क्षेत्र का विकास और तेजी से होगा। पटौदी नगर पालिका और हेलीमंडी को मिलकर अब पटौदी-मंडी नगर परिषद बनाई जा रही है। शुक्रवार को इसके लिए अधिसूचना भी जारी की गई। इस पर लोगों के दावों और आपत्तियों के बाद इसे अमलीजामा पहनाया जाएगा।


मानेसर में विधायक सत्यप्रकाश जरावता के साथ मुख्यमंत्री मनोहर लाल का स्वागत करते सरपंच सुंदर लाल।

### ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ मास्टर प्रिंटर्स के कार्यक्रम में पहुंचे सीएम

उन्होंने कहा कि पहले क्षेत्र विकास के लिए तरसता था, लेकिन मनोहर सरकार में यहां विकास के ऐतिहासिक काम हुए हैं। विधायक सत्यप्रकाश जरावता के कार्यकाल में तो यहां पर पहले की तुलना में अधिक कार्य हो रहे हैं। सुंदर लाल ने कहा कि मानेसर में औद्योगिक संरचना का भी विस्तार किया जा रहा है। इसका दायरा भी काफी बढ़ाया गया है, ताकि अधिक से अधिक उद्योग यहां पर लग सकें।

# गुरुग्राम पहुंची 44वें चैस ओलिंपियाड की ऐतिहासिक मशाल रिले का हुआ स्वागत

### एडीसी विश्राम कुमार मीणा ने मशाल रिले को किया रिसीव

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**आगामी** 28 जुलाई से 10 अगस्त के बीच तमिलनाडु के महाबलिपुरम में होने जा रहे 44वें चैस ओलंपियाड की ऐतिहासिक मशाल रिले का गुरुग्राम जिला में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया।

तय रुट के अनुसार गुरुग्राम के खेड़की टोल प्लाजा से हीरो होंडा चौक, राजीव चौक व साइबर हब होते हुए डीएलएफ फेज एक स्थित मुख्य आयोजन स्थल शिव नादर स्कूल पहुंचने पर मशाल रिले में शामिल सभी लोगों का पुष्पगुच्छ भेंट कर


गुरुग्राम पहुंची 44वें चैस ओलंपियाड की ऐतिहासिक मशाल रिले का स्वागत करते एडीसी विश्राम कुमार मीणा।

उनका स्वागत सत्कार किया गया। आयोजन स्थल पर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित गुरुग्राम के अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने मशाल रिले को रिसीव करने के उपरांत अपने संबोधन में कहा कि 28 जुलाई से 10 अगस्त के बीच तमिलनाडु के महाबलिपुरम में 44वें चैस ओलंपियाड का आयोजन किया जा रहा है। चैस ओलंपियाड में 187 देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। वर्ल्ड चैस फैडरेशन ने पहली बार मशाल रिले की शुरुआत की है। चूंकि चैस खेल की शुरुआत भारत से हुई थी। इसलिए फैडरेशन ने यह निणर्य भी लिया है कि भविष्य में होने वाले सभी चैस ओलंपियाड की टार्च रिले भारत से ही शुरू होगी।

# सांस्कृतिक कार्यशाला में प्रशिक्षुओं को सिखाए जा रहे रंगमंच के गुर

**गुरुग्राम।** जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम कार्यालय गुरुग्राम द्वारा आयोजित 10 दिवसीय जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यशाला के चौथे दिन जिला खेल अधिकारी सन्धू बाला ने समस्त कार्यशाला का निरीक्षण किया।

कार्यशाला में प्रतिभागी बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि उनके विभाग द्वारा समय-समय पर इस तरह की कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता रहा है। आगे भी किया जाएगा। इसलिए प्रतिभागियों को अपनी पूर्ण रुचि अनुसार इस कार्यशाला में सिखाए जाने वाली विधाओं जैसे कि सांस्कृतिक, नृत्य, गायन व नाटक को पूर्ण रुप से सीखना व इसमें सिखाई जाने वाली बारिकियों पर अपना पूर्ण ध्यान केंद्रित करना है, ताकि बच्चे अधिक से अधिक सीख सकें, आज बच्चों को हरियाणवी नृत्य, गायन व नाटक के पात्रों का चयन व डायलॉग बोलना व भावमुद्रा सिखाई गई, संगीत में बच्चों को हरियाणवी गीत सिखाया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को जलपान करवाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता ममता धवन द्वारा भी बच्चों को कार्यशाला में अधिक से अधिक सीखने का आग्रह किया गया।



गुरुग्राम में जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यशाला में प्रस्तुति देते प्रतिभागी।

# अमेजन प्राइम वीडियो ने एएमसी नेटवर्क्स के साथ भारत में प्राइम वीडियो चैनल्स पर एएमसी+ और एकॉर्न टीवी लॉन्च करने के लिए सहभागिता की

पायनियर समाचार सेवा। मुंबई/न्यूयॉर्क

**भारत** के सबसे पसंदीदा मनोरंजन केंद्र अमेजन प्राइम वीडियो और प्रमुख वैश्विक मीडिया एंटरटेनमेंट कंपनी एएमसी नेटवर्क्स ने आज भारत में प्राइम वीडियो चैनल्स पर एएमसी+ और एकॉर्न टीवी लॉन्च करने का ऐलान किया है। एएमसी+ ऊंची गुणवत्ता के साथ स्क्रिप्ट किए गए ड्रामों, प्रशंसकों की पसंदीदा फ्रेंचाइजीज तथा यूएस और दुनिया भर की विज्ञापन-रहित एक्सक्लूसिव सीरीज और फिल्मों की एक विस्तृत रेंज पेश करने वाली प्रीमियम सब्सक्रिप्शन सर्विस है।

एएमसी+ की सदस्यता लेने वाले प्राइम मेंबर एकॉर्न टीवी तक भी पूर्ण पहुंच बना सकेंगे, जो ब्रिटेन और अन्य देशों के विज्ञापनरहित ड्रामा और मिस्ट्रीज दिखाता है। प्राइम मेंबर्स की सहूलियत के लिए प्रीमियर ओरिजिनल प्रोग्रामिंग हिन्दी, तमिल और तेलुगु में सबटाइटल्स के साथ उपलब्ध होगी। आज से प्राइम मेंबर प्राइम वीडियो चैनलों के माध्यम से 349 रुपए में एएमसी+ का एक वर्ष के लिए सब्सक्रिप्शन लॉक करने हेतु सीमित-समय के 50% वाले




एक्सक्लूसिव आरंभिक लॉन्च ऑफर का लाभ उठा सकते हैं। इसके साथ उपभोक्ता एएमसी+ और एकॉर्न टीवी, इन दोनों का कंटेंट primevideo.com पर तथा आईओएस एवं एंड्रॉइड वाले स्मार्ट फोन, स्मार्ट टीवी, कनेक्टेड एसटीबीज और फायर टीवी स्टिक के प्राइम वीडियो ऐप पर देख सकते हैं। इंट्रोडक्टरी ऑफर के बाद, सब्सक्रिप्शन सालाना 699 रुपये में उपलब्ध होगा। वैकल्पिक रूप से, प्राइम मेंबर केवल एकॉर्न टीवी के लिए 249 रुपए के आरंभिक वार्षिक मूल्य पर एक एड-ऑन सब्सक्रिप्शन भी खरीद सकते हैं। इस आरंभिक ऑफर के बाद जो ग्राहक केवल एकॉर्न टीवी को सब्सक्राइब करना चाहते हैं, वे 499 रुपये का वार्षिक मूल्य चुका कर ऐसा कर सकते हैं। नवीनतम, सराहनीय और लोकप्रिय इंटरनेशनल कंटेंट की मंजिल होने के नाते अमेजन प्राइम वीडियो में हम अपने ग्राहकों की पसंद, पहुंच और सुविधा के अनुसार उन्हें आला दर्जे की सेवाएं प्रदान करने में यकीन रखते हैं। पिछले साल लॉन्च होने के बाद से प्राइम वीडियो चैनल्स ने ग्राहकों के लिए उपलब्ध इंग्लिश और इंटरनेशनल कंटेंट के चयन का विस्तार किया है और प्राइम वीडियो वाले उनके सारे पसंदीदा फीचर्स के साथ, उन्हें एक ही स्थान पर अपने पसंदीदा शो और फिल्मों का आनंद लेने की सुविधा प्रदान करते हुए कई स्ट्रीमिंग सेवाओं की तरफ से इक्सक्लूसिव, उच्च-गुणवत्ता वाली विस्तृत प्रोग्रामिंग रेंज तक उनकी पहुंच बनाई है।- कहना है अमेजन प्राइम वीडियो इंडिया के प्राइम वीडियो चैनल्स एंड स्पोर्ट्स हेड चैतन्य दीवान का। वह आगे बताते हैं, हम एएमसी नेटवर्क्स के साथ साझेदारी करके बेहद खुश हैं तथा अपने दर्शकों को लोकप्रिय और ब्लॉकबस्टर इंग्लिश कंटेंट का पहले से ज्यादा व्यापक चयन उपलब्ध कराते हैं। एड-ऑन सब्सक्रिप्शन के रूप में उपलब्ध प्रीमियम इंटरनेशनल कंटेंट के हमारे व्यापक चयन को प्राइम मेंबर्स ने बहुत पसंद किया है और हम उनकी विविधतापूर्ण एंटरटेनमेंट जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# जीयू के जरूरतमंद, मेधावी व गरीब विद्यार्थियों को मिली आर्थिक मदद


गुरुग्राम विवि के इन विद्यार्थियों को मिली है छात्रवृत्ति।

**गुरुग्राम।** जो विद्यार्थी आर्थिक कमजोरी के चलते अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाते हैं, ऐसे गरीब मेधावी विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए गुरुग्राम विश्वविद्यालय ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। गुरुग्राम विश्वविद्यालय ने जरूरतमंद, मेधावी व साधन विहीन विद्यार्थियों को विश्व प्रकाश मिशन की तरफ से छात्रवृति प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इस छात्रवृति योजना के अंतर्गत विवि के 5 विद्यार्थियों का चयन किया गया, जिनमें तीन बी.फार्मा के विद्यार्थी अंजलि, मैनू, जयदेव, दो एमबीए के विद्यार्थी नीतू यादव, कीर्ति गांधी शामिल हैं। इन सभी विद्यार्थियों की पढ़ाई का 50-70 प्रतिशत रुपये खर्च जीयू के प्रयासों से मिशन द्वारा वहन किया जाएगा। जीयू के डीन अकादमी

### विद्यार्थियों की पढ़ाई का 50-70प्रतिशत रुपये खर्च मिशन वहन करेगा

अफेयर्स डॉ. सुभाष कुंडू ने बताया कि छात्रवृति के लिए मिशन की ओर से 5 विद्यार्थियों का चयन किया गया। सभी छात्रों का चयन अकादमिक रिकॉर्ड, व्यक्तिगत साक्षात्कार, आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए किया गया, आगे सुभाष कुंडू ने बताया कि नया शैक्षणिक सत्र 2022-23 जल्द ही शुरू होने वाला है। गुरुग्राम विवि के प्रयासों से विश्व प्रकाश मिशन द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर विश्वविद्यालय के और अधिक छात्रों को आर्थिक रूप से सहायता दी जाएगी।

# 'क्रम्बॅल बेकरी एंड कैफे' का भव्य शुभारंभ लजीज व्यंजनों के स्वाद ने मोहा मन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**वेस्ट** यूपी के प्रमुख शहर मेरठ में अपने स्वादिष्ट और गुणवत्तापूर्ण बेकरी प्रोडक्टस के जरिये प्रसिद्धि हासिल करने वाले प्रख्यात ब्रांड 'द केक फैक्ट्री' ने अब नोएडा के लोगों को भी अपने व्यंजनों का स्वाद चखाने के लिये नयी शुरूआत की है। नोएडा के सेक्टर 104 मार्केट में शनिवार को 'क्रम्बॅल बेकरी एंड कैफे' का भव्य शुभारंभ किया गया। ग्रांड ओपनिंग में आये सभी अतिथिगणों व ग्राहकों ने 'क्रम्बॅल बेकरी एंड कैफे' के लजीज व्यंजनों की बेहद प्रशंसा की।

### मेरठ के प्रसिद्ध ब्रांड 'द केक फैक्ट्री' ने नोएडा में की नयी शुरूआत

'क्रम्बॅल बेकरी एंड कैफे' की संचालिका गरिमा मित्तल ने बताया की 'क्रम्बॅल बेकरी एंड कैफे' की विशेषता गुणवत्ता को ध्यान में रखकर बनाये गये लज़ीज़ और पौष्टिक व्यंजन हैं। अपने ग्राहकों के स्वाद के साथ स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए यहां के बेकरी प्रोडक्ट में किसी भी प्रकार के केमिकल का उपयोग नहीं किया जाता। छोटी फैमिली की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए 300 से 400 ग्राम तक के केक भी उपलब्ध कराये गये हैं। 'क्रम्बॅल बेकरी एंड कैफे' में ग्राहकों को सभी फूड प्रोडक्ट बिल्कुल फ्रेश मिलेंगे जो उन्हें लजीज स्वाद की अनुभूति करायेंगे। 'द केक फैक्ट्री' से 'क्रम्बॅल बेकरी एंड कैफे' तक का सफर गृहणी होने के साथ गरिमा मित्तल ने अपने प्रोफेशनल करियर को भी बेहतर तरीके से मैनेज किया है। आईसीआईसीआई बैंक में प्रबंधक, डीएसए ऋण के पद पर कार्य कर चुकी गरिमा मित्तल ने वर्ष 2001 में टैम्पा, फ्लोरिडा से विल्टन पेस्ट्री कोर्स किया। वर्ष 2009 में ललित होटल, नई दिल्ली से एंटरप्रेन्योर बेकरी कोर्स करने के बाद गरिमा मित्तल ने अपना कारोबार स्थापित करने की ठानी और अक्टूबर 2009 में मेरठ के पॉश एरिया साकेत में 'द केक फैक्ट्री' बेकरी आउटलेट का शुभारंभ किया। लोगों को रूचिकर व्यंजनों का स्वाद चखाया तो मांग बढ़ती गयी। मार्च 2013 में बड़े पैमाने पर उत्पादन के लिए, फैक्ट्री यूनिट (बेस किचन) खोली गई। प्रसिद्धी के साथ आवश्यकता बढ़ती गयी तो नवंबर 2015 में बॉम्बे बाज़ार, मेरठ में 'केक फैक्ट्री केफे एंड रेस्टोरेंट' की शुरूआत की गयी। 'द केक फैक्ट्री' को प्रोफेशनल तरीके से संचालित कर गरिमा मित्तल ने आम समझे जाने वाले बेकरी व्यवसाय को खास बना दिया। 'द केक फैक्ट्री' आज एक ब्रांड के रूप में स्थापित हो चुका है। न केवल मेरठ बल्कि अनेक जिलों के लोग भी मेरठ आने पर यहां के लज़ीज़ व्यंजनों का स्वाद चखने के लिये आउटलेट अवश्य पहुंचते हैं। मेरठ में 'द केक फैक्ट्री' के दोनों आउटलेट को मिली अपार सफलता के बाद अब नोएडा के लोगों को स्वादिष्ट, गुणवत्तापूर्ण और पौष्टिक व्यंजनों का लज़ीज़ स्वाद चखाने के लिये 'क्रम्बॅल बेकरी एंड कैफे' तैयार है। पहले दिन उमड़ी ग्राहकों की भीड़ इसके सुनहरे भविष्य की झलक दिखा रही है।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 26 जून, 2022



ड्रग एब्यूज डे पर विशेष...

# दवाओं के अभाव में ओएसटी सेंटर में कम हुए मरीज

कविता। फरीदाबाद

**शहर** में इंजेक्शन से नशा करने वाले लोगों को इससे निजात दिलाने के लिए जिले के सिविल अस्पताल में नौ मई 2013 को ओएसटी (ओपियो सब्सीट्यूट थैरेपी) सेंटर का शुभारंभ किया गया था। ओएसटी सेंटर में इंजेक्शन से नशा करने वाले लोगों को गोलियों द्वारा इंजेक्शन के नशे की लत से दूर किया जाता है। लेकिन स्वास्थ्य मुख्यालय की तरफ से दो साल से दवा न आने पर यहां मरीजों की संख्या घट गई। ऐसे में मार्च 2022

## दो वर्ष दवाईयों का स्टॉक आने पर अब स्वास्थ्य विभाग कर रहा जागरुक

से एक बार फिर दवा आने पर जिला स्वास्थ्य विभाग मरीजों को जागरूक कर रहा है। जिसके कारण यहां आने वाले मरीजों की संख्या करीब 50 हो गई है।

जानकारी के मुताबिक शहर के लोगों को नशे की लत से दूर करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के द्वारा खूब प्रयास किए जा रहे हैं। नौ मई




2013 को इंजेक्शन से नशा करने वाले लोगों के लिए एक ओएसटी सेंटर का शुभारंभ किया था। पहले यहां मरीजों की संख्या 109 थी। जिसमें सात-आठ मरीज पूरी तरह से नशे की लत से छुटकारा पा चुके थे। लेकिन कोरोना काल में करीब दो साल से दवा न आने से यहां मरीजों की संख्या कम हो गई। अब मार्च 2022 से मरीजों की संख्या एक बार फिर बढ़नी शुरू हुई है। जिसे देखते हुए जिला स्वास्थ्य विभाग एक बार फिर लोगों को जागरूक करने का काम कर रहा है। ताकि अधिक से अधिक संख्या में मरीज यहां इलाज को पहुंच सके।

**अधिकारी का कथन :** जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. शीला भगत ने बताया कि ओएसटी सेंटर में आने वाले लोग जो इंजेक्शन से नशा लेने के आदी है। उन्हें इस नशे की लत से छुटकारा दिलाया जाता है।

उन्होंने बताया कि यहां आने वाले लोगों को ऐसी गोलियां दी जाती है। जिनमें इंजेक्शन जितना ही नशा होता है। लेकिन इनका कार्य लोगों के नशे की लत को कम करना होता है। जब मरीज इन गोलियों का सेवन करता है तो उसकी डोज धीरे-धीरे कम कर दी जाती है। जिससे एक समय ऐसा आता है कि वह नशे की बुरी तल को पूरी तरह से भूल जाता है। उन्होंने बताया कि इसके लिए लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। ताकि अधिक से अधिक संख्या में लोग यहां आकर नशे की लत से मुक्ति पा सके।


डॉ. शीला भगत

# भ्रष्टाचार को लेकर निकाय मंत्री ने कांग्रेस को लिया आड़े हाथों

## मंत्री कमल गुप्ता ने शहर में हर जगह मार्किंग में पार्किंग करने का दिया संदेश

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**शहरी** स्थानीय निकाय मंत्री कमल गुप्ता शुक्रवार को फरीदाबाद के नगर निगम कार्यालय में अचानक पहुंचे। वहीं मंत्री डाक्टर कमल गुप्ता ने नगर निगम कार्यालय में पहुंच कर नगर निगम में पार्किंग व्यवस्था का जायजा लिया। अव्यवस्थित पार्किंग को लेकर नाराज दिखे मंत्री कमल गुप्ता ने नगर निगम कमिश्नर यशपाल यादव के सामने अधिकारियों को फटकार लगाई।

उन्होंने मीडिया से की अपील है कि उनके पार्किंग की मार्किंग के नारे को सफल बनाने के लिए लोगों तक खबर पहुंचाएं। शहर में हर जगह मार्किंग में पार्किंग हो। वहीं नगर निगम में हुए दो सौ करोड़ के घोटाले पर बोलते हुए मंत्री ने कहा कि सभी भ्रष्टाचारियों की लिस्ट तैयार कर ली गई है। किसी भी भ्रष्टाचारी को नहीं बख्शा जाएगा। कांग्रेस विधायक द्वारा भ्रष्टाचार के मुद्दे पर उठाए गए सवाल पर बोलते हुए शहरी स्थानीय निकाय मंत्री ने कहा कि नीरज शर्मा द्वारा जितने भी सवाल किए गए हैं। सभी का एक-एक कर मैंने जवाब दिया है। कैबिनेट मंत्री कमल गुप्ता ने कसा दीपेंद्र और भूपेंद्र हुड्डा पर तंज। बोले छाज तो बोले छन्नी भी बोले जिसमे छत्तीस छेद। डाक्टर कमल गुप्ता बोले कि लड़ने में उनका दम नहीं। कोई कैंडिडेट उन्होंने उतारा ही नहीं। दीपेंद्र और भूपेंद्र हुड्डा पर तंज कसते हुए बोले लड़ते हैं सह सवारे मैदान में वह तो घुटनों के बल चल रहे हैं। उनके तो कंट्रोल में कांग्रेस के विधायक भी नहीं है। जीता लिया उन्होंने राज्यसभा के मैम्बर। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद मेरा घर है, यहां पर मेरे माता पिता, भाई-बहन सहित पूरा परिवार रहता है। उन्होंने कहा कि वे जहाँ भी जाते है। वहां पर निरीक्षण अवश्य करते है। एक तरीके से इससे सेमी ओचक निरीक्षण कह सकते हैं। कैबिनेट मंत्री डाक्टर कमल गुप्ता ने कहा कि जिस-जिस जिला में जाता हूं। वहां के नगर निगम व नगर पालिका का निरीक्षण अवश्य करता हूं। जब से मेरे पास ये जिम्मेदारी आई है। तब से वे स्वयं जाकर निरीक्षण करते है और जो भी कमिया होती है, उनको दूर करवाने का प्रयास करते है।


नगर निगम मुख्यालय का निरीक्षण करते शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कमल गुप्ता।

# सीएम फ्लाइंग ने की जीएसटी चोरी के शक में गहन जांच

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सीएम** फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि आईएमटी एरिया में पकड़े जीएसटी चोरी के संदिग्ध तीन ट्रकों में भरे माल की सप्लाई प्लाट नम्बर 792 सेक्टर 69 आईएमटी बल्लबगढ़ एरिया में पान मसाला बनाने की कंपनी से थी। प्लॉट नम्बर 137 सेक्टर 68 में गोदाम बनाया हुआ है। इन दोनों स्थानों से गाड़ियों में समान लोड होकर जाता है। जिनमे जीएसटी चोरी कर सरकार के राजस्व को नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

इस सूचना के आधार पर सचिन शर्मा एफएसओ फरीदाबाद, मंजीत डबास आईईओ, डीआईसी फरीदाबाद व जीएसटी सम्बंधित जांच पड़ताल के लिए लव कुमार ईटीओ व जितेंद्र कुमार फरीदाबाद तथा अन्य सम्बंधित विभागों की टीम गठित कराई गई। संयुक्त टीम प्लॉट नम्बर 792 सेक्टर 69 आईएमटी पहुची। जहां पर राजश्री व कमला पसन्द मार्का का पान मसाला तैयार किया जाता है।



डॉ सचिन द्वारा तैयार शुदा माल के अलग-अलग सेम्पल लिए गए। जिन्हें परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा जाएगा। मंजीत डबास औद्योगिक विस्तार अधिकारी ने दस्तावेज चेक करने उपरांत बताया कि कार्यालय रिकार्ड से मिलान करके रिपोर्ट उपलब्ध करा दी जाएगी। जीएसटी विभाग की टीम द्वारा कंपनी में तैयारशुदा पान मसाला के बॉक्स व अन्य सामान की इन्वेंट्री तैयार की गई। मौका पर कंपनी में दो गाड़ियां खड़ी हुई थी। जिनमे तम्बाकू उत्पाद लोड किये जा रहे थे। बेसमेंट सहित तीन मंजिला कम्पनी में कच्चा माल, तैयार माल तथा सेल और परचेज का पूरा रिकॉर्ड लिया गया। इस सम्बध में नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# डीसीपी ने ग्रामीणों को नशा न करने की दिलाई शपथ


गांव धौज में नशे के दुष्प्रभाव के लिए जागरूक करते पुलिस अधिकारी।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डीसीपी** क्राइम नरेंद्र कादियान की अगुवाई में आज फरीदाबाद पुलिस गांव धौज पहुंची जहां पर नाटकीय रूपांतरण के माध्यम से पुलिस ने वहां पर मौजूद नागरिकों को नशे के मानव जीवन पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में अवगत कराते हुए उन्हें नशा छोड़कर स्वस्थ जीवन जीने के बारे में जागरुक किया।

इस अवसर पर उनके साथ एसीपी क्राइम सुरेंद्र सिंह, थाना धौज प्रभारी इंस्पेक्टर महेंद्र पाठक, सीनियर सिटीजन सेल इंचार्ज इंस्पेक्टर सविता, ट्रैफिक ताऊ सहित अन्य पुलिसकर्मी के साथ वहां के स्थानीय लोग इरशाद, उस्मान, मंसूर अली, वसीम, सूरजभान, भगत प्रसाद, जैन भी मौजूद रहे जिन्होंने करीब 400 से 500 नागरिकों को जागरुक किया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कल पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने सर्वोदय हॉस्पिटल से नशा मुक्ति अभियान की शुरुआत की थी। जिसमें एक वैन शहर के मुख्य स्थानों पर जाकर आमजन को नशा छोड़ने के लिए जागरूक करेगी। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत आज डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादयान व एसीपी क्राइम अपनी टीम के साथ गांव धौज पहुंचे। जहां उन्होंने आमजन से नशे से शरीर पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें नशा न करने की शपथ दिलवाई।

## मनाया विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस

**फरीदाबाद।** सुधा रुस्तगी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च, फरीदाबाद ने 19 से 25 जून तक राष्ट्रीय जन स्वास्थ्य दंत चिकित्सा सप्ताह मनाया। इस कार्यक्रम का आयोजन लोक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग द्वारा धर्मवीर गुप्ता, अध्यक्ष के मार्गदर्शन में किया गया था दीपक गुप्ता, सचिव डॉ. सीएम मड़िया, प्राचार्य और डॉ. विशाल जुनेजा, सीईओ टेंडर हार्ट स्कूल फरीदाबाद में डॉक्टरों की टीम ने कैंप लगाया।

डॉ प्रतिभा तनेजा, डॉ पारुल और डॉ स्वातिश्री ने स्नातक छात्रों और प्रशिक्षुओं के साथ नियमित दंत चिकित्सा जांच की और विशेष बच्चों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए ओरल हेल्थ टॉक दिया। उन्हें स्वच्छता, हाथ धोने और ब्रश करने की तकनीक के बारे में सिखाया गया। वार्ता में प्रमुख निवारक उपायों पर जोर दिया गया। सकारात्मक मौखिक स्वास्थ्य व्यवहार को सुदृढ़ करने के लिए उनमें मौखिक स्वच्छता किट भी वितरित की गईं। अंडरग्रेजुएट्स के लिए पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग और शॉर्ट मूवी, स्माइल फोटोग्राफी, रील और मीम्स जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, ताकि उन्हें आम जनता के बीच जागरूकता फैलाने के लिए संवेदनशील बनाया जा सके।

# दिव्यांगजनों के लिए स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन


सेक्टर-16 स्थित गुर्जर भवन में दिव्यागजनों के लिए आयोजित स्वास्थ्य शिविर का दीप जला कर शुभारंभ करते फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**स्पेशल** अचीवर्स चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा शनिवार को सेक्टर-16 स्थित गुर्जर भवन में दिव्यांगजनों के लिए स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दीप प्रज्जवल मुख्य अतिथि फरीदाबाद विधायक नरेंद्र गुप्ता एवं भाजपा राष्ट्रीय सचिव सुनील देवधर द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आए विधायक नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि यह अपने आप में एक बहुत बड़ी बात है और इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए मैं माधवी हंस का बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं और उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने भारत के दूसरे राज्यों में भी धीरे-धीरे अवेयरनेस फैलाने का काम किया है और मेरा यह प्रयास रहेगा कि मैं कुछ काम उनके लिए कर सकूं। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि दिव्यांगजन जब तक मेंटली स्ट्रांग नहीं होगा, तब तक वह फिजिकली स्ट्रांग भी नहीं हो सकता। अगर वह मेंटली स्ट्रांग है तो उसको कोई भी प्रॉब्लम हरा नहीं सकती।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में महाअभियान संपर्क प्रमुख संदीप जोशी, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव अजय गौड, सेवा भारती सम्पर्क प्रमुख दिल्ली प्रांत वृंदा खन्ना एवं भाजपा दिल्ली प्रदेश की प्रवक्ता नेहा शालिनी दुआ ने शिरकत की। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में 250 दिवयागंजनों का मेडिकल हेल्थ चैकअप किया गया।

## सीएचसी कुराली में ऑक्सीजिन प्लांट व आईसीयू का उद्घाटन

**फरीदाबाद।** डीसी जितेन्द्र यादव ने सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में गत सायं सीएचसी कुराली में ऑक्सीजन प्लांट तथा आईसीयू व वेंटीलेटर सेंटर का उद्घाटन किया गया।

उपायुक्त जितेंद्र यादव ने अपने सम्बोधन में कहा कि ऑक्सीजिन प्लांट तथा आईसीयू व वेंटीलेटर सेंटर ग्रामीण आँचल में स्वस्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने व आपात स्थिति में मरीजों के उपचार करने के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि अब यह चिकित्सा सुविधा सीएचसी कुराली के आस पास कई गांवों के नजदीक ही स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। इस मौके पर गांव कौराली के कुराली निवर्तमान सरपंच सुरेंद्र बोहरे और गणमान्य नागरिकों द्वारा आए हुए मेहमानों का पुष्प गुच्छे भेंट कर सम्मानित भी किया गया। उद्घाटन अवसर पर उपायुक्त जितेंद्र यादव, हरियाणा स्टेट सीएसआर ट्रस्ट के चेयरमैन बोधराज सीकरी, वाईस चेयरमैन गौरव सिंह, अतिरिक्त सीईओ, अमित दुबे व समाज सेवी सुधीर नागर, पवन शर्मा, नैसकॉम फॉउन्डेक्शन तथा सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता उपस्थित रहे।

# सोहना टोल रोड का काम शुरू

## विधायक नीरज शर्मा ने विधानसभा में टोल पर उठाया था सवाल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बल्लभगढ** सोहना टोल रोड का काम आज शुरू हो गया है। वाहन चालकों को इस सड़क पर टोल टैक्स देने के बाद भी सुविधाएं नहीं मिल रही थी। लोगों की परेशानियों को देखते हुए विधायक निरंतर संघर्ष कर रहे थे। उपरोक्त सडक की हालत काफी जर्जर अवस्था में है जिसको लेकर उन्होंने विधानसभा सत्र के दौरान अतारांकित प्रश्न 186 भी पूछा गया था। जिसपर उप मुख्यमंत्री द्वारा खुद माना गया था कि किमी 4.00 से किमी 6.00 तक यानी गौंछी नाले से सरूरपुर तक एक खंड को छोड़कर, मरम्मत की आवश्यकता है।

विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि सडक पर सीवर लाइन डालने के लिए नगर निगम द्वारा लोक निर्माण विभाग से अनुमति ली गई थी। जिसमें निगम द्वारा कहा गया था कि कार्य उपरांत उपरोक्त टूटे हुए हिस्से को बनवा दिया जाएगा। लेकिन कई वर्षो से टूटा हिस्सा नही बनवाया गया है। विधायक ने बताया कि 11 अक्टूबर 2021 को उप मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में ग्रीवेंस कमेटी फरीदाबाद की बैठक हुई थी। परिवारवाद पर सुनवाई करते हुए आयुक्त नगर निगम को आदेश दिए गए थे कि सडक के निर्माण के लिए राशि उपलब्ध कराएं। इस कार्य के लिए एसई लोक निर्माण विभाग गुरूग्राम को आदेश दिए कि निर्धारित समय सीमा अनुसार निविदा पूरी करने के बाद सड़क का निर्माण कार्य महीने के अन्त तक शुरू करवा दिया जाए। सडक से पानी की निकासी के कार्य के लिए रिलाइंस को आदेश दिए कि सरकार से दस्ती अनुमति लेकर 15 दिन के अन्दर-2 इसको करवाएं। 21 जनवरी 2022 को ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में सुनवाई करते हुए उप मुख्यमंत्री ने जल्द से जल्द उपरोक्त सडक बनाने के आदेश जारी किए। जिसपर उनके द्वारा अधिकारियों को आदेश दिए गए थे कि वह दस्ती चण्डीगढ आकर फाईल की अनुमति ले तथा इसी मामले को लेकर उप मुख्यमंत्री ने 24 जनवरी 2022 को मीटिंग की थी। जिसमें निर्णय हुआ था कि लगभग 3.84 करोड रुपये की लागत से सड़क बनवाया जाएगा।

विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि आज इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। सरूरपुर से लेकर नगला तक के हिस्से को आरएमसी का बनाया जाएगा। इसके इलावा बाकि एरिया में रिपेंयरिंग की जाएगी तथा सडक पर जहा-2 पानी खड़ा है, उसको सही करवाया जाएगा।


बल्लभगढ़ सोहना टोल रोड की सड़क के निर्माण कर्य का शुभारंभ करते एनआईटी के विधायक नीरज शर्मा।

## नशे के दुष्प्रभाव को लेकर चलाया जागरुकता अभियान

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों पर लोगों को नशा के प्रति जागरुक करने के अभियान के तहत एसएचओ बीपीटीपी इंस्पेक्टर अर्जुन देव, सीनियर सिटीजन सेल इंचार्ज इंस्पेक्टर सविता टीम के साथ केएलजे सोसाइटी में पहुंचकर डीके और पीके सोसाइटी प्रधान के साथ मिलकर लोगों को नशा के प्रति जागरूक किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एसएचओ बीपीटीपी और सीनियर सिटीजन सेल की टीम ने केएलजे सोसाइटी में एक सभा का आयोजन कर लोगों को समाज में नशे से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक किया है। उन्होंने बताया की आधुनिक समय में नशा का प्रचलन बहुत बढ़ गया है। जानकारों की मानें तो पूर्व में भी नशा किया जाता था। हालांकि, इसका उद्देश्य समाज को दूषित करना कतई नहीं था, लेकिन आजकल नशा की परिभाषा बदल गई है। आजकल बच्चे-बड़े सभी नशे करते हैं। बच्चे तो कई प्रकार के नशा करने लगे हैं, जिनमें शराब, ड्रग्स और हेरोइन शामिल हैं। बच्चों का नशे में रहना गंभीर चिंता का विषय है।

# कैबिनेट मंत्री ने दी करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात


बल्लभगढ़ सेक्टर-3 में आयोजित शिविर में जांच करवाते मंत्री मूलचंद शर्मा।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद/बल्लभगढ़

**प्रदेश** के कैबिनेट मंत्री पं मूलचंद शर्मा ने शनिवार को बल्लभगढ़ वासियों को करोड़ों रुपये की धनराशि के विकास कार्यों की सौगात दी। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा सुबह सबसे पहले सेक्टर-55 पहुंचे और सेक्टर- 55 की मुख्य सड़क जो सोहना रोड से जेसीबी चौक व सेक्टर -25,सेक्टर-58 और राजीव कालोनी को जाती है, उसका स्थानीय निवासियों और एनआईटी से विधायक नीरज शर्मा के हाथों नारियल फुड़वाकर कार्य शुरू करवाया। इस सड़क को हरियाणा शहरी प्राधिकरण द्वारा बनाया फोर लेन रोड बनाया जा रहा है, जो जल्दी बन कर तैयार होगी। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में करीब 110 करोड़ के विकास कार्य प्रगति पर चले हुए हैं। सड़क के बनने से सबसे ज्यादा फायदा सेक्टर- 55 और औद्योगिक क्षेत्र के लोगों को होगा। साथ ही साथ यह मुख्य सड़क एनआईटी बल्लभगढ़ के लोगों के लिए काफी लाभदायक सिद्ध होगी। इसके उपरांत कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ की फ्रेंड्स कॉलोनी में सीवर की लाइन, पीने के पानी की लाइन के साथ आरएमसी सड़क के कार्य का भी स्थानीय लोगों के हाथ नारियल तोड़कर के शिलान्यास किया।

# संक्षिप्त समाचार

## बिल्डर की मानमानी के खिलाफ बीपीटीपी थाने का घेराव




**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर-88 स्थित कुंजीयन हाइट्स सोसायटी के लोगों ने बिल्डर के खिलाफ मनमानी करने का आरोप लगाते हुए बीपीटीपी थाने का घेराव किया। लोगों का कहना है कि बिल्डर ने बगैर सूचना दिए उनके अकाउंट से 2980 रुपये काट लिए। लोगों ने बिल्डर के खिलाफ शिकायत दी लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की। इस दौरान बिल्डर के प्रतिनिधि भी थाने पहुंचे हुए थे। लोगों का आरोप है कि बिल्डर की ओर से बिना किसी इनवॉइस के चार्ज लिया जा रहा है। यह सिलसिला पिछले पांच सालों से चल रहा है। पांच दिन पहले बिल्डर की ओर से मीटर निकाल लिए गए और उसमे एक सॉफ्टवेयर फिट कर दिया गया है। इस सॉफ्टवेयर के लिए सोसाइटी में रहने वाले करीब 65 फ्लैट ऑनर के अकाउंट से 2980 रुपये काट लिए। लोगों का यह भी आरोप है कि बिल्डर बिजली बोर्ड से 6.50 पैसे की दर से बिजली खरीदकर उन्हें 13 रुपए प्रति यूनिट की दर से बेचा जा रहा है। लोगों का कहना है कि बिल्डर ने सोसाइटी के लिए अभी तक कनेक्शन तक नहीं लिया है। सोसाइटी बनाते समय जो कनेक्शन लिया था, उसी कनेक्शन से लोगों को बिजली बेची जा रही है।

## केजीपी पर तीन वाहनों की टक्कर से छह लोग घायल

**फरीदाबाद।** कुंडली-गाजियाबाद-पलवल (केजीपी) एक्सप्रेस-वे पर तीन वाहनों की टक्कर से आधा दर्जन लोग घायल हो गए। गीता नगर अवधपुरी वल्केश्वर आगरा उत्तर प्रदेश के रहने वाले अनिल चौहान ने थाना छांयसा पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह एक उद्योग में नौकरी करता है। 23 जून को आधी रात के बाद एक बजे वह और उसके साथी अत्येंद्र आजाद, अनुपम, धीरज सिंह चालक एक्सप्रेस-वे पर पलवल कुछ सामान छोड़ने जा रहे थे। आधी रात के बाद तीन बजे छांयसा मौजपुर टोल प्लाजा से करीब एक किलोमीटर पलवल की तरफ पहुंचे, तो सड़क पर सब्जी भरा हुआ एक ट्रक खड़ा हुआ था, जो पहले से ही दुर्घटनाग्रस्त था। इसका चालक अंदर फंसा हुआ था और कंडक्टर घायल अवस्था में सड़क पर खड़ा होकर मदद मांग रहा था। उन्होंने उसे देख कर अपने ट्रक को रोक लिया और साइड में खड़ा कर दिया। फंसे हुए चालक को बाहर निकाल कर एक साइड में बैठा दिया। वे उनकी मदद कर रहे थे, तभी एक कैंटर नोएडा की तरफ से तेज गति से आया और पहले से खड़े दुर्घटनाग्रस्त ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। इस घटना में उसे व उसके दोस्तों को भी चोट लगी। तभी उन्होंने 1033 नंबर पर काल करके पुलिस को बुलाया। पुलिस ने एंबुलेंस से उन्हें बल्लभगढ़ के एक निजी अस्तपाल में भेजा, जहां पर उपचार किया गया। थाना छांयसा प्रभारी कुलदीप सिंह का कहना है कैंटर चालक और एक अन्य अज्ञात चालक के खिलाफ लापरवाही व तेज गति से वाहन चलाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## बिना ऑपरेशन बदला बुजुर्ग के दिल का वॉल्व



**फरीदाबाद।** मैरिंगो क्यूआरजी हॉस्पिटल में दिल की गंभीर बीमारी के साथ आये फरीदाबाद के 70 वर्षीय जगदीश कुमार का बिना ऑपरेशन किए दिल का वॉल्व बदल नया जीवन दिया। मैरिंगो क्यूआरजी हॉस्पिटल से हृदय रोग विभाग के डायरेक्टर डॉ. राकेश राय सपरा ने बताया कि हमारे पास एक ऐसा मरीज आया जिसकी सांस फूल रही थी और हाथ-पैरों में सूजन थी। जांच करने पर पता चला कि उसे गंभीर एओर्टिक स्टेनोसिस की बीमारी थी। मरीज के एओर्टिक वॉल्व में सिकुड़न थी। इसके अलावा मरीज का दिल बहुत कमजोर था। दिल का फंक्शन 25 प्रतिशत था। इस कारण मरीज को बार-बार हार्ट फेलियर हो रहा था। ऐसे में वॉल्व बदलना जरूरी था। आमतौर पर ऐसी स्थिति में मरीज की ओपन हार्ट सर्जरी करनी पड़ती है। लेकिन इस मरीज की उम्र और हृदय के ज्यादा कमजोर होने की वजह से ऑपरेशन में ज्यादा जोखिम था इसलिए ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वॉल्व इम्प्लांटेशन (टीएवीआई) तकनीक से, बिना ऑपरेशन किए, मरीज के दिल का वॉल्व बदल दिया गया।

## दोस्ती की मिसाल है अशोक तंवर : भड़ाना



**फरीदाबाद।** बीजेपी सरकार युवाओं को अग्निपथ के माध्यम से अग्नि में झोंकने का काम कर रही है। जिस प्रकार सरकार को किसानों के सामने झुकने को मजबूर होना पड़ा था, उसी तर्ज पर युवाओं को बर्बाद करने वाला ये अग्निपथ कानून भी वापस लेना होगा। ये विचार आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉक्टर अशोक तंवर ने शुक्रवार को फरीदाबाद में पार्टी कार्यकर्ता के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करने से पूर्व गुड़गांव बड़खल रोड पर स्थित जिला कार्यालय पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहे। अशोक तंवर ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में आम आदमी पार्टी का कुनबा लगातार बढता जा रहा है और हरियाणा में दूसरी पार्टियों के दिग्गज आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। पंजाब की जीत ने कार्यकर्ताओं के जोश को दोगुणा कर दिया है और आज पूरे हरियाणा में आम आदमी पार्टी की धूम मची हुई है। वर्तमान समय में हरियाणा में अगर विपक्ष की भूमिका में कोई है, तो वह केवल आम आदमी पार्टी है। उन्होने कहा की भाजपा की दमनकारी नीतियों, बढती मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार के चलते आज प्रदेश की जनता त्राहिमाम-त्राहिमाम करने को मजबूर है। उन्होंने कहा की पार्टी में लगातार लोगों की आस्था बढ़ती जा रही है, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व एवं डॉ. सुशील गुप्ता के मार्गदर्शन में लोग अधिक से अधिक आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा की हम उम्मीद करते है की आने वाली सरकार हरियाणा में आम आदमी पार्टी की होगी। इस मौके पर उनके साथ मंजू गुप्ता, प्रवेश मेहता, गुलशन बग्गा, सौरव राघव, ओ पी वर्मा, चंचल तवर, शिवकुमार, राजेंद्र शर्मा, परमजीत कोर, विनोद भाटी, खैमी ठाकुर, ब्रजेश नागर, मुल्कराज भड़ाना, मनीष भाटिया आदि मौजूद रहे।

## जेआरसी की एकल उपयोग की प्लास्टिक मुक्त कैंपेन

**फरीदाबाद।** एक जुलाई से एकल उपयोग की प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया जा रहा हैं। जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड द्वारा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनआईटी नंबर तीन फरीदाबाद में विद्यालय के प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा के निर्देशन में एकल उपयोग की प्लास्टिक का प्रयोग न करने हेतु जागरुकता अभियान चलाया। ब्रिगेड अधिकारी, जूनियर रेडक्रॉस काउन्सलर व प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक से अभिप्राय ऐसी प्लास्टिक से है जिस का उपयोग केवल एक बार ही किया जा सकता है। सामान्य भाषा में इस प्रकार की प्लास्टिक को डिस्पोजेबल प्लास्टिक कहा जाता है। सिंगल यूज प्लास्टिक के अन्तर्गत प्लास्टिक की थैलियां, प्लास्टिक के गिलास व चम्मच, पानी की बोतलें, खाद्य पदार्थों में प्रयोग होने वाली पैकिंग एवम प्लास्टिक सम्मिलित हैं। इस प्रकार की प्लास्टिक का उपयोग रिसाइकिल में भी नहीं किया जाता। प्रयोग के बाद इस प्लास्टिक को कचरे में डाल दिया जाता है। जोकि पर्यावरण के लिए हानिकारक सिद्ध होता है। सरकार द्वारा एकल उपयोग की प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। एकल उपयोग की प्लास्टिक अभियान के संचालन का मूल उद्देश्य देश के सभी नागरिकों की स्वच्छ पर्यावरण के प्रति जागरुकता बढाना है। प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि पॉलीथिन के उपयोग के कारण पर्यावरण में पैदा होने वाला प्रदूषण नियंत्रण करना बहुत कठिन है। यह समस्या संपूर्ण विश्व के लिए चिंता का विषय है। पॉलीथिन के कचरे में डलने तथा जलने से जो धुआं निकलता है वह हवा में विषैली गैस के रूप में फैलता है।

# स्वामित्व योजना में वितरित किये गये घरौनी प्रमाणपत्र

संवाददाता। फ्तेहपुर

**स्वामित्व योजना** के अंतर्गत तैयार किये गए ग्रामीण आवासीय अभिलेख (घरौनी) लोकभवन सभागार लखनऊ से सम्पन्न हुआ, जिसका सजीव प्रसारण जनपद के कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में सांसद/राज्यमंत्री उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार, साध्वी निरंजन ज्योति, विधायक जहानाबाद राजेन्द्र सिंह पटेल, विधायक अयाह शाह विकास गुप्ता की उपस्थिति में देखा व सुना गया। मुख्यमंत्री द्वारा अपने हाँथो से नागरिको को घरौनी वितरित किया। ग्रामीणों आवसीय अभिलेख/ घरौनी पाकर लाभार्थियों के चेहरों में खुशी दिखाई दे रही थी।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश 11 लाख घरौनी का वितरण विभिन्न जनपदों एवं तहसीलों के माध्यम से किया जा रहा है, आत्मनिर्भर भारत नही, अब आत्मनिर्भर गांव होंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि 24 अप्रैल 2020 को योजना का शुभारंभ किया था। घरौनी के वितरण से ग्रामो में विवाद खत्म होगा और राजस्व से सम्बंधित न्यायालय में वादों की कमी आएगी। देश/प्रदेश में यह कार्यक्रम उत्सव के रूप में महादिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि घरौनी के वितरण से मालिकाना हक होने पर लोग बैंक से ऋण ले सकते है।

**● सांसद साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा स्वामित्व योजना प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की दूरदर्शिता, संवेदनशीलता की सोच से हर एक गरीब के लिए उनके मन में जो भाव है उस भाव को मंन्जूरी प्रदान करने के उद्देश्य से यह योजना प्रारम्भ की गयी है**

सांसद साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि स्वामित्व योजना प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्रीकी दूरदर्शिता, संम्वेदनशीलता की सोच से हर एक गरीब के लिए उनके मन में जो भाव है उस भाव को मंन्जूरी प्रदान करने के उद्देश्य से यह योजना प्रारम्भ की गयी है। इस योजना के माध्यम से किसी व्यक्ति को घर के संबंध में विवादों का सामना नही करना पडेगा। उन्होंने लोगों को बताया कि जिस प्रकार से खेतों का वैधानिक अभिलेख खतौनी है, उसी प्रकार घर का वैधानिक अभिलेख घरौनी होगा। इस प्रकार अब घर के स्वामित्व को लेकर विवाद नहीं होंगे तथा लोग पूरे हक के साथ कह सकेंगे कि यह हमारा घर है। उन्होंने कि नागरिकगण ऋण लेने के लिए घरौनी का प्रयोग करके अपना स्वारोजगार लगा कर अपने को आत्मनिर्भर बना सकते है। घरौनी को आधार से लिंक कराया गया। घरौनी से आमजन को बहुत सहूलियत मिलेगी, और विवाद भी नही रहेगा, कोर्ट के भी पैसा बर्बाद नही होगा। जिनको सरकारी आवास स्वीकृति हो गया उनके पास जमीन नही तो उनको जमीन आवास बनाने के लिए दी जायेगी।

घरौनी बनने से यदि गॉव समाज की जमीन एक नागरिक एक ही घर मान्य होगा। कार्यक्रम का सफ्ल संचालन उपजिलाधिकारी बिन्दकी अवधेश कुमार निगम ने किया। इस अवसर पर जनपद के 10 लाभार्थियों में धनराज पुत्र रामप्रकाश ग्राम चकसराय बादशाह, रामबाबू पुत्र सुखराम ग्राम चकसराय बादशाह, रामप्रसाद पुत्र गया प्रसाद ग्राम चकसराय बादशाह, राकेश कुमार पुत्र नरेन्द्र ग्राम तिहार, घसीटे पुत्र सरदार ग्राम तिहार, रामकृष्ण पुत्र सवलदीन ग्राम तिहार, छविलाल पुत्र रामदास साहू ग्राम हसनपुर अकोढ़ीया, राजपाल पुत्र गंगादीन ग्राम हसनपुर अकोढ़ीया, कैलाशचन्द्र पुत्र सूरजपाल ग्राम हसनपुर अकोढ़ीया, रमेश पुत्र चन्द्रपाल ग्राम हसनपुर अकोढ़ीया को ग्रामीण आवासीय अभिलेख (घरौनी) के प्रमाण पत्र नए लाभार्थियों को वितरण किये। घरौनी पाकर लाभार्थियों के चेहरे में खुशी की लहर साफ दिखाई दे रही थी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) फ्तेहपुर, विनय कुमार पाठक, उपजिलाधिकारी सदर नन्द प्रकाश मौर्य, उपजिलाधिकारी बिन्दकी अवधेश कुमार निगम, पुलिस क्षेत्राधिकारी डीसी मिश्रा, अपर उपजिलाधिकारी अन्जू वर्मा सहित सम्बंधित उपस्थित रहे।

## अपर निदेशक कोषागार पेंशन कानपुर मण्डल ने कोषागार कानपुर देहात का किया निरीक्षण , दिये निर्देश

**कानपुर देहात।** अपर निदेशक कोषागार पेंशन कानपुर मण्डल अजय जोहरी ने आज कानपुर देहात जनपद के वरिष्ठ कोषाधिकारी कार्यालय का निरीक्षण कियाए निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम उनके द्वारा सेन्टर रिकार्ड रजिस्टर का अवलोकन किया गया जिसमें परीक्षण किया गया जिसमें जो बिल कोषागार में आते है उनके विभाग द्वारा स्वयं रीसीविक की जाती हैए यह व्यवस्था पूरी तरह से पादर्शी हैए उनके द्वारा इस पर संतोष व्यक्त किया गयाए वहीं रजिस्टर में कुछ कालम खाली पाये जाने पर उन्हें पूरे कालम भरने के निर्देश दिये गयेए इसके पश्चात उन्होंने पेंशन पटल की भी समीक्षा की जिसमें बेसिक शिक्षाए माध्यमिक शिक्षा पुलिस तथा राजनैतिक के प्रत्येक पटल सहायक से वार्ता की गयी उन्होंने यह भी देखा कि जो बिल पास किये जा रहे है उनमें कोई कमियां तो नही हैए इसके अलावा उनके द्वारा डॅबल लॉक खजाने का भी निरीक्षण किया गया खजाने में जो भी स्टाम्प बहुमूल्य रखे हुए है उनका परीक्षण किया गया इसके पश्चात उन्हें कोषागार भवन का भी अवलोन किया तथा पीडब्लूडी से उसके क्षति का आकलंन कराये जाने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि साफसफाई पर विशेष ध्यान दिया जाये।

# भिटौरा ब्लाक के जगतपुर आदिल में मनरेगा घोटाला, फिर भी अफसर साधे हुए हैं चुप्पी

संवाददाता। फ्तेहपुर

**शिकायतों के** बाद भी नही हो रही कार्यवाही। ऐसा ही मामला विकास खंड भिटौरा अन्तर्गत ग्राम पंचायत जगतपुर आदिल का पंचायत मित्र, सचिव व ग्राम प्रधान द्वारा विभाग की मिली भगत से किये गये भ्रष्टाचार की परत दर परत खुलने के बावजूद जिले के आला अधिकारियों ने कोई भी कार्यवाही नही की। जगतपुर आदिल के ही राहुल बाजपेई ने मनरेगा में हुए धांधली और धर्मेंद्र कुमार द्वारा 1993 में बने सार्वजनिक शौचालय व आसपास की भूमि में अवैध अतिक्रमण को लेकर सम्बन्धित विभाग को अवगत कराते हुए शिकायती पत्र दिया जिसके बाद से विभाग खुद अपनी आख्या में फंसता रहा। खंड विकास अधिकारी ने आख्या दी अतिक्रमण हुआ है फ्रि भी कोई कार्यवाही नही की गई। दोबारा कार्यवाही की मांग पर आख्या दी जाती है अतिक्रमण हुआ ही नही। विभाग के सभी अधिकारी इस तरह के भ्रष्टाचार में संलिप्त है जिसके चलते बिना कार्यवाही के ही शिकायत को निक्षेपित किया जा रहा है। आखिर विभाग के कर्मचारियों के ऊपर कार्यवाही की कलम चलाने से क्यों कतरा रहे है अधिकारी।

पूर्व में लेखपाल कानूनगो और थाना पुलिस की उपस्थिति में पैमाइस की जा चुकी है और आख्या में भी स्पष्ट दर्शाया गया है कि धर्मेंद्र कुमार द्वारा अवैध अतिक्रमण किया गया है। ग्राम सचिव सत्येंद्र से धर्मेंद्र द्वारा अवैधरूप से सार्वजानिक शौचालय पर कब्ज़ा के बारे में पूछा गया तो उन्होंने साफ तौर से इंकार कर दिया कि ऐसा कोई भी कब्जा नही है। अब प्रश्न यह खड़ा होता है कि तहसीलदार सहित राजस्व टीम की जांच क्या गलत है या फ्रि अपने विभाग के कर्मचारी को बचाने के लिए अपना बेबुनियादी बचाव पक्ष प्रस्तुत करने की साजिश रची जा रही है? ऐसे ही मनरेगा में फर्जीवाड़े का खुलासा उपायुक्त श्रम रोजगार अशोक कुमार गुप्ता द्वारा जांचोपरांत जिलाधिकारी को प्रेषित करते हुए ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारी सहित ग्राम रोजगार सेवक को भ्रष्टाचार में संलिप्त पाया गया जिसके बाद कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण भी मांगा गया था। उक्त नोटिस जारी करने के बाद 6 महीने बीतने को है अभी तक कोई भी कार्यवाही नही हुई, आखिर क्यों कार्यवाही से कतरा रहे है अधिकारी ?

## युवक ने बाइक सवार बदमाशों पर लगाया लूट का आरोप

**रसूलाबाद,कानपुर देहात।** कृषि रक्षा विभाग में कार्यरत युवक ने बाइकसवार बदमाशों पर लूट का आरोप लगाते हुये थाने में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है, शिकायत पर पुलिस ने मामले की जॉच पडताल शुरू कर दी है। रसूलाबाद कृषि रक्षा विभाग में प्राविधिक सहायके के पद पर कार्यरत धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि वह अपने घर उसरी जा रहे थे रास्ते में रजपूर्वा व ब्राहम्ण गॉव के बीच में दो अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने पीछे से आकर में लात मारकर गिरा दिया औरर मापीट कर सत्रह हजार रूपये लूट लिये साथ ही धर्मेन्द्रद एक सोने की लर व अॅगूठी भी छीन लेने का आरोप लगाया है। रसूलाबाद थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जॉच पडताल की जा रही है।

## सहारनपुर में सात साल की बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी मदरसा शिक्षक हुआ गिरफ्तार

**सहारनपुर, भाषा।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के नकुड़ थाना क्षेत्र में सात साल की बच्ची के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म करने के आरोपी मदरसा शिक्षक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सहारनपुर के पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूरज राय ने शनिवार को बताया कि नकुड़ थाना क्षेत्र में सात साल की बच्ची के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म करने के आरोपी मदरसा शिक्षक जमीर को पुलिस ने शुक्रवार रात गिरफ्तार कर लिया और विधिक प्रक्रिया पूरी कर जेल भेज दिया। राय के मुताबिक, नकुड़ थाना क्षेत्र के एक कस्बे में एक व्यक्ति ने मदरसा शिक्षक जमीर पर बुधवार को अपनी बेटी के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।उन्होंने बताया कि शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया था कि मदरसा शिक्षक ने बच्ची को धमकी दी थी कि अगर उसने इस घटना के बारे में अपने परिजनों को बताया कि वह उसे मार डालेगा। राय के अनुसार, आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

## बदायूं में पत्नी की हत्या के बाद आरोपी पति फ्रार

**बदायूं ।** उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले में शनिवार सुबह एक व्यक्ति ने घरेलू कलह के चलते अपनी पत्नी की कथित तौर पर धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (नगर) प्रवीण सिंह चौहान ने बताया कि मूसाझाग थाना क्षेत्र के बलिया नगला गांव में घरेलू कलह के चलते 35 वर्षीय सुधारानी की उसके पति राजकुमार ने कथित तौर पर गला रेतकर हत्या कर दी और फिर फरार हो गया। चौहान के मुताबिक, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस राजकुमार की तलाश में जुटी है और बहुत जल्द उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## 40 लाख रुपए की स्मैक के साथ महिला गिरफ्तार

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में अपराध शाखा और देहात कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने एक महिला को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 395 ग्राम स्मैक बरामद की है। एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महिला से बरामद स्मैक की कीमत 40 लाख रुपए आंकी गई है। सहारनपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) आकाश तोमर ने पीटीआई-भाषा को बताया कि नशीले पदार्थ के तस्करों के खिलाफ जिले में चलाए जा रहे अभियान के तहत देहात कोतवाली पुलिस और अपराध शाखा की संयुक्त टीम ने दादा पीर के कब्रिस्तान के पास से इंदिरा कॉलोनी निवासी कासिम की पत्नी सोनम को गिरफ्तार किया। तोमर के मुताबिक, पुलिस ने सोनम के कब्जे से 395 ग्राम स्मैक बरामद की है, जिसकी कीमत 40 लाख रुपए आंकी गई है। उन्होंने बताया कि महिला के खिलाफ स्वापक औषधि एवं मन:प्रभावी पदार्थ अवैध व्यापार निवारण अधिनयम (एनडीपीएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और उसे अदालत में पेश किया जाएगा। तोमर के अनुसार, महिला से नशीले पदार्थ की तस्करी करने वाले गिरोहों के बारे में पूछताछ की जा रही है।

## बदायूं में मिनी ट्रक की टक्कर से बाइक सवार मां-बेटी की मौत

**बदायूं भाषा।** उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले के सहसवान कोतवाली क्षेत्र में शनिवार सुबह एक तेज रफ्तार मिनी ट्रक की टक्कर से बाइक सवार मां-बेटी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक चालक समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। सहसवान कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संजीव शुक्ला ने बताया कि मुजरिया थाना क्षेत्र के मूसेपुर गांव का रहने वाला हरवीर शनिवार सुबह बाइक से अपनी पत्नी आरती, छोटे भाई आकाश, बेटे आयुष और बेटी प्रज्ञा के साथ कस्बा क्षेत्र में दवा लेने जा रहा था। शुक्ला के मुताबिक, सुबह लगभग साढ़े आठ बजे कछला रोड स्थित कोल्ड स्टोरेज के पास पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार मिनी ट्रक ने हरवीर की बाइक में जबरदस्त टक्कर मार दी। शुक्ला के अनुसार, इस हादसे में आरती (28) और उसकी बेटी प्रज्ञा (पांच महीने) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि हरवीर, आकाश और आयुष गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। शुक्ला के मुताबिक, घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मिनी ट्रक के चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## प्रतापगढ़ में अदालत ने एसएचओ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले की एक विशेष अदालत ने एक दुष्कर्म पीड़िता के साथ कथित तौर पर मारपीट करने और उसके खिलाफ जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने के मामले में अंतू थाने के तत्कालीन थाना प्रभारी (एसएचओ) के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम अदालत की विशेष न्यायाधीश मोनिका ठाकुर ने शुक्रवार को अंतू थाने के तत्कालीन एसएचओ प्रवीण कुशवाहा के खिलाफ कानून की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया।

# इंटरनेशनल एमएसएसई-डे पर उद्यमियों का हुआ पंजीकरण

संवाददाता। फ्तेहपुर



**इंटरनेशनल एमएसएसई**-डे के उपलक्ष में आज विशेष उद्भव रजिस्ट्रेशन कम एक दूसरी कार्यक्रम का आयोजन भारत सरकार एमएसएमई विकास संस्थान कानपुर के तत्वाधान में कार्यालय उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास के फ्तेहपुर में किया गया जिसमें जनपद के उद्यमी गढ़ एवं भावी उद्यमी उपस्थित थे। कार्यक्रम में एमएसएमई विकास संस्थान कानपुर के वीके वर्मा संयुक्त निदेशक द्वारा उधम पंजीकरण के संबंध में उपस्थित उद्यमी गणों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित लघु उद्योग भारती के संयोजक सत्येंद्र सिंह द्वारा उद्यमीगणों से आवाहन किया गया कि जिन उद्यमियों द्वारा अभी तक उदम रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है या जिनका उद्योग आधार मेमोरेंडम है उन्हें उद्यम रजिस्ट्रेशन में परिवर्तित अतिथि कर ले। शिविर में उपस्थित उपायुक्त उद्योग अनीश प्रताप सिंह ने उद्योग विभाग में संचालित योजनाओं में व्यापक रूप से प्रकाश डालते हुए उद्योग संस्थान के लिए अपेक्षा की गई और यह भी स्पष्ट किया गया कि किसी भी उद्यमी को उत्तम पंजीकरण करने में कोई कठिनाई होती है तो उसके निवारण के लिए जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र में संपर्क स्थापित किया जा सकता है। इस शिविर में एस के पांडे, सहायक निदेशक एसके अग्निहोत्री, सहायक निदेशक एमएसएमई, विकास संस्थान कानपुर प्रबल प्रताप सिंह, सहायक आयुक्त उद्योग भी उपस्थित थे। अंत में धन्यवाद प्रस्ताव के साथ शिविर का समापन किया गया।

## देवरिया में वृद्ध की पीट-पीटकर हत्या

**देवरिया ( उप्र )।** देवरिया जिले के तरकुलवा थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात को एक वृद्ध की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। क्षेत्राधिकारी सदर यश त्रिपाठी बताया कि तरकुलवा थाना क्षेत्र के मदार पट्टी गांव में कालिका सिंह (65) की एक व्यक्ति से पुरानी रंजिश थी।उन्होंने बताया कि कालिका सिंह शुक्रवार की रात में गांव के पश्चिम तरफ शौच के लिए गए थे, जहां से वापस आते समय रास्ते में गन्ने के खेत के पास पहले से घात लगाए अज्ञात लोगों ने लाठी-डंडों से उस पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। त्रिपाठी के अनुसार परिजन इलाज के लिए उन्हें बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर ले गए जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि इस मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर विधिक कार्वाई शुरू कर दी है तथा कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## क्विक न्यूज

### लड़की ने जहर खाकर दी जान

**बरेली ।** मानसिक रूप से परेशान एक लड़की ने जहरीला पदार्थ खा लिया उसकी अस्पताल पहुंचते ही मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतका के परिजनों ने कॉलोनी के ही रहने वाले एक युवक पर युवती को परेशान करने का आरोप लगाया और थाने में तहरीर दे दी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी ।इज्जत नगर थाना क्षेत्र के कर्मचारी नगर स्थित गंगवार एनक्लेव में रहने वाली 17 वर्षीय रीना पुत्री देवी दास कि बीती रात जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के घरवालों ने बताया कि वीना को सोशल मीडिया के माध्यम से कॉलोनी में रहने वाला सचिन अरोरा नाम का युवक अपने पास बुलाता था लेकिन रीना उसके पास नहीं गई तब सचिन ने रीना को धमकी दी कि अगर उसके पास मिलने नहीं आई थी तो वह ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर लेगा जिससे रीना मानसिक रूप से परेशान हो गई और उसने कल शाम को घर में ही जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई पता चलने पर घरवाले उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गए लेकिन डॉक्टर ने उसे अस्पताल पहुंचते ही मृत घोषित कर दिया मृतका के घरवालों ने सचिन अरोरा को रीना की मौत का जिम्मेदार बताया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**बरेली।** मोटरसाइकिल सवार एक युवक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फ्रीदपुर थाना क्षेत्र के गांव फ्रक पुर निवासी 21 वर्षीय प्रशांत की बीती रात एक निजी अस्पताल में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि प्रशांत कल दिन में अपने किसी परिचित से मिलने के लिए मोटरसाइकिल लेकर घर से निकला था लेकिन वापस लौटते समय फ्रीदपुर चीनी मिल के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला वाहन फ्रार हो गया स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को एक स्थानीय अस्पताल भेजकर उसके पास मिले मोबाइल फ्रेन से घरवालों को सूचना दी जो उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गए जहां देर रात उसने दम तोड़ दिया मृतक की पत्नी का नाम अनीता है शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।

### सड़क दुर्घटना में ग्रामीण की मौत

**बरेली ।** मोटरसाइकिल पर रिश्तेदार के घर से लौट रहे ग्रामीण की रास्ते में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।कैंट थाना क्षेत्र के गांव काधरपुर निवासी 40 वर्षीय केंद्र पाल पुत्र ख्यालीराम कि बीती रात फ्रीदपुर थाना क्षेत्र के गांव मानपुर के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि केंद्रपाल कल दिल में फ्रीदपुर निवासी अपने साढू से मिलने के लिए मोटरसाइकिल से गया था जहां से रात में घर वापस लौटते समय मानपुर गांव के पास पीछे से आ रहे किसी वाहन ने उस को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला वाहन फ्रार हो गया स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी लेकिन जब तक पुलिस मौके पर पहुंची केंद्र पाल की मौत हो चुकी थी पुलिस ने मृतक की जेब से मिले मोबाइल फ्रेन से दुर्घटना की सूचना उसके घरवालों को दी मौके पर पहुंचे और शब की शिनाख्त कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।

### आबकारी विभाग ने रविवार को घोषित किया ड्राई डे

**लखनऊ।** नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफपूरा विश्व 26 जून को अंतराष्ट्रीय दिवस मानता है। ऐसे में उत्तर प्रदेश के अपर आबकारी आयुक्त हरिश्चंद्र ने पूरे प्रदेश में रविवार को ड्राई डे घोषित किया है। रविवार को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक शराब की दुकान और भांग की दुकान को पूरी तरह बंद करने का निर्देश जारी किया है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफअंतरराष्ट्रीय दिवाद पर शासन द्वारा 26 जून को प्रदेश की समस्ताः शराब की दुकानें कुछ समय के लिए और भांग की दुकान पूरी तरह बंद करने का निर्णय लिया है।

# कौशांबी में युवक ने खुदकुशी की

भाषा। कौशांबी

**उत्तर प्रदेश** के कौशांबी जिले के सराय अकिल थाना क्षेत्र में एक युवक ने अपने घर में गमछे के सहारे पंखे से फांसी लगाकर कथित तौर पर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार सुबह परिजनों ने युवक को फंदे से लटकता देखा तो पुलिस को घटना के बारे में सूचित किया। अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर सिंह के मुताबिक, अकिल थाना क्षेत्र के बेनी राम कटरा गांव का रहने वाला अनुराग सिंह (32) शादीशुदा था और उसके दो बच्चे भी हैं। उन्होंने बताया कि अनुराग की पत्नी अपने भाई की शादी के लिए मायके गई थी। सिंह के अनुसार, शुक्रवार देर रात अनुराग ने गमछे के सहारे कमरे में लगे पंखे से फांसी लगाकर कथित तौर पर खुदकुशी कर ली। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह परिजन अनुराग के कमरे में पहुंचे तो उसका शव पंखे से लटकता मिला। सिंह के मुताबिक, परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया कि फिलहाल खुदकुशी की वजह पता नहीं चल सकी है।

## ट्रक के नीचे तेज बाइक के घुसने से दो युवकों की मौत

भाषा। भदोही (उप्र)

**भदोही जिले** के औराई थानाक्षेत्र में तेज़ र्‌2398‌्तार मोटरसाइकिल के खड़े ट्रक के नीचे जा घुसने से उसपर सवार दो युवकों की शनिवार को मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया।औराई थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सेठ ने शनिवार को बताया कि यह दुर्घटना शनिवार सुबह यहां सहसेपुर मोड़ के पास हुई जब एक मोटरसाइकिल से मिर्ज़ापुर निवासी अंकित यादव (17) पीयूष यादव (19) और निखिल गुप्ता (18) भदोही आ रहे थे। उन्होंने बताया कि वहां पहले से खड़े एक ट्रक के नीचे एक तेज र्‌2398‌्तार मोटरसाइकिल जा घुसी जिससे उसपर सवार अंकित और निखिल की मौके पर मौत हो गई जबकि पीयूष घायल हो गया। उन्होंने बताया कि पीयूष को पहले स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और फिर गंभीर हालत में यहां सूर्या ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। सेठ ने बताया मौके पर जुटी भीड़ ने किसी तरह ट्रक के नीचे से मोटरसाइकिल एवं फंसे युवकों को बाहर निकाला। इसी बीच चालक मौका देख कर ट्रक लेकर फरार हो गया। उन्होंने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामला दर्ज कर ट्रक के बारे में छानबीन की जा रही है।

# अग्निपथ योजना के विरोध में कांग्रेसियों का प्रदर्शन, राज्यपाल को भेजा ज्ञापन



**फ्तेहपुर।** देश में अग्निपथ योजना को लेकर हिंसक विरोध-प्रदर्शन थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीते चार दिनों में देश के कई राज्यों में हिंसक विरोध-प्रदर्शन देखने को मिले हैं। इसका सबसे ज्यादा असर बिहार और यूपी में देखने को मिला है। इस बीच फ्तेहपुर कांग्रेस कार्यालय से हुसेनगंज विधानसभा से रहे प्रत्याशी शिवाकांत तिवारी ने समर्थकों के साथ अग्निपथ योजना के खिलाफ प्रदर्शन कर कलेक्ट्रेट के लिए पैदल मार्च निकला। हालाकि कार्यालय से थोड़ी दूर जाकर ही सदर एसडीएम सी0टी समेत पुलिस बल ने रस्ते में रोक लिया जिस पर कांग्रेसी सड़क पर लेट गए और फ्रि वही पर एसडीएम सादर ने ज्ञापन ले लिया। अग्निवीर वापस लो, सेना के सम्मान में काग्रेस मैदान में राहुल गांधी संघर्ष करो हम तुम्हारे साथ है, शिवाकांत तिवारी जिन्दाबाद आदि नारे गूंजते रहे। शिवाकांत तिवारी ने आने वाली 27 तारीख को हुसेनगंज विधानसभा में जोरदार प्रदर्शन का एलान किया है। उदित अवस्थी, राजन तिवारी, सुभम आदर्श तिवारी अभय शुक्ला, निखित त्रिवेदी, सुनील तिवारी, मेहताब, विकास त्रिवेदी, जग्गा, सुभम पंडित अमन दिक्षित, विकास त्रिवेदी, शुभम तिवारी, नितेश त्रिवेदी, आयुष तिवारी, सूरज दुबे, अमन तिवारी, सौरभ पाल, नागेन्द्र त्रिवेदी, रवि शुक्ल , ओम मिश्रा, सोनू पाण्डेय, सत्यम, प्रभात जीतू, सौरभ विद्यार्थी मौजूद रहे।


# खाद्य सुरक्षा लाइसेन्स शिविर में 127 पंजीकृत

संवाददाता। फ्तेहपुर



**व्यापारियों की** सहजता व सरलता के लिए उद्योग व्यापार मण्डल ने खाद्य सुरक्षा लाइसेन्स शिविर का आयोजन लखनऊ बाईपास चौराहे पर किया गया। शिविर में स्थानीय 127 व्यापारियों ने पंजीयन कराते रजिस्ट्रेशन कराया। उद्योग व्यापार मण्डल उत्तर प्रदेश के संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने व्यापारियों के रजिट्रेशन कराते कहा सूक्ष्म व्यापार करने वाले व्यापारियों को शासन की नीति की जानकारी न होने की वजह से अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है जिसको सरल सहज बनाते उद्योग व्यापार मण्डल व खाद्य सुरक्षा विभाग ने संयुक्त रूप से शिविर का आयोजन करते व्यापारियों को लाभान्वित किया।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सी0एल0 यादव ने व्यापार मण्डल की प्रशंसा करते कहा शिविर में व्यापारी मात्र आधार कार्ड फेटो व मोबाइल नंबर द्वारा सरलता से रजिस्ट्रेशन अप्लाई कर सकता है साथ ही व्यापार मण्डल को लाइसेन्स हेतु आवेदन दे सकता है। शिविर में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सीएल यादव खाद्य सुरक्षा अधिकारी एमके यादव रवि शेखर कुशवाहा व्यापार मण्डल से संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव श्रवण कुमार दीछित, नगर अध्यक्ष मनोज साहू, वार्ड अध्यक्ष मो0 इमरान उपाध्यक्ष मो0 असलम राशिद बाबा नागेन्द्र सिंह सहित अनेक स्थानीय व्यापारीगण उपस्थित रहे, जो व्यापारी खाद्य लाइसेन्स बनवाना चाहते हो खाद्य विभाग व व्यापार मण्डल से सम्पर्क कर सकते है।




## श्रीमती का जलवा

श्रीमान से श्रीमती का जलवा कमी नहीं बल्कि ज्यादा है। साहब भले ही सूबे के कानून से जुड़े गृह के मालिक हों लेकिन असल जलवा उनकी पत्नी का है। हाल ही में बनारस में इसकी झलक देखने को मिली। उनका जलवा सरकार के किसी मंत्री या बड़े अफसर से कम नहीं। उनके आने की भनक मात्र से पूरा बनारस प्रशासन हिल जाता है। अभी दो दिन पहले की बात है। काशी विश्वनाथ मंदिर में संदेश आया कि मैडम अपनी सहेलियां के संग बाबा के दर्शन करने पहुंच रहीं हैं। बस फिर क्या। मंदिर की सुरक्षा में लगा स्टाफ जुट गया उनकी अगवानी में। वीवीआईपी रूम का पूरा का पूरा स्टाफ अपना रूम छोड़कर मुख्य द्वार पर आ गया मैडम को रिसीव करने। साथ में पानी की बोतल,छाते, टावल, मेकप का सामान और न जाने क्या क्या। कुछ ही देर में मैडम की बड़ी गाड़ी मुख्य द्वार पर रुकती है और उनका स्वागत होता है। वीवीआईपी रूम में पहले मैडम मेकप करती है और फिर कुछ फोटो शूट। इसके बाद बाबा की पूजा। मैडम का जलवा देख मंदिर परिसर में तैनात केन्द्रीय सुरक्षा बल का जवान अपने पास खड़े पुलिसकर्मी से पूछ बैठता है मैडम के बारे में।



## कैसे पूरा हो फरमान

एक संस्थान के वीसी ने अपने यहां सभी विभागों को हॉल आफ फेम बनाने की जिम्मेदारी दे दी है। नई जिम्मेदारी का फरमान आने के बाद विभाग उन पुरातन छात्रों को फोन कर रहा है जिन्होंने कोई विशिष्ट उपलब्धि हासिल की हो। इसके लिए उन्होंने एक टैग लाइन दे रखी है जो पांच साल के अंदर की होनी चाहिए। अब ऐसे में विभागों को यह समझ नहीं आ रहा है कि वह क्या करें। पांच साल में ऐसा कोई अचीवमेंट नहीं दिख रहा है जिसको शामिल किया जा सके। अगर प्लेसमेंट शामिल करें तो उसे हाल आफ फेम नहीं माना जा सकता क्योंकि यह तो एजुकेशन का ही पार्ट है। पर वीसी का फरमान है तो मना भी नहीं कर सकते। ऐसे में भागते भूत की लंगोटी भली की तर्ज पर विभाग प्लेसमेंट जेआरएफ और नौकरीशुदा वालों को ही फोन घनघना रहे हैं। आने वाले दिनों में इन्हें हाल आफ फेम के रूप में देखा जाएगा। अब ऐसे में हम क्या कह सकते हैं। कभी पूर्व राष्ट्रपति से लेकर राज्यपाल और माननीयों के नाम गिना कर गर्व की अनुभूति करने वाले संस्थान में यह हाल आफ फेम छुरछुरी समान ही दिखेगा और कुछ नहीं।

## थोड़ा सा ठहरो

खाकी महकमे का मुख्यालय की रौनक इन दिनों पहले जैसी नहीं रही है। ऐसा नहीं है कि यहां कोई खास परिवर्तन या व्यवस्था में बदलाव हुआ है जिसके प्रभाव के चलते ऐसा है। दरअसल महकमे में जब से स्थाई के बजाए कार्यवाहक मुखिया की तैनाती हुई तभी से सब नीरस हो गया है। कार्यवाहक मुखिया अदृश्य रूप से महकमे का संचालन कर रहे हैं। दरअसल पब्लिक और मीडिया से मिलना तो दूर की बात मुख्यालय में तैनात वरिष्ठ अधिकारियों तक को भी यह पता नहीं रहता कि मुखिया कब आते हैं और कब चले जाते हैं। पहले दूर-दराज जिलों से अपनी समस्याएं लेकर आने वाली पीड़ितों की भीड़ ने भी अब यहां आना कम कर दिया है। वजह यह है कि कार्यवाहक मुखिया से उनकी भेंट ही नहीं हो पाती। मीडिया से तो कार्यवाहक मुखिया ने पूरी तरह से किनारा कर रखा है। ज्वाइनिंग के बाद परम्परागत ढंग से होने वाली प्रेस कांफ्रेंस भी इस बार नहीं हुई। मुख्यालय के खास जानकारों का कहना है कि ऐसा इस वजह से है कि मुखिया को ऊपर से निर्देश है कि जब तक कार्यवाहक के रूप में हैं तब तक लो-प्रोफाइल होकर काम करें। अगस्त महीने में जब उन्हें स्थाई तौर पर इस पद पर आसीन कर दिया जाएगा। तब वह पूरे रंग-ढंग के साथ सामने आएंगे।

## ज्यादा मत जानो

सूबे में दोबारा भगवा झंडा फहराने से कई साहब लोगों को झटका लगा है जो उम्मीद पाले थे कि यूपी में साइकिल दौड़ेगी लेकिन जब ऐसा नहीं हुआ तो उन्हें सरकार ने साइड लाइन कर दिया क्योंकि चुनाव के समय ऐसे अधिकारी स्वयं को किसी बड़ी पोस्ट पर तैनाती का भ्रम पाले हुए थे। उन्हें लग रहा था कि चुनाव बाद उन्हें क्रीम पोस्ट पर मिलेगी क्योंकि वह स्वयं को एक पूर्व सीएम के करीब मान रहे थे। अब यह अधिकारी महोदय का तबादला फूल-पत्ती वाले विभाग में कर दिया गया है। यहां पर वह अपने करीबियों को सीख दे रहें है कि अधिक जानकारी कभी-कभी ज्यादा घातक होती है। इसलिए जहां भी रहो रचनात्मक कार्य में लगे रहो। यह साहब अब अपने विभाग में पेड़-पौधों के जरिए सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त करने के साथ-साथ अपने विभाग में निवेश की भी संभावनाएं तलाश रहे हैं। साहब पहले यूपी में उद्योग लगाने का काम देखते थे लेकिन पंचम तल की राजनीति की वजह से उन्हें हटा दिया गया और चुनाव बाद फिर तबादला करते हुए फूल पत्ती वाले विभाग में भेज दिया गया।



## सावधान मंत्री

भगवा सरकार के मंत्री जी फूंक फूंक कर कदम रख रहे हैं। आयुक्त महोदय से कभी पंगा नहीं लेते। मंत्री जी को शायद इस बात का आभास है कि पिछली भगवा सरकार में पश्चिम के जो मंत्री जी थे उन पर ये आयुक्त महोदय भारी पड़ रहे थे तो मैं क्या चीज हूं। पिछले मंत्री तो बहुत ताकतवर थे। उस दौरान उनकी कुछ नहीं चली थी। सारे निर्णय आयुक्त महोदय ही लिया करते थे। मंत्री जी तो केवल रबर स्टाम्प थे। महाराज जी की दूसरी सरकार में यह जो मंत्री जी आए हैं इनके पास तो लक्ष्मी की भी पावर है। नारायण की भी पावर है। और अपने आप में चौधरी भी हैं। फिर भी आयुक्त महोदय से पंगा लेने की इनकी हिम्मत नहीं पड़ रही है। आयुक्त महोदय जो भी कहते हैं। यह मंत्री जी सहर्ष स्वीकार कर लेते हैं। सही बात है। काहे पंगा लें। पिछली भगवा सरकार में भी आयुक्त का जलवा था और दूसरी भगवा सरकार में भी आयुक्त का जलवा है। यही कारण है कि इनके पास मिठास के विभाग समेत मदिरा जैसे महत्वपूर्ण विभाग की जिम्मेदारी भी है।

## खुलने लगे राज

एलडीए मुख्य अभियंता पर कई आरोप लगे लेकिन रसूख के चलते वह अपने पद पर बने रहे। एलडीए अध्यक्ष व मंडलायुक्त के आदेश पर रोक टोक लगाने पर उन्हें कुर्सी खोनी पड़ी। एलडीए के बड़े साहब को सब कुछ अच्छा लग रहा था। आवास और पार्किंग की समस्याएं समझने का प्रयास कर रहे थे लेकिन साहब को जब पता चला कि दस करोड़ का गबन स्मारक समिति में हुआ है तब साहब को एहसास हुआ कि इन मासूस चेहरों के पीछे बहुत राज हैं। झटका लगने पर कर्मचारी से लेकर छोटे साहब तक आंच पहुंचने लगी तो संभले साहब। फिर क्या था। साहब को समझते देर न लगी कि कर्मचारियों के मकड़ जाल को तोड़ना बहुत जरूरी है। अब साहब ने फूंक फूंक कर कदम रखना शुरू कर दिया है। कई बड़े बड़े नटवरलालों पर नजर रखने लगे। दस करोड़ घोटाले की गुत्थी सुलझाने का प्रयास करते हुए स्मारक समति के कुछ बाबू और अधिकारी पर शक गया। अभी साहब की जांच जारी ही थी कि कई और दफन राज धीरे-धीरे बाहर आने लगे। अब बड़े साहब को लगने लगा कि यहां का सफर आसान नही हैं।

### सीएम ने विज्ञान भारती के 5वें राष्ट्रीय अधिवेशन को किया सम्बोधित

# भारतीय संस्कृति ने ज्ञान को अंगीकार करने में कोई अवरोध नहीं आने दिया



- अंग्रेजी तिथि में वैज्ञानिक दृष्टि नहीं जबकि विक्रम संवत में वैज्ञानिक दृष्टि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय संस्कृति व मनीषा ने कभी भी ज्ञान एवं इसके विस्तार को अंगीकार करने में कोई अवरोध सामने नहीं आने दिया है। आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतः मंत्र के माध्यम से भारतीय संस्कृति में कहा गया है कि ज्ञान जहां से भी आए उसके लिए अपनी दृष्टि को खुला रखें। यह प्रदर्शित करता है कि भारतीय दृष्टि अपने आप में वैज्ञानिक दृष्टि है।

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि लखनऊ में आयोजित विज्ञान भारती के 5 वें राष्ट्रीय अधिवेशन के उदघाटन सत्र को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि भारतीय संस्कृति और परम्परा के हृदय स्थल कहे जाने वाले उत्तर प्रदेश में स्वदेशी ज्ञान व विज्ञान की परम्परा को आगे बढ़ाने के लिए लगभग तीन दशकों से निरन्तर क्रियाशील विज्ञान भारती के 5वें अधिवेशन का आयोजित होना सुखद अनुभूति है। भारतीय दृष्टि किसी भी नए ज्ञान को विज्ञान मान लेती है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का संरक्षण विज्ञान भारती को प्राप्त है। संघ की सोच व दृष्टि वैज्ञानिक है और वह इसी दृष्टि से राष्ट्रहित के लिए कार्य करती है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संस्थापक डॉ हेडगेवार जी स्वयं एक चिकित्सक व वैज्ञानिक थे। सरसंघ चालक श्रद्धेय गुरुजी भी एक वैज्ञानिक थे। संघ के अन्य सभी सरसंघ चालक भी वैज्ञानिक दृष्टि से ओत-प्रोत रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय दृष्टि कहती है कि कोई वस्तु नष्ट नहीं होती है अपितु उसका स्वरूप बदल जाता है। उसकी पूर्णता सदैव बनी रहती है। यही वैज्ञानिक दृष्टि है। विज्ञान भारती की प्रार्थना के माध्यम से इसे ही प्रस्तुत किया गया है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के माध्यम से प्रतिवर्ष वर्ष प्रतिपदा का आयोजन नवसंवत्सर के रूप में मनाने की एक नई परम्परा का शुभारम्भ किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने सामान्य रीति-रिवाजों में हम विक्रम संवत पर आधारित पंचांग पद्धति के अनुसार मांगलिक कार्यों एवं शुभ कार्यों को तय करते हैं। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी तिथि व विक्रम संवत की पंचांग तिथि में अन्तर है। अंग्रेजी तिथि में वैज्ञानिक दृष्टि नहीं है जबकि विक्रम संवत में वैज्ञानिक दृष्टि है। अंग्रेजी तिथि में कोई भी मुहूर्त नहीं है। अंग्रेजी तिथि के कैलेण्डर में सूर्य ग्रहण व चन्द्र ग्रहण की तिथियां प्रतिवर्ष बदलती रहती हैं लेकिन भारतीय पंचांग के अनुसार चन्द्र ग्रहण सदैव पूर्णिमा की तिथि पर तथा सूर्य ग्रहण सदैव अमावस्या को ही होता है। हमारे ऋषियों ने इस बात को बहुत पहले ही बता दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाभारत में भगवान श्री कृष्ण अर्जुन को गीता के उपदेश के अन्तर्गत आत्मा के विषय में बताते हैं कि यह प्रत्येक कालए देश व परिस्थिति में रहेगी। इसे आग नहीं जला सकती इसे कोई मार नहीं सकता, कोई इसे काट नहीं सकता। केवल उसका रूपान्तरण होता है। फिर मरने से क्यों डरते हो। आज दुनिया इसी की खोज कर रही है। हमारे दर्शन, शास्त्र इसकी वृहद व्याख्या बहुत पहले ही कर चुके हैं। श्रीमद्भगवद्गीता का संदेश लगभग 5 हजार वर्ष पूर्व जितना प्रासंगिक था आज भी वह उतना ही महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में पिछड़ गए क्योंकि हमने धार्मिक दृष्टिकोण से तो अपने ज्ञान को अंगीकार किया लेकिन उसके व्यवहारिक स्वरूप को अंगीकार करने का प्रयास नहीं किया।

## मायावती ने राष्ट्रपति चुनाव में द्रौपदी मुर्मू को समर्थन का किया ऐलान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**बीएसी** अध्यक्ष मायावती ने राष्ट्रपति चुनाव में एनडीए की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू को समर्थन देने का ऐलान किया है। मायावती ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि हमने एनडीए के राष्ट्रपति चुनाव की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू को समर्थन देने का फैसला किया है। हमने यह फैसला न तो बीजेपी या एनडीए के समर्थन में और न ही विपक्ष के खिलाफ बल्कि अपनी पार्टी और आंदोलन को ध्यान में रखते हुए लिया है। बीएसपी कमजोर, गरीब और उपेक्षित वर्ग के लोगों के लिए फैसले लेती रही है। उन्होंने कहा कि बीएसपी एनडीए या यूपीए की पिछलग्गू नहीं है। बीएसपी स्वतंत्र और निडर रहकर काम करने वाली पार्टी है। अगर कोई पार्टी देश के उपेक्षित वर्ग के हित में काम करती है तो बीएसपी उसके साथ खड़ी होती है, चाहे वो हमारे लिए कितना ही नुकसानदेह क्यों न हों। उन्होंने कहा कि बीएसपी का उद्देश्य बाबा साहब के सिद्धांतों पर काम करना है। बीएसपी को बदनाम करने का भी ये लोग कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। हमारे एमएलए को तोड़ने का काम करते हैं। कांग्रेस तो इसमें विशेष काम करती है। यूपी में बीएसपी के नेतृत्व में चार बार की सरकार ने दलितों, शोषितों और वंचितों के हित में काम किया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति चुनाव में हमें ये देखने को मिला कि विपक्षी दलों ने अपनी मनमानी की। बीएसपी को विपक्ष ने अलग-थलग रखा है। पहले बंगाल की सीएम ममता बनर्जी द्वारा एकतरफ चुनिंदा लोगों को बुलाना, फिर शरद पवार द्वारा बुलाई गई बैठक में बीएसपी को नजरअंदाज करना ये उनकी जातिगत सोच को भी दिखाता है। इनकी एकता दिखावा ही लगती है।

# अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग लेने को अग्रसर हों शिक्षण संस्थान

- राज्यपाल ने छत्रपति शाहू जी महाराज विवि कानपुर के फेसलेस स्टूडेंट सर्विसेज मॉडयूल का ऑनलाइन लोकार्पण किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने राजभवन के प्रज्ञाकक्ष से छत्रपति शाहू जी महाराज, विश्वविद्यालयए कानपुर द्वारा विकसित 'फेसलेस स्टूडेंट सर्विसेज मॉडयूल' का ऑनलाइन लोकार्पण किया। छत्रपति शाहू जी महाराज के 149वें जन्मदिवस पर आयोजित इस लोकार्पण समारोह को ऑनलाइन सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि छत्रपति शाहू जी महाराज को भारत में एक सच्चे प्रजातंत्रवादी और समाज सुधारक के रूप में जाना जाता है। वह ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने राजा होते हुए भी दलित और शोषित वर्ग के कष्ट को समझा और सदा उनसे निकटता बनाए रखी। उन्होंने दलित वर्ग के बच्चों को मुफ्त शिक्षा प्रदान करने की प्रक्रिया शुरू की और छात्रावास स्थापित किए। उनके शासन के दौरान बाल विवाह पर ईमानदारी से प्रतिबंध लगाया गया। इसके साथ ही शाहू जी महाराज ने महिलाओं के उत्थान एवं उनकी स्थिति को बेहतर बनाने की दिशा में भी कार्य किया।

विश्वविद्यालय में प्रारम्भ हुए फेसलेस डिजिटल स्टूडेंट सर्विस पोर्टल पर विश्वविद्यालय को बधाई देते हुए राज्यपाल ने कहा ये सुविधा छात्रों की कठिनाइयों को दूर करने में मील का पत्थर साबित होगी। इसके द्वारा किसी भी छात्र को उसकी निजी जानकारी प्राप्त किए बिना ही उसके सभी प्रमाण पत्र में संशोधन का कार्य होगा और छात्रों को डैशबोर्ड पर ही प्रमाण पत्र की जानकारी स्वतः उपलब्ध हो सकेगी। इस मॉड्यूल के माध्यम से छात्र डिजिटल हस्ताक्षर युक्त अंकतालिका, उपाधिपत्र, अस्थायी प्रमाण पत्र, प्रवजन जैसे महत्वपूर्ण प्रपत्र डाउनलोड कर सकेंगे। अब छात्रों को विश्वविद्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा और घर बैठे ही उन्हें प्रमाण पत्र संबंधी जानकारी उनके डैशबोर्ड पर आसानी से मिलती रहेगी। राज्यपाल ने इस पोर्टल को विश्वविद्यालय की प्रोजेक्ट मॉनीटरिंग यूनिट द्वारा निर्मित किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हम विश्वविद्यालय की गतिविधियों में अपने विद्यार्थियों की भागीदारी बढ़ायें। इससे हमारे विद्यार्थियों की क्षमताओं और आत्मविश्वास में तो वृद्धि होती ही है, विश्वविद्यालय के नैक मूल्यांकन में भी इससे अंको में वृद्धि होती है। विद्यार्थियों की स्वयं संलग्नता किसी भी संस्थान को श्रेष्ठ बनने से नहीं रोक सकती। राज्यपाल ने प्रदेश के शिक्षण संस्थानों को अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि हमारे शिक्षण संस्थान भी अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर हों ताकि उत्तर प्रदेश के बच्चों को अपने प्रदेश में ही उत्कृष्ट शिक्षा संस्थान मिल सकें। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे छत्रपति शाहू जी महाराज की तेरहवीं पीढ़ी के युवराज संभा जी राजे ने अपने संबोधन में शाह महाराज के अद्वितीय सामाजिक कार्यों का स्मरण किया। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय को 10 लाख रुपए डोनेट करने की घोषणा करते हुए कहा इसके ब्याज से दलित समाज तथा विधवा एवं बेसहारा महिलाओं के बच्चों की शिक्षा में मदद की जाए। उन्होंने छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर को अपने विकास के लिए छत्रपति शिवाजी महाराज, मुम्बई, विश्वविद्यालय के साथ कनेक्टिविटी स्थापित करने के लिए भी प्रेरित किया।

## यूपी में आज शाम पांच बजे तक बंद रहेंगी शराब की दुकानें

**लखनऊ।** यूपी सरकार ने प्रदेश में रविवार को ड्राई-डे घोषित किया है। इस दौरान शराब की दुकानें सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक बंद रहेंगी। इस संबंध में अपर आबकारी आयुक्त हरिश्चंद्र की ओर से आदेश जारी किया गया है। जिसमें सभी जिलों के आबकारी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि नशीली दवाओं के दुरुपयोग और इसके अवैध व्यापार के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस 26 जून पर शुष्क दिवस (ड्राई डे) घोषित किया गया है। इसके अन्तर्गत रविवार को शराब की दुकानों को शाम पांच बजे तक बंद रखने और भांग की समस्त दुकानों को पूर्ण रूप से बंद रखने का निर्णय लिया गया है। जिला आबकारी अधिकारियों को इस निर्णय के अनुसार आवश्यक कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।



सुल्तानपुर में दिवगंत पूर्व विधायक सूर्यभान सिंह को श्रद्धांजलि देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

# सत्ता के लालच में एक परिवार ने देश पर थोपा था आपातकाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने शनिवार को कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ता की लालच में एक परिवार ने देश पर आपातकाल थोपा था। भाजपा के प्रदेश मुख्यालय पर लोकतंत्र के काला अध्याय आपातकाल काला दिवस विषयक संगोष्ठी में आपातकाल के विरोध में आवाज उठाने वाले लोकतंत्र रक्षक सेनानियों को सम्मानित करने के बाद समारोह को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि सत्ता की लालच में एक परिवार ने देश पर आपातकाल थोपा था। बता दें कि आज ही के दिन 47 वर्ष पूर्व कांग्रेस द्वारा थोपा गया आपातकाल देश के प्रजातंत्र पर किया गया सबसे बड़ा और कायराना हमला था। आपातकाल के दौरान लोगों से अंग्रेजी शासन से भी बुरा व्यवहार किया गया। इस निर्णय का विरोध करने वालों को कड़ी यातनाएं दी गईं, अकारण ही लाखों लोगों को जेल में ठूंस दिया गया। अदालतों और प्रेस पर भी सेंसरशिप लगा दी गई। इसके




बावजूद लाखों लोकतंत्र सेनानियों ने यातनाओं को सहते हुए इस अनैतिक निर्णय का न सिर्फ विरोध किया बल्कि तानाशाही सरकार को सबक भी सिखाया। उन्होंने आपातकाल के खिलाफ संघर्ष करने वाले लोकतंत्र सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों की पुर्नस्थापना में लोकतंत्र सेनानियों का बड़ा योगदान है। ब्रजेश पाठक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में हमेशा से गांधी परिवार के हितों को पार्टी और देशहित से ऊपर रखा गया। देश में आपातकाल लागू करना भी इसी नीति का हिस्सा रहा। यह अलोकतांत्रिक निर्णय जो आपातकाल के रूप में जबरन देश पर थोपा गया भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में काले अध्याय के रूप में दर्ज है, इस अनैतिक और दमनात्मक कृत्य के लिए देश की जनता कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेगी। कार्यक्रम में उपस्थित लोकतंत्र सेनानियों भारत दीक्षित, रमा शंकर त्रिपाठी, राजेन्द्र तिवारी, गणेश चन्द्र राय, राज किशोर शर्मा, संतोष कुमार बाजपेयी, सुरेश कुमार, राकेश स्वरूप निगम, जयदेव याहूजा, अजीत कुमार सिंह, हरी श्याम रस्तोगी, केदार नाथ श्रीवास्तव, अशोक कुमार शर्मा, मधुकर मिश्रा, सुरेश चतुर्वेदी समेत अन्य का उपमुख्यमंत्री ने स्मृति चिन्ह, अंगवस्त व माला पहनाकर स्वागत अभिनन्दन करते हुए उन्हें सम्मानित किया।

# नदियों को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए यूपी में 24 नए एसटीपी बनकर तैयार

- मथुरा, वाराणसी, मिर्जापुर, गाजीपुर, बरेली, फर्रुखाबाद-फतेहगढ़ में नदियों में सीधे नहीं गिरेगा कचरा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश में 24 नए एसटीपी बनकर तैयार हैं। गंगा की स्वच्छता को बड़ी उपलब्धि मिली है। मथुरा, वाराणसी, मिर्जापुर, गाजीपुर, बरेली, फर्रुखाबाद-फतेहगढ़ जैसे शहरों में अब नदियों में सीधे कचरा नहीं गिरेगा। गंदगी से शहरों को भी बड़ी राहत मिलेगी।

विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत प्रदेश में 3855.67 करोड़ की 25 परियोजनाओं को पूरा किया जाने का काम तेज गति से चल रहा है। 20 परियोजनाओं का निर्माण कार्य अंतिम पायदान पर है। पूरी की गई परियोजनाओं में 24 नए एसटीपी बनकर तैयार हुए हैं। 443.91 एमएलडी के इन ट्रीटमेंट प्लांटों से सीवेज का शोधन हो रहा है। कान्हा की नगरी मथुरा में सीवरेज परियोजना से 20 नालों को टैप कर 30 एमएलडी क्षमता के सीवरेज प्लांट तैयार हैं। इनका ट्रायल रन चल रहा है। वाराणसी में गंगा नदी को गंदगी से बचाने की चौतरफा तैयारी है। जायका परियोजना की सीवरेज योजना का काम पूरा हो चुका है। बागपत, जौनपुर में नालों को टैप कर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से जोड़ा गया है। इनके ट्रायल रन भी शुरू हो चुके हैं। मिर्जापुर, गाजीपुर, बरेली, फर्रुखाबाद-फतेहगढ़ में भी परियोजनाओं का लक्ष्य पूरा होने जा रहा है। जौनपुर में सीवरेज परियोजना से 14 नालों को टैप कर 30 एमएलडी के एसटीपी बनकर तैयार हैं। बागपत में 4 नाले टैप किये गये हैं। यहां 14 एमएलडी एसटीपी का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। 30 जून तक कानपुर नगर में 30 एमएलडी और उन्नाव में 15 एमएलडी की निर्माणाधीन सीवरेज परियोजना पूरी होने जा रही है। लक्ष्य को पूरा करने के लिए विभाग के अधिकारी पूरी ताकत से जुटे हैं।

# डीएम ने विद्यालय गौशाला का किया निरीक्षण

## ● खामियां मिलने पर मातहतों को लगाई फटकार

संवाददाता। कचनार सीतापुर



**शनिवार को** ऐलिया ब्लॉक के भोगीपुर प्राथमिक विद्यालय पहुंचे डीएम अनुज सिंह ने विद्यालय की लाइब्रेरी के रखरखाव व परिसर गन्दी में गन्दगी देख सफाई के बीडीओ ऐलिया को दिए निर्देश। जिसके बाद बन्द पड़े हैंड वाश व शौचालय में गन्दगी और नल की पाइप टूटी देख सही कराने के दिये निर्देश। विद्यालय में रखे बैडमिंटन देख बच्चों को बुलाकर खेल के बारे में ली जानकारी। डीएम का पारा उस टाइम हाई हो गया जब डीएम बीडीओ विकास सिंह,सेक्रेटरी नन्हे लाल को विद्यालय की साफसफाई व नल सही कराने का आदेश दे रहे थे वहीं पर मौजूद विद्यालय के प्रधानाध्यापक अलाउद्दीन को हंसी का गयी। जिस पर डीएम ने कहा तुम नौकरी नहीं करना चाहते हो। फटकार लगाते हुए साथ मे मौजूद खण्ड शिक्षाधिकारी से बोले इनका तुरन्त बेहटा अटैचमेंट कर दीजिए। जिसके बाद डीएम भोगीपुर गांव के ही पंचायत भवन पहुंचे जहां पर सेक्रेटरी नन्हे लाल से पूंछा तुम कहाँ बैठते हो। जिस पर सेक्रेटरी ने वहीं पर बने सचिव कक्ष में खुद को बैठना बताया जिसमें ताला लगा हुआ था जिस पर डीएम ने ताला खोलने को कहा। ताला खोलने पर देखा कि उसमें सिर्फ मेज पड़ी थी कुर्सी तक नहीं थी जिस पर डीएम ने कहा हवा में उड़ते हो। जिस पर सेक्रेटरी नन्हे लाल ने कहा सर 10 दिन हुए है हमको इस गांव आये डीएम ने कहा 10 दिन में कोई जानकारी नहीं सुधर जाओ। डीएम का निरीक्षण वहीं नहीं रुका उसके बाद वह देवई गौशाला पहुंचे जहां पर हरा चारा व भूसे का स्टॉक न देख नाराजगी जताई। गौशाला परिसर में जगह जगह लगे गोबर के ढेर देख कहा कि हर जगह आदेश कर दो जहां गोबर के ढेर गौशाला में हैं उनको उठवा कर ग्राम पंचायत में चल रहे पौधा रोपड़ के लिए भेजवाया जाए। डीएम का पारा उस टाइम और हाई हो गया जब गौशाला में पड़े एक बीमार गौवंश की आंखों में कीड़े पड़े देखे। जो उठने चलने की हालत में नहीं था। जिस पर पशुचिकित्सा अधिकारी ऐलिया संजय सिंह को जमकर फटकार लगाई और कहा इसका इलाज करो मर गया तो तुम नौकरी नही कर पाओगे। बाकी पूरे निरीक्षण में जो खामियां मिली उसके लिए बीडीओ ऐलिया विकास सिंह से सुधार कराने के निर्देश दिए। पूरे निरीक्षण के दौरान एसडीएम सदर अनिल कुमार भी मौजूद रहे।

## पीलीभीत सड़क हादसे के मृतक आश्रितों को मिलेगी 23.50 लाख की सहायता

**लखीमपुर खीरी।** डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि पीलीभीत.पूरनपुर मार्ग पर ग्राम गजरौलाकला तहसील व जिला पीलीभीत में गत 23 जून को हुई सड़क दुर्घटना में जनपद खीरी के 11 मृतकों के आश्रितों व तीन घायलों को क्रमशः 2 लाख एवं 50 हजार की दर से 23०50 लाख की सहायता मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से स्वीकृत हुई। डीएम ने बताया कि सड़क दुर्घटना में जनपद खीरी के 11 मृतकों के आश्रितों को 2.2 लाखए तीन घायलों को 50.50 की धनराशि मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से प्रदान की जाएगी। जिसकी स्वीकृति उत्तर प्रदेश शासन से जिले को प्राप्त हो गई है। जल्द ही मृतकों के आश्रितोंए घायलों को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से अनुमन्य धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी।

## क्विक न्यूज

### मंदिर व स्मारक जाने वाले रास्ते को बंद कर रहे दबंग !

**थाना रामकोट ग्राम धरमपुर संराय भाट का मामला, पीड़ित ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर लगाई गुहार**

**सीतापुर।** थाना रामकोट के ग्राम धरमपुर सरांय भाट के रहने वाले पीड़ित मधुरेश वर्मा ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपा है, प्रार्थना पत्र में गांव के ही लोगो पर मंदिर व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के बने स्मारक पर जाने वाले रास्ते को दबंगो द्वारा कब्जा किए जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि कई बार थाने में शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पीड़ित का कहना है कि पहले भी इसी रास्ते पर दबंग अतिक्रमण कर चुके है लेकिन उस समय के जिलाधिकारी ने तत्काल कार्रवाई करते अतिक्रमण हटवा दिया था। जिलाधिकारी कार्यालय प्रार्थन पत्र देने के बाद पीड़ित ने पायनियर से कहा कि जल्द से जल्द कार्रवाई की जाए जिससे आमजन को राहत मिले।

### भाजपा मंडल अध्यक्ष का बेटा लापता

**लहरपुर सीतापुर।** लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के शाहपुर के भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष मौर्य ने कोतवाली प्रभारी राजीव सिंह को लिखित प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनका 15 वर्षीय पुत्र आशीष मौर्य सीतापुर स्थित आनंदी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कक्षा 7 का छात्र है। विगत 23 जून को अपने पैतृक निवास मुगलपुर से शाम 4 बजे प्राइवेट बस संख्या यूपी 40 टी 7655 द्वारा सीतापुर अपने फूफा गौरीशंकर निवासी ग्रीन फील्ड के निकट टेड़वा चिलौला के घर जाने के लिए निकला था, परंतु वह निश्चित समय पर वहां नहीं पहुंचा। पीड़ित द्वारा काफी खोजबीन की गई परंतु अब तक आशीष का कोई भी पता नहीं चल सका है। पीड़ित संतोष मौर्य ने कोतवाली में अपने पुत्र आशीष मौर्य की गुमशुदगी, अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई है।

### किसान मजदूर संगठन की हुई बैठक

**लहरपुर सीतापुर।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन की बैठक वर्मा मार्केट ठठेरी टोला लहरपुर में की गई। जिसकी अध्यक्षता युवा मण्डल अध्यक्ष अजीत कुमार और संचालन युवा मंडल महासचिव चांद पहलवान ने किया। बैठक में जनपद सीतापुर की युवा जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें युवा जिलाध्यक्ष रोहित कुमार, युवा जिला उपाध्यक्ष रामसागर वर्मा, जिला सचिव अतुल कुमार, जिला संगठन मंत्री नेता सिंह, लहरपुर तहसील सचिव निर्मल मौर्य, ग्राम अध्यक्ष खेरुल्लापुर सुमित मौर्य को सर्व सम्मति से नियुक्ति किया गया। इस मौके पर अजीत कुमार युवा मंडल अध्यक्ष लखनऊ, तहसील अध्यक्ष राजेंद्र कुमार, सादाब सिद्दीकी आदि मौजूद थे। वहीं, कोतवाली पुलिस द्वारा किसान नेता अजीत कुमार को उनके ही घर पर नजर बंद कर दिया गया ताकि किसी भी प्रकार का धरना प्रदर्शन न कर सकें।

### जालंधर में सम्पन्न हुई 11वीं वोवीनाम मार्शल आर्ट चैम्पियनशिप

**सीतापुर।** जालंधर में संपन्न हुई 11वीं राष्ट्रीय वोवीनाम मार्शल आर्ट चौंपियनशिप में उत्तर प्रदेश के सीतापुर की गुरुकुल ताइक्वांडो एकेडमी व कोरियन मार्शल आर्ट एकेडमी के प्रतिभागियों ने अलग-अलग भार वर्ग में निकाला पदक। जिसमें सब जूनियर वर्ग में रिदम मलिक ने स्वर्ण पदक हासिल किया, जूनियर वर्ग में कार्तिकेय केसरवानी ने रजत सीनियर वर्ग में अनुज शर्मा ने रजत पदक तथा सीनियर बालिका वर्ग में आन्या मलिक ने रजत पदक अर्जित किया, सब जूनियर वर्ग में यश श्रीवास्तव ने कांस्य पदक तथा अंसब बिन खालिद ने कांस्य पदक प्राप्त किया और जूनियर वर्ग में उत्कर्ष त्रिवेदी ने कांस्य तथा दिव्यांशु रस्तोगी ने जूनियर वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। डीएम अनुज सिंह ने सभी प्रतिभागियों को पदक पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर कोरियन मार्शल आर्ट्स के प्रशिक्षु शीतांशू दीक्षित व प्रतिभागियों के अभिभावक मौजूद थे।

### सिधौली में जिला कार्यसमिति की बैठक

**सिधौली सीतापुर।** सिधौली में भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यसमिति की बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा, सीतापुर सांसद राजेश वर्मा के साथ जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, सेवता विधायक ज्ञान तिवारी, बिसवां विधायक निर्मल वर्मा के साथ सिधौली विधायक मनीष रावत मौजूद रहे। शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा ने कहा कि इस बार भाजपा ने सीतापुर से 8 विधानसभा सीटें जीती हैं। अगली बार 9 की 9 सीटें जीती जाएंगी। इस मौके पर युवा मोर्चा किसान मोर्चा महिला मोर्चा एवं अन्य मोर्चों के साथ पार्टी के कई पदाधिकारी तथा सदस्य मौजूद थे।

**गड्ढों में तब्दील हुई स्व. गिरजा दयाल मिश्रा महाविद्यालय जाने वाली सड़क**

# बरई जलालपुर-मखुवापुर से नेशनल हाईबे से जोड़ने वाली सड़क खस्ताहाल

## ● जलालपुर से लगाकर मखुवापुर मार्ग की मरम्मत में की गई खानापूर्ति बनी मुसीबत

संवाददाता। सीतापुर

**सरकार की** गड्ढा मुक्त सड़क की मंनसा पर लोक निर्माण विभाग खरा नहीं उतर रहा है। यही कारण है कि थोड़े ही दिनों में जलालपुर से मखुवापुर जाने वाली रोड फिर से खस्ताहाल हो गई इसी सड़क पर स्वर्गीय गिरजा दयाल मिश्रा महाविद्यालय स्थित है आने जाने वाले विद्यार्थियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सड़के गड्ढों में तब्दील हो गई हैं जिसके कारण वाहन हिचकोले खाते निकलते नजर आते हैं। इस सड़क की मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति लगभग 2 माह पहले की गई थी जो चंद दिनों बाद फिर से गड्ढों में तब्दील हो गई सड़क के गड्ढों में पानी भर जाता है बजरी उखड़ी पड़ी है जिस कारण आए दिन कोई न कोई रपट कर चोटिल होता है। जो सड़क लगभग 100 गांव को नेशनल हाईवे से जोड़ती है सड़क पर हजारों की तादात में प्रत्येक दिन राहगीरों का आवागमन होता है। इस मार्ग पर महाविद्यालय भी स्थित है जिस कारण छात्र-छात्राओं का भी आवागमन रहता है । सर्वेश कुमार ,विकास मिश्रा, राजन मिश्रा, बद्री भार्गव, जितेंद्र कुमार ,पुनीत कुमार, लोगों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि सड़क गड्ढा मुक्त कराई जाए जिससे यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से बनी रहे।

# कैप्टन मनोज पांडेय की जयंती पर दी श्रद्धाजंलि

संवाददाता। सीतापुर



**भारत तिब्बत** सहयोग मंच के जिलाध्यक्ष प्रभात अग्निहोत्री व युवा समाजसेवी सागर गुप्ता ने सीतापुर जिले के एक मात्र परमवीर चक्र विजेता अमर बलिदानी कैप्टन मनोज कुमार पांडेय की 47वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर सागर और प्रभात ने अपने साथियों के साथ कैप्टन मनोज पाण्डेय स्मॉर्क की साफसफाई कर पुष्पांजलि अर्पित की। महज 24वर्ष की युवा अवस्था में कारगिल युद्ध में अपने प्राणों का बलिदान देकर देश का मान बढ़ाने वाले परमवीर चक्र विजेता कैप्टन मनोज पाण्डेय को हम बारम्बार नमन करते है। मनोज पाण्डेय द्वारा युद्ध में किया गया अपना सर्वोच्च बलिदान युगों युगों तक आने वाली पीढ़ियों को देश सेवा के लिए प्रेरणा देगा। इस मौके पर राहत गुप्ता, आयुष गुप्ता, सुमित गुप्ता, राजीव कुमार गुप्ता, रंजीत निषाद, रंजय पाल, रामखेलावन पाल, संदीप मौर्य, हसीब गाजी, राहुल, शानू, अभिषेक वर्मा, वैभव मिश्र आदी लोगो ने श्रद्धासुमन अर्पित करें।

# जिपं सदस्य और टोल प्लाजा कंट्रोलर ने लगाया नेत्र शिविर

संवाददाता। सीतापुर

## ● लाभार्थियों को वितरित किया चश्मा

**सड़क परिवहन** एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से एकलव्य फाउंडेशन लखनऊ द्वारा आयोजित ट्रक चालकों के लिए निरूशुल्क आंखो की जांच एवं चश्मा वितरण सात दिवसीय शिविर जनता ढाबा खैराबाद टोल प्लाजा सीतापुर में छठे दिन के अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्री दीपक शुक्ला जी एवं टोल प्लाजा कंट्रोलर श्री शैलेन्द्र अवस्थी जी ,मयंक महावर जी ने कुछ ट्रक चालको को चश्मा वितरित किया। अतिथियो ने बताया कि माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी की योजना निश्चित ही ट्रक ड्राइवरों के लिए काफी फायदेमंद साबित होगी तथा आने वाले दिनों में चश्मा मिल जाने के कारण सड़क दुर्घटनाओं में अंकुश लगेगा क्योंकि ट्रक चालकों को रात्रि में बगैर चश्मे के साफ नहीं दिखाई पड़ता है चश्मा मिलने से रात में भी उनको साफ दिखाई देगा और सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी। संस्था के पदाधिकारियों ने अतिथियो को माला पहनाकर स्मृति चिन्ह देकर स्वागत एवं आभार व्यक्त किया और बताया कि ट्रक ड्राइवर अपना लाइसेंस साथ लेकर आएं और चश्मा निरूशुल्क लेकर जाये। इस अवसर पर संस्कृति महाविद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अनुज बाजपेई जी वरिष्ठ समाज सेवी श्री सुनील शुक्ला, वरिष्ठ समाज सेवी फ्लेश बाजपेई जी नेत्र परीक्षण अधिकारी डॉक्टर आफ्ताब रजा असिस्टेंट मोहित कुमार कोऑर्डिनेटर पंकज वर्मा,वंश अग्रवाल सचिन गुप्ता, कृष्णा श्रीवास्तव, राशिद,लाल मोहम्मद आदि उपस्थित रहे।

# थाना समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनीं समस्याएं

संवाददाता। लखीमपुर खीरी





**माह के** चतुर्थ शनिवार को जनपद के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस व भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। डीएम महेंद्र बहादुर सिंहए एसपी संजीव सुमन ने थाना फूलबेहड़ में आयोजित थाना समाधान दिवस पहुंचेए जहां दोनो अफसरों ने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी।थाना समाधान दिवस थाना फूलबेहड़ में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि राजस्व.पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाये। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम व तहसीलदार को अवगत कराएंए ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें। उन्होनें वहां मौजूद शिकायत पंजिका का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकी शिकायतों के बाबत स्वयं दूरभाष पर शिकायतकर्ताओ से बात कर उनका सत्यापन कर जानकारी ली कि वह शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता से सहमत है। एसपी संजीव सुमन ने कहा कि अशांति का माहौल पैदा करने वालों को चिह्नित कर कार्रवाई करें। बेहजम संवाददाता के अनुसार जून माह के चौथे शनिवार को थाना नीमगांव में समाधान दिवस का आयोजन प्रशिक्षु सीओ आदित्य कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। थाना समाधान दिवस में फरियादियों की काफी भीड़ दिखाई दी। थाना समाधान दिवस पर लोगों की शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनने के बाद सीओ आदित्य कुमार ने गांव में जाकर रास्ते नाली व थरिया गांव में प्रधान के द्वारा तालाब खुदाई में व्यवधान उत्पन्न करने वालों को चिन्हित कर समस्या को हल करने पर जोर दिया। वहीं मौके पर पहुंचे दोनों पक्षों की बात सुनते ही मामले सुलझाये भी गये। समाधान दिवस में पति पत्नी के परिवारिक मामलों को महिला थाने से निपटाने पर जोर दिया गया। समाधान दिवस में थाना प्रभारी देवेन्द्र गंगवार के साथ साथ चौकी प्रभारी बेहजम सुनील बाबू अवस्थी दरोगा करुणा शंकर मिश्रा एसआई हरिनाथ सिंह व गौरव सिंह सहित राजस्व निरीक्षक शैलेश अवस्थी के साथ क्षेत्रीय लेखपाल और पुलिस स्टाफ के साथ काफी संख्या में फरियादी मौजूद रहे।

# दो माह में 58 अति कुपोषित बच्चों की सेहत सुधरने का दावा



**लखीमपुर खीरी।** संपूर्ण सुपोषण अभियान के तहत अति कुपोषित सैम श्रेणी के 58 बच्चों को कुपोषण से मुक्ति मिलने का प्रशासन ने दावा किया। दावे के मुताबिक इसमें डीएम का गोद लिया बच्चा गुड्डू भी शामिल है। सूचना विभाग द्वारा जारी प्रेस नोट के मुताबिक सभी सैम से सामान्य श्रेणी तक आने वाले 58 बच्चों को संपूर्ण सुपोषण अभियान के तहत अफसरों ने गोद लिया। इनका नियमित अनुश्रवणए पर्यवेक्षण किया। इसमें स्थानीय आंगनबाड़ी व सहायिकाओं ने भी बड़ी भूमिका निभाई। प्रत्येक माह गोद लिए अ ?सरो ने इन्हें सुपोषण किट उपलब्ध कराई। इन 58 बच्चों को सीएमओ डाण् शैलेंद्र भटनागर व उनकी टीम ने स्वस्थ व सामान्य घोषित किया।

शनिवार को डीएम अपने गोद लिए ब्लॉक फूलबेहड़ के गांव मैनहा पहुंचे। डीएम ने गोद लिए मैनहा गांव के अति कुपोषित श्रेणी के दो बच्चों ;दो माह के गुड्डू व एक वर्षए 11 माह की लक्ष्मीद्ध के अभिभावकों को सुपोषण किट प्रदान की। डीएम ने दावा किया कि गुड्डू अब सामान्य श्रेणी में आ चुका है। उन्होंने इसका श्रेय सीडीपीओ व आंगनबाड़ी कार्यकत्री को दिया। डीएम ने डीपीओ सुनील कुमार श्रीवास्तव की मौजूदगी में आंगनबाड़ी केंद्र मैनहा में वजन सप्ताह का दीप जलाकर व फीता काटकर शुभारंभ किया। आंगनबाड़ी केंद्र में नामांकित बालिका 05 वर्षीय अलका का डीएम ने अपने सन्मुख स्टेडियोमीटर से नाप कराइ जो 104 सेमी निकली व वजन 14 किलो निकला। बालिका सामान्य श्रेणी में मिली। संभव अभियान के तहत वजन सप्ताह 25 जून से 30 जून तक चलेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि केंद्रों में नामांकित सभी बच्चों का वजनए माप कराए। कोई भी बच्चा वंचित न रहने पाए। आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चे रोहित ने डीएम को गिनती सुनाईए जिस पर डीएम ने बच्चे को न केवल पुरस्कृत किया बल्कि उसका उत्साह बढ़ाया।

# पेज एक का शेष

## डिप्टी स्पीकर...

दिया है। इस गुट ने स्पष्ट कहा कि हां, हमें डिप्टी स्पीकर के कार्यालय से नोटिस मिला है। चिंता करने की कोई बात नहीं है। हम अयोग्य नहीं होंगे। हम नोटिस का जवाब देंगे। अगर जरूरत पड़ी तो हम डिप्टी स्पीकर द्वारा जारी नोटिस के खिलाफ अदालत का रुख करेंगे। विद्रोही विधायक दीपक केसरकर ने शिंदे खेमे की ओर से बोलते हुए कहा कि बागी विधायक शिवसेना का ही हिस्सा थे और वे राज्य विधानसभा में पार्टी की अलग विंग स्थापित करेंगे। उन्होंने कह कि हम किसी राजनीतिक दल में विलय नहीं करने जा रहे हैं। इस बीच, उद्धव ठाकरे की अध्यक्षता में आयोजित शिवसेना की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता एकनाथ शिंदे द्वारा किए गए विद्रोह के मद्देनजर पांच राजनीतिक प्रस्ताव पास किए गए। पहले प्रस्ताव में, शिवसेना ने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में पूर्ण विश्वास व्यक्त किया और पार्टी से संबंधित सभी आवश्यक निर्णय लेने के लिए उन्हें अधिकृत किया।

## मोदी ने...

कहा कि प्रधानमंत्री ने 2002 के दंगों को नियंत्रित करने के लिए सब कुछ किया। लेकिन प्रत्येक थाने में बमुश्किल 150 पुलिसकर्मी हिंसा के पैमाने को नियंत्रित करने में समय लगता है।पूर्व आईपीएस अधिकारी केपीएस गिल ने कहा था कि इससे ज्यादा तटस्थ और त्वरित कार्रवाई मैंने नहीं देखी। शाह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने प्रधानमंत्री की छवि खराब करने के लंबे अभियान पर विराम लगा दिया है।

## तीस्ता सीतलवाड़...

खतरा होने की आशंका जताई। पुलिस सूत्रों ने कहा कि अहमदाबाद लाए जाने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। हिरासत में मौत के मामले में भट्ट को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। गुजरात एटीएस के एक सूत्र ने बताया, सीतलवाड़ को गुजरात एटीएस ने अहमदाबाद अपराध शाखा द्वारा दर्ज प्राथमिकी के सिलसिले में मुंबई में हिरासत में लिया है। मुंबई में एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि अहमदाबाद पुलिस ने सीतलवाड़ को सांताक्रूज स्थित उनके आवास से हिरासत में लिया और स्थानीय पुलिस को सूचित करने के बाद उन्हें अपने साथ ले गई।सीतलवाड़ के वकील विजय हिरेमथ ने आरोप लगाया, उन्हें गुजरात आतंकवाद निरोधी दस्ता अपने साथ ले गया है....हमें मामले के बारे में पहले से सूचित नहीं किया गया था। वे जबरदस्ती घर में घुस गए और अपने साथ ले जाने से पहले उनके साथ मारपीट की। लेकिन एक स्थानीय पुलिस अधिकारी ने इस बात से इनकार किया कि सीतलवाड़ से मारपीट की गई थी। अहमदाबाद अपराध शाखा के निरीक्षक डी. बी. बराड द्वारा दायर की गई शिकायत, जिस पर प्राथमिकी आधारित है, ने सीतलवाड़, भट्ट और श्रीकुमार पर आरोप लगाया कि उन्होंने कई लोगों को एक अपराध में दोषी ठहराने के लिए झूठे सबूत गढ़कर कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग करने की साजिश रची है।

## जो बाइडन...

को इस विधेयक को अमेरिकी संसद के उच्च सदन सीनेट से और शुक्रवार को निचले सदन प्रतिनिधि सभा से मंजूरी मिल गई थी। अब बाइडन के हस्ताक्षर करने के साथ ही यह विधेयक एक कानून बन गया है। बाइडन ने यूरोप में दो शिखर सम्मेलनों के लिए वाशिंगटन से रवाना होने से ठीक पहले विधेयक पर हस्ताक्षर किए। तेरह अरब डॉलर के इस विधेयक के तहत कम उम्र के बंदूक खरीदारों की पृष्ठभूमि की कड़ी जांच की जाएगी और राज्यों को खतरनाक समझे जाने वाले लोगों से हथियार वापस लेने का अधिकार दिया जाएगा। इसके अलावा विद्यालयों की सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य एवं हिंसा की रोकथाम के स्थानीय कार्यक्रमों को निधि मुहैया कराई जाएगी। अमेरिका को हिलाकर रख देने वाली गोलीबारी की घटनाओं के परिप्रेक्ष्य में यह कानून अत्यंत महत्वपूर्ण है। टेक्सास में हुई घटना से कुछ दिन पहले नस्ली भावना रखने वाले 18 वर्षीय एक श्वेत युवक ने अमेरिका के बफेलो शहर के एक सुपरमार्केट में अंधाधुंध गोलबारी कर 10 अश्वेत लोगों की हत्या कर दी थी।

## अग्निपथ परिवर्तनकारी...

ने एक न्यूज चैनल के एक कार्यक्रम में कहा, योजना को लागू करने दीजिए। हम हर साल इसकी समीक्षा करेंगे और अगर कोई खामी या चुनौती आएगी तो हम उन्हें दूर करने की कोशिश करेंगे। यह हमारी सरकार का वादा है। उन्होंने कहा कि यह सशस्त्र बलों में भर्ती की प्रक्रिया में क्रांतिकारी बदलाव होगा। अग्निवीर के तौर पर भर्ती 75 प्रतिशत युवकों की सेवा चार साल में समाप्त होने का संदर्भ देते हुए सिंह ने कहा कि सरकार ने उनके लिए कुछ योजना बनाई है। उन्होंने कहा, जब भी कोई योजना आती है तो लोगों के दिमाग में उनके प्रति कुछ आशंकाएं होती हैं।

## मुर्मू का...

कुछ मुद्दों पर पहले बात की जाएगी और उसके बाद ही पार्टी द्रौपदी मुर्मू की उम्मीदवारी को समर्थन देने के बारे में अंतिम फैसला करेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन राष्ट्रपति चुनाव में पार्टी का रुख तय करने से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करेंगे। हालांकि पार्टी के मुख्य प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने बैठक के बाद कहा कि अभी राष्ट्रपति पद पर समर्थन के मुद्दे पर पार्टी ने कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया है और इस बारे में अंतिम निर्णय लेने से पूर्व पार्टी के विधायकों एवं सांसदों की एक और बैठक की जाएगी। बैठक के बाद झामुमो नेता और राज्य के मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने भी कहा कि बैठक में राज्य हित और देश हित के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई।

## ओमेगा-3 फैटी...

समुद्र में लिपिड की संरचना बदल रही है। यह चिंता का कारण है। हमें उन लिपिडो की आवश्यकता है जो समुद्र में हैं क्योंकि वे भोजन की गुणवत्ता को प्रभावित करते हैं जो महासागर मानव व जीवों के लिए पैदा करता है। मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नौलॉजी (एमआईटी)में डॉक्टरेट के छात्र व पत्रिका के लेख के प्रमुख लेखक हेनरी सी होल्म कहते हैं कि समुद्र में सभी जीवों को पानी के तापमान से जूझना पड़ता है। इस अध्ययन के साथ, हमने महत्वपूर्ण जैव रासायनिक तरीकों में से एक का खुलासा किया है कि कोशिकाएं ऐसा कर रही हैं। ईपीए के बारे में इन निष्कर्षों को एक ऐसी विधि का उपयोग करके संभव बनाया गया है जो हमें प्रत्येक नमूने में जिलसेरोलिपिड्स की एक पूरी तस्वीर देता है। हमने देखा कि तापमान हर जगह सेल झिल्ली की संतृप्ति से जुड़ा हुआ था जिसे हमने समुद्र में देखा था। पेपर में कहा गया कि ये रुझान अन्य सभी ग्लिसरॉलिपिड वर्गों के साथ-साथ सभी ग्लिसरॉलिपिड वर्गों के कुल एकत्रित लिपिडोम में भी यह स्पष्ट हैं।

## पश्चिमी हिमालई...

कहा कि यह मांसाहारी पौधा ऐसी प्रजाति का है, जिसे आमतौर पर ब्लैडरवॉर्ट्स के रूप में जाना जाता है। मांसाहारी पौधे ज्यादातर ताजे पानी और गीली मिट्टी में पाए जाते हैं। सामान्य पौधों की तुलना में भोजन और पोषण की व्यवस्था करने का उनका पूरी तरह से अलग तरीका है। चतुर्वेदी ने कहा, यह पौधा प्रोटोजोआ से लेकर कीड़े, मच्छर के लार्वा और यहां तक कि मेंढक के बच्चों को पकड़ने के लिए एक बहुत ही परिष्कृत और विकसित संरचना का उपयोग करता है। शिकार पकड़ने के लिए कपाटयुक्त संरचना का संचालन एक यांत्रिक प्रक्रिया पर आधारित होता है। इसके तहत यह शिकार को अपने कपाट के अंदर खींचने के लिए पहले एक तरह का निर्वात उत्पन्न करता है, ताकि बाहर दबाव अधिक होने के कारण कपाट खुल जाए और शिकार अंदर आ जाए।

## उप्र के...

के हथियार एक खेत में मिले थे। अधिकारी ने कहा, शुरुआत में, उसने इन चीजों को यह सोचकर छिपाने की कोशिश की कि उसे कुछ कीमती वस्तुएं मिली हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने बाद में उसके पास से ए वस्तुएं बरामद कर लीं। पटेल ने कहा, हम गांव में करीब आठ दिन रहे और जिस खेत से वस्तुएं मिलीं, वहां की वैज्ञानिक जांच की। उन्होंने कहा, यह पाया गया कि जो हथियार और अन्य वस्तुएं मिली हैं, वे 3800-4000 साल पुरानी हैं और ताम्रपाषाण या ताम्र युग की हैं। हथियार शुद्ध तांबे से बने हुए हैं। पटेल ने कहा कि हथियारों में एक मीटर तक की तलवारें और कई प्रकार की बर्छी शामिल हैं तथा एक बर्छी चारधारी है। उन्होंने कहा कि हथियारों के आकार को देखते हुए ऐसा लगता है कि इनका इस्तेमाल योद्धाओं या सैनिकों द्वारा किया गया होगा। उन्होंने कहा, हमें गेरूए रंग के मिट्टी के बर्तनों के टुकड़े भी मिले हैं। एएसआई के प्रवक्ता वसंत कुमार स्वर्णकार ने कहा कि गंगा-यमुना दोआब क्षेत्र में अकसर ऐसी वस्तुएं पाई जाती हैं। उन्होंने कहा, हमारी जांच जारी है और उपयुक्त जांच के बाद ही हम निष्कर्षों पर अधिक बात कर पाएंगे।

# असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर

## सिलचर शहर छठे दिन भी जलमग्न

**भाषा।** गुवाहाटी

**असम में** शनिवार को भी बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी रही और इस प्राकृतिक आपदा में जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 118 हो गई है। कछार जिले का सिलचर शहर छठे दिन भी जलमग्न रहा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पिछले 24 घंटों में बाढ़ और भूस्खलन के कारण दस लोगों की मौत हुई है जिनमें बारपेटा, धुबरी, करीमगंज और उदलगुरी जिलों के दो-दो व्यक्ति और कछार तथा मोरीगांव के एक-एक व्यक्ति शामिल हैं। असम राज्य प्रबंधन आपदा प्राधिकरण (एएसडीएमए) द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार, 28 जिलों में बाढ़ प्रभावित लोगों की संख्या अब घटकर 33.03 लाख रह गई है, जबकि शुक्रवार तक 30 जिलों में यह आंकड़ा 45.34 लाख था। अधिकारियों ने कहा कि कुछ जिलों में स्थिति में मामूली सुधार हुआ है। नदियों का जल स्तर कुछ हद तक कम हुआ है। हालांकि, धुबरी में ब्रह्मपुत्र और नगांव में कोपिली नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। उपायुक्त कीर्ति जल्ली ने कहा कि कछार जिला प्रशासन बीमार लोगों को अस्पताल पहुंचाने को प्राथमिकता देने के साथ सिलचर में बचाव अभियान चला रहा है। उन्होंने कहा कि वायुसेना के हेलीकॉप्टर की मदद से भोजन के पैकेट, पीने के पानी की बोतलें और अन्य जरूरी चीजें शहर में वितरित की जा रही हैं तथा यह कार्य तब तक जारी रहेगा जब तक कि स्थिति में सुधार नहीं हो जाता। बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत सामग्री उपलब्ध कराने के साथ-साथ बाढ़ की स्थिति पर नजर रखने के लिए सिलचर में दो ड्रोन भी तैनात किए गए हैं। सिलचर में ईटानगर और भुवनेश्वर से पहुंचे 207 कर्मियों के साथ राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के आठ दलों तथा 120 कर्मियों वाली एक सैन्य टुकड़ी तथा दीमापुर से लाई गईं नौ नौकाओं को तैनात किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि सिलचर में लगभग तीन लाख लोग भोजन, स्वच्छ पेयजल और दवाओं की भारी कमी से जूझ रहे हैं। एएसडीएमए बुलेटिन के मुताबिक, राज्य में सबसे अधिक बाढ़ प्रभावित जिला बारपेटा है, जहां 8,76,842 लोग प्रभवित हुए हैं। इसके बाद नगांव (5,08,475), कामरूप (4,01,512) और धुबरी में 3,99,945 लोग प्रभावित हुए हैं। इसमें कहा गया है कि बाढ़ से 93 राजस्व मंडल और 3,510 गांव प्रभावित हुए हैं, जबकि 2,65,788 लोगों ने 717 राहत शिविरों में शरण ली है। शिविरों में शरण नहीं लेने वाले बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच 409 राहत केंद्रों से राहत सामग्री वितरित की गई।



पश्चिम बंगाल में बारिश से अपने को बचाता एक रिक्शा चालक

## प्रधानमंत्री ने मुझसे असम की राजनीति में बने रहने को कहा: हिमंत

**भाषा।** गुवाहाटी

**असम के** मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने शनिवार को दावा किया कि 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास के लिए राज्य की राजनीति पर ध्यान केंद्रित करने को कहा था। सरमा ने कहा कि जब वह राज्य के कैबिनेट मंत्री थे तब प्रदेश भाजपा ने सुझाव दिया था कि वह 2019 का लोकसभा चुनाव लड़ें, लेकिन मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उन्हें मना कर दिया। उस समय मुख्यमंत्री सर्वानंद सोनोवाल थे। पिछले साल विधानसभा चुनाव के बाद सरमा मुख्यमंत्री बने और सोनोवाल राज्यसभा के लिए चुने गए और बाद में वह केंद्रीय मंत्री बने। मोदी पर एक किताब का विमोचन करते हुए सरमा ने कहा, यह लोकसभा चुनाव (2019) के लिए टिकट वितरण का समय था। हमारी (पार्टी की) प्रदेश समिति ने सुझाव दिया कि मैं चुनाव लड़ूं। सरमा ने कहा कि उस रात उन्होंने मोदी और शाह से मुलाकात की। इस दौरान, प्रधानमंत्री ने उन्हें असम की राजनीति में बने रहने के लिए कहा।

## बीपीएससी लीक मामला: जदयू से जुड़े निजी कॉलेज का प्रधानचार्य गिरफ्तार

**भाषा।** पटना

**बिहार के** एक निजी कॉलेज के प्रधानाचार्य शक्ति कुमार का नाम बिहार लोकसेवा आयोग (बीपीएससी) प्रश्नपत्र लीक मामले में मुख्य आरोपी के तौर पर सामने आया है और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। जानकारी के मुताबिक इस कॉलेज की संबद्धता की मियाद कई साल पहले ही खत्म हो गई थी, इसके बावजूद उसे कई परीक्षाओं का केंद्र बनाया गया।

मामले की जांच कर रही बिहार पुलिस की आर्थिक अपराधा शाखा (ईओयू) ने बताया कि शक्ति कुमार को गया जिले से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि कुमार संध्याकालीन महाविद्यालय के प्रधानाचार्य थे, जिसकी संबद्धता वर्ष 2018 में ही समाप्त हो चुकी थी। कुमार के कॉलेज को भी आठ मई को हुई बीपीएससी की प्रशासनिक सेवा की प्रारंभिक परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र बनाया गया था। हालांकि, प्रश्नपत्र लीक होने और प्रश्नपत्र सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इसे रद्द कर दिया गया था। ईओयू ने बताया कि कुमार राम शरण सिंह संध्याकालीन महाविद्यालय में परीक्षा केंद्र के अधीक्षक के तौर पर मौजूद थे और उन्होंने प्रश्नपत्र को स्कैन कर व्हाट्सऐप के जरिए कपिल देव नामक व्यक्ति के साथ साझा किया था। ईओयू के मुताबिक सिविल डिफेंस अकाउंट्स में कर्मचारी कपिल देव ने प्रश्नपत्र की स्कैन प्रति इंजीनियरिंग में स्नातक और प्रश्नपत्र लीक गिरोह के कथित मास्टरमाइंड पिंटू यादव को दिया था।

पुलिस ने बताया कि कपिल देव और पिंटू यादव को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इस बीच, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जदयू के लिए यह तथ्य सामने आने के बाद असहज स्थिति पैदा हो गई है कि शक्ति कुमार के करीबी रिश्ते पार्टी के संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा से हैं। कुशवाहा ने संवाददाताओं से बातचीत करते हुए इस तथ्य से इंकार नहीं किया कि शक्ति कुमार राष्ट्रीय लोक समता पार्टी में अहम पद पर थे जिसकी स्थापना उन्होंने की थी और वह उक्त पार्टी के अध्यक्ष थे। कुशवाहा ने राष्ट्रीय लोक समता पार्टी का जदयू में विलय कर दिया था। कुशवाहा ने कहा, उन्हें (शक्ति कुमार को) जांच के दौरान कोई लाभ नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा, कानून अपना काम करेगा। इस बात की जांच की जानी चाहिए कि कैसे महाविद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया, जबकि उसकी संबद्धता समाप्त हो चुकी थी।

## महाराष्ट्र में केवल सत्ता परिवर्तन नही, बल्कि शिवसेना को कमजोर करने की योजना है: भाजपा नेता का दावा

**भाषा।** नई दिल्ली

**भाजपा को** महाराष्ट्र में सरकार बनाने का दावा पेश करने की कोई जल्दी नहीं है, बल्कि वह तब तक इंतजार करेगी जब तक कि शिवसेना में बगावत के शोर का नकारात्मक असर नगर निगम और नगर निकाय स्तर पर उसकी ताकत पर ना दिखने लगे। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने यह दावा किया। इस नेता ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि महाराष्ट्र में मौजूदा सत्ता संघर्ष केवल राज्य में सत्ता परिवर्तन के लिए नहीं है, बल्कि शिवसेना के समर्थकों को अपने पक्ष में करके हिंदुत्व के मुद्दे पर अपनी पकड़ मजबूत करने की दिशा में भाजपा का एक ठोस प्रयास है। भाजपा नेता ने आगे कहा कि इस दिशा में पहला कदम शिवसेना के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे के आदर्शों को बनाए रखने का संकल्प लेकर एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना के खेमे को मजबूत करना है, ताकि उनकी तरफ से अधिकतम बागी विधायकों की उपस्थिति सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद उद्धव ठाकरे के विश्वासघात से भाजपा बेहद परेशान थी, जब उन्होंने दशकों पुराने भगवा गठबंधन को तोड़ते हुए राकांपा और कांग्रेस से हाथ मिलाया था।

उन्होंने कहा कि शिवसेना में दरार महाराष्ट्र विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार के गठन के समय से है, लेकिन इसकी अंतिम बानगी 20 जून को विधान परिषद चुनाव की मतगणना के दौरान देखने को मिली। भाजपा और एमवीए सहयोगियों द्वारा उठाई गई कुछ आपत्तियों और जवाबी आपत्तियों पर सोमवार शाम को कुछ घंटों के लिए मतगणना रुकने पर शिवसेना नेताओं को कुछ गड़बड़ होने का अहसास हुआ। शिंदे ने बागी विधायकों के शुरुआती समूह का नेतृत्व किया और उन्हें गुजरात ले गए, जिससे शिवसेना में तोड़फोड़ की योजना को गति मिली। शिंदे के नाराज होने का एक प्रमुख कारण उनके पास मौजूद शहरी विकास विभाग पर मुख्यमंत्री और उनके विश्वासपात्रों का कड़ा नियंत्रण था। वरिष्ठ नेता ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर महाराष्ट्र भाजपा के नेता चुप्पी साधे हुए हैं। पिछले कुछ दिनों में शिंदे खेमे में बागी विधायकों की संख्या बढ़ गई है, जिससे एमवीए सरकार के बने रहने पर सवाल उठ रहे हैं।

## महाराष्ट्र सरकार अल्पमत में, बागी विधायकों को धमकी न दें शिवसैनिक: आठवले

**भाषा।** मुंबई

**केंद्रीय मंत्री** रामदास आठवले ने शनिवार को कहा कि महाराष्ट्र की महा विकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन सरकार अब विधानसभा में अल्पमत में है क्योंकि शिवसेना के दो तिहाई विधायक बागी नेता एकनाथ शिंदे के साथ चले गए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात करने के बाद आठवले ने संवाददाताओं से कहा, शिवसेना के बागी नेता एकनाथ शिंदे के पास दो तिहाई से अधिक विधायकों का समर्थन है जिसके बाद एमवीए सरकार अल्पमत में आ गई है। फडणवीस ने मुझे बताया कि इस घटनाक्रम में भारतीय जनता पार्टी की कोई भूमिका नहीं है। उन्होंने बताया कि भाजपा ने न तो इस विद्रोह की शुरुआत की है और न ही समर्थन दिया है। भाजपा इंतजार करने की मुद्रा में है। उन्होंने यह भी कहा कि शिवसेना कार्यकर्ताओं को बागी विधायकों को धमकी नहीं देनी चाहिए। आठवले ने कहा, अगर शिवसेना के कार्यकर्ता दादागीरी करेंगे तो हम भी उसी तरीके से प्रतिक्रिया देने में सक्षम हैं। आरपीआई (ए) के अध्यक्ष ने कहा कि 20 जून को महाराष्ट्र विधान परिषद के चुनाव होने के बाद बगावत करने वाले शिंदे के प्रति उनके मन में सहानुभूति है।

## एकनाथ शिंदे के पैतृक गांव के लोगों ने किया उनका समर्थन, उन्हें मुख्यमंत्री बनते देखने की इच्छा जताई

**भाषा।** सतारा (महाराष्ट्र)

**शिवसेना के** बागी नेता एकनाथ शिंदे के महाराष्ट्र के सतारा जिले में स्थित पैतृक गांव डारे के लोगों ने उनका समर्थन करते हुए कहा है कि वह जरुरत पड़ने पर आम लोगों की मदद करते हैं और उन्होंने अब तक जो भी फैसले लिए हैं वह सही साबित हुए हैं। करीब 80 घरों वाले गांव के लोगों का कहना है कि वे शिंदे के साथ मजबूती से खड़े हैं और उन्हें जल्द ही राज्य का मुख्यमंत्री बनते देखना चाहते हैं। गांव के लोगों ने शिंदे को आम आदमी का नेता बताते हुए उनका समर्थन किया है।



शिवसेना के अधिकांश विधायक एकनाथ शिंदे के खेमे में आ गए हैं और असम की राजधानी गुवाहाटी में डेरा डाले हुए हैं, जिसके चलते महाराष्ट्र में महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार संकट में घिर गई है। असम में इस समय शिंदे के साथ शिवसेना के कम से कम 37 विधायक और 10 निर्दलीय विधायक हैं। शिंदे ने दावा किया है कि उनके नेतृत्व वाला समूह ही "वास्तविक शिवसेना" है। हालांकि, 58 वर्षीय शिंदे सतारा के रहने वाले हैं, लेकिन उन्होंने खुद को मुंबई से लगे ठाणे-पालघर क्षेत्र में शिवसेना के एक प्रमुख नेता के रूप में स्थापित किया है। ठाणे शहर के कोपरी-पछपाखड़ी के मौजूदा विधायक शिंदे को जनहित के मुद्दों के प्रति आक्रामक रुख के लिए जाना जाता है। शिंदे की अगुवाई में शिवसेना के विधायकों के एक समूह द्वारा पार्टी नेतृत्व के खिलाफ मंगलवार को विद्रोह किए जाने से राज्य में मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे नीत सरकार संकट में घिर गई है। शिवसेना के अलावा कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी भी इस गठबंधन का हिस्सा हैं। कोयना नदी के तट पर बसे डारे गांव के लोगों ने कहा है कि वे शिंदे का तहे दिल से समर्थन करते हैं। यह गांव वाई-महाबलेश्वर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। डारे गांव में रहने वाले रुपेश शिंदे ने कहा, "हम शिंदे साहब के साथ मजबूती से खड़े हैं। उनके जैसा कोई दूसरा व्यक्ति नहीं है। वह गरीबों तथा जरुरतमंदों की मदद करते हैं और नियमित रूप से गांव में आते हैं। हमारी शुभकामना हमेशा उनके साथ है। एक अन्य ग्रामीण संपत शिंदे ने एक क्षेत्रीय चैनल को बताया कि शिंदे पिछले 35-40 वर्षों से लोगों की मदद कर रहे हैं।

## महबूबा ने जम्मू कश्मीर के युवाओं से आतंकवाद छोड़ने की अपील की

**भाषा।** श्रीनगर

**पीपुल्स डेमोक्रेटिक** पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कश्मीर के युवाओं से आतंकवाद छोड़ने और अपनी जान बचाने की अपील करते हुए शनिवार को दावा किया कि उनकी (कश्मीरी युवाओं की) जान लेने पर सुरक्षा बलों को पैसे और पदोन्नति मिलती है। मुफ्ती ने यहां संवाददाताओं से कहा, मैं रोज सुनती हूं कि तीन या चार युवक मारे गए हैं, जिसका मतलब है कि यहां स्थानीय भर्ती बढ़ गई है।



उन्होंने कहा, माता-पिता और बच्चों से मेरा अनुरोध है कि वे अपनी जान बचाएं क्योंकि आपकी जान लेना उनके (सुरक्षा बलों के) लिए फायदे की चीज है। उन्होंने दावा किया, इसके लिए उन्हें (सुरक्षा बलों को) पैसे और पदोन्नति मिलती है। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर उतार-चढ़ाव के दौर से गुजर रहा है और आने वाले समय में उसे अपने युवाओं की जरूरत पड़ेगी। पीडीपी प्रमुख ने कहा, इसलिए, हथियार नहीं उठाइए। वे हर दिन तीन-चार लोगों की जान लेते हैं...मैं आपसे अपील करती हूं कि यह सही नहीं है और आपको इसे छोड़ देना चाहिए। कश्मीर पंडितों की लक्षित हत्याओं को लेकर समुदाय के लोगों के प्रदर्शन का जिक्र करते हुए मुफ्ती ने कहा कि मौलवियों सहित लोगों को इस बात पर जोर देना चाहिए कि कश्मीरी पंडित समाज का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा, कश्मीरी पंडित अब भी प्रदर्शन कर रहे हैं। मेरे कार्यकाल (मुख्यमंत्री रहने) के दौरान जब स्थिति खराब थी तब भी कोई कश्मीरी पंडित नहीं मारा गया था। हमने उन्हें 17 महीनों का वेतन दिया, जबकि वे इस अवधि में अपने घर पर थे। मैं हमारे लोगों, हमारे मौलवियों से यह घोषणा करने की अपील करती हूं कि वे (कश्मीरी पंडित) हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने आरोप लगाया, यहां जब कभी कुछ गलत होता है, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) हमें बदनाम करने के लिए इस समुदाय (कश्मीरी पंडित) का इस्तेमाल करती है। इस साल की अमरनाथ यात्रा के लिए अभूतपूर्व सुरक्षा इंतजाम किए जाने के बारे में पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशासन ने ऐसा माहौल बना दिया है जैसे कि कोई हमलावर आ रहा है।

## राहुल गांधी के कार्यालय पर हुए हमले के मामले में एसएफआई के 19 कार्यकर्ता गिरफ्तार

**भाषा।** वायनाड (केरल)

**केरल के** वायनाड में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के कार्यालय पर हुए हमले के संबंध में सत्तारूढ़ माकपा की छात्र इकाई स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) के 19 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में शनिवार को और गिरफ्तारियां होने की संभावना है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए सभी व्यक्तियों की पहचान एसएफआई के स्थानीय कार्यकर्ताओं के रूप में हुई है और एक अदालत ने उन्हें दो सप्ताह के लिए हिरासत में भेज दिया है।

पुलिस ने बताया, अब तक 19 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कुछ और लोगों को हिरासत में लिया गया है तथा आज और गिरफ्तारियां होने की उम्मीद है। फिलहाल मामले की जांच मनंतवाडी के पुलिस उपाधीक्षक कर रहे हैं और जल्द ही इसे एडीजीपी के नेतृत्व वाले विशेष जांच दल को सौंप दिया जाएगा। गांधी के कार्यालय में तोड़फोड़ के कुछ घंटों बाद वाम सरकार ने शुक्रवार रात एडीजीपी रैंक के एक अधिकारी से उच्च स्तरीय जांच कराने का आदेश दिया था, जबकि कलपेट्टा के पुलिस उपाधीक्षक को निलंबित कर दिया। इस बीच, विपक्षी दल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि गांधी के कार्यालय में तोड़फोड़ और हिंसा सत्तारूढ़ मार्क्सवादी पार्टी और उसके शीर्ष नेतृत्व की जानकारी में की गई। कांग्रेस नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष वी.डी सतीशन आज सुबह क्षतिग्रस्त कार्यालय पहुंचे और दावा किया कि मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की जानकारी में यह सबकुछ किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज का एक पूर्व निजी कर्मचारी यहां गांधी के कार्यालय पर हुए हमले में शामिल था।

## कश्मीरी पंडितों ने अपनी मांग को लेकर फिर किया प्रदर्शन

**जम्मू।** सैकड़ों प्रवासी कश्मीरी पंडित कर्मचारियों ने शनिवार को यहां एक बार फिर प्रदर्शन किया और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से घाटी से बाहर स्थानांतरित करने की उनकी मांग को स्वीकार करने का आग्रह किया। जम्मू प्रेस क्लब के बाहर आल माइग्रेंट एम्प्लॉईज एसोसिएशन कश्मीर के बैनर तले एकत्र हुए प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वे घाटी में ही सुरक्षित स्थान पर उनके स्थानांतरण के सरकार के प्रस्ताव को खारिज करते हैं। प्रदर्शनकारियों में शामिल ए के भट ने संवाददाताओं से कहा, कश्मीरी पंडित कर्मचारी पिछले 40 दिन से प्रदर्शन कर रहे हैं। कश्मीर में भयावह स्थिति है और जान का खतरा है इसलिए कहीं और स्थानांतरित किए जाने की हमारी मांग जायज है। उन्होंने कहा, पंडित कर्मचारी केवल कश्मीर की सेवा करने के लिए हैं यह प्रशासन में कुछ लोग मानते हैं। जम्मू में कुछ ऐसे जिले हैं जहां उनकी जरूरत है और वे समाज के हित के लिए बेहतर काम कर सकते हैं।

## क्विक न्यूज

### गुवाहाटी, सूरत में होटल का बिल कौन भर रहा है, काले धन के स्रोत का पता लगाया जाए: राकांपा

**मुंबई।** शिवसेना के विधायकों के एक बड़े वर्ग की बगावत के कारण महाराष्ट्र में उपजे राजनीतिक संकट के बीच राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने शनिवार को जानना चाहा कि गुवाहाटी और सूरत में होटल के बिल का भुगतान कौन कर रहा है। शिवसेना के ए बागी विधायक फिलहाल असम में डेरा डाले हुए हैं। राज्य में शिवसेना और कांग्रेस के साथ सत्ता साझा कर रही शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा ने आयकर विभाग (आईटी) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से काले धन के स्रोत का पता लगाने के लिए भी कहा। राकांपा के मुख्य प्रवक्ता महेश तापसे ने पूछा, सूरत और गुवाहाटी के होटल के साथ-साथ विशेष विमानों के बिल कौन चुका रहा है? क्या यह सच है कि खरीद-फरोख्त की कीमत 50 करोड़ रुपए है? उन्होंने कहा, अगर ईडी और आईटी विभाग सक्रिय हो जाते है, तो काले धन के स्रोत का खुलासा हो जाएगा। शिवसेना के ज्यादातर विधायक एकनाथ शिंदे के प्रति समर्थन दिखाते हुए गुवाहाटी में डेरा डाले हुए है, जिससे मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार संकट में है। गुवाहाटी के एक होटल में बागी विधायकों के डेरा डालने से पहले शिंदे और कई अन्य विधायक सूरत के एक होटल में ठहरे थे।

### गुजरात तट के पास भागने की कोशिश के दौरान बीएसएफ की गोली से दो पाकिस्तानी मछुआरे घायल

**अहमदाबाद।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने गुजरात के कच्छ जिले के पास भारत-पाक सीमा के करीब हरामी नाला क्रीक क्षेत्र से दो पाकिस्तानी मछुआरों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बीएसएफ ने शुक्रवार देर रात जारी एक बयान जारी कर बताया कि दोनों पाकिस्तानी मछुआरों को कुछ दूर पीछा करने के बाद पकड़ लिया गया। हालांकि, पाकिस्तान की ओर भागने की कोशिश के दौरान उन्हे टखने में गोली लग गई। बीएसएफ ने कहा, 23 जून 2022 को शुरू हुए एक तलाशी अभियान में बीएसएफ भुज ने शनिवार को पीछा करते हुए हरामी नाला क्षेत्र से दो पाकिस्तानी मछुआरों को पकड़ा। दोनों को पाकिस्तान की ओर भागने की कोशिश करते समय टखने में गोली लग गई। बीएसएफ के गश्ती दल ने बृहस्पतिवार को गश्त के दौरान हरामी नाला इलाके में मछली पकड़ने वाली पाकिस्तानी नौकाओं की आवाजाही देखी। बयान में कहा गया है, गश्ती दल तुरंत मौके पर पहुंचा और हरामी नाला क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से मछली पकड़ने वाली नौ पाकिस्तानी नौकाओं को जब्त कर लिया। बयान के अनुसार, पाकिस्तानी मछुआरों ने भागने की कोशिश की, जो 300 वर्ग किलोमीटर से अधिक के क्षेत्र में फैले इलाके में छिपे हुए थे। बीएसएफ ने तलाशी अभियान जारी रखा और पूरे इलाके की घेराबंदी कर पड़ोसी देश की तरफ भागने के सभी संभावित रास्तों को बंद कर दिया। बयान के मुताबिक, गश्ती दल ने भाग रहे पाकिस्तानी मछुआरों को चेतावनी दी, लेकिन जब वे नही रुके तो बीएसएफ के जवानों को दोनों को पकड़ने के लिए गोलियां चलानी पड़ी। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तानी मछुआरों को टखने में गोली लगी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। बीएसएफ के अनुसार, इन मछुआरों की पहचान पाकिस्तान के जीरो प्वाइंट गांव के रहने वाले सदाम हुसैन (20) और अली बख्श (25) के रूप में हुई है।

### काशी, मथुरा मंदिरों के मूल स्थलों को पुन: हासिल करने के लिए काम करेगी विहिप : आलोक कुमार

**चेन्नई।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार ने शनिवार को कहा कि संगठन शांतिपूर्ण तरीकों से कानून और संविधान के ढांचे के भीतर काशी विश्वनाथ मंदिर और मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्म स्थान के मूल स्थलों को पुनः प्राप्त करने का प्रयास करेगा। उन्होंने कहा कि चूंकि मामले अदालत में है, इसलिए यह उचित होगा कि दोनों पक्ष अदालत के फैसले का इंतजार करें। यहां कांचीपुरम में आयोजित विहिप केंद्रीय संचालन परिषद की बैठक के स्थान पर पत्रकारों से बातचीत में कुमार ने कहा कि विहिप ने नुपुर शर्मा और नवीन जिंदल की टिप्पणियों को लेकर देशभर में धार्मिक कट्टरपंथियों द्वारा हाल में की गई हिंसा और संपत्तियों, सरकारी संस्थानों को नुकसान पहुंचाए जाने तथा पुलिस पर हमले किए जाने की निंदा की। विहिप के कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि दुश्मन देश और कुछ राष्ट्र विरोधी समूहों के दुष्प्रचार के चलते धार्मिक कट्टरपंथियों ने नुपुर शर्मा और नवीन जिंदल का सिर काटने तथा आंखें निकालने की धमकी दी और हिंदुओं की संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया तथा सड़कों पर हिंसा की। उन्होंने कहा, विश्व हिंदू परिषद इस तरह के जघन्य कृत्यों की निंदा करती है और राज्य सरकारों से अपेक्षा करती है कि वे इन अपराधियों से सख्ती से निपटें और हिंदुओं को न्याय दिलाएं। कुमार ने कहा, भारत संविधान से चलता है, शरिया कानूनों से नही। किसी भी भीड़ को किसी को भी दोषी घोषित करने का अधिकार नही है।

## एनआईए ने मिजोरम में विस्फोटक जब्त होने के मामले में छापेमारी की

**आइजोल।** एनआईए ने भारतीय व म्यांमा की मुद्रा और भारी मात्रा में विस्फोटक जब्त होने के मामले में मिजोरम के आइजोल, चंपई और कोलासिब जिलों में छापेमारी की है। यह खेप म्यांमा में एक संगठन को भेजी जानी थी। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के एक प्रवक्ता ने बताया कि शुक्रवार को आइजोल, चंपई और कोलासिब जिलों में पांच स्थानों पर छापेमारी की गई। एनआईए ने कहा कि यह मामला टीपा थाने के जॉनलिंग इलाके में एक वाहन से 1,000 डेटोनेटर, 4,500 मीटर डेटोनेटर फ्यूज, 2,421.12 किलोग्राम विस्फोटक और भारतीय व म्यांमा की मुद्रा बरामद होने से संबंधित है। एजेंसी ने कहा कि यह खेप म्यांमा स्थित संगठन चिन नेशनल फ्रंट (सीएनएफ) को भेजी जानी थी, जो म्यांमा सरकार के खिलाफ हथियार और विस्फोटक जमा करने में जुटा है। मामला शुरू में 21 जनवरी को सैहा जिले के टीपा थाने में दर्ज किया गया था।

## इतिहासकारों- विद्वानों ने पटना के सुल्तान पैलेस को ध्वस्त करने के सरकारी प्रस्ताव का विरोध किया

**भाषा।** पटना

**राजधानी पटना** के बीचों बीच स्थित सुल्तान पैलेस को ध्वस्त करने के बिहार सरकार के प्रस्ताव से इतिहासकार, संरक्षणवादी और आम नागरिक स्तब्ध हैं। उन्होंने इस फैसले का विरोध करते हुए वास्तुकला के नमूने को ध्वस्त करने के बाजाय संरक्षित और पुनरुद्धार करने की अपील की है। नीतीश कुमार सरकार ने हाल में घोषणा की थी कि राज्य मंत्रिमंडल ने पटना में तीन पांच सितारा होटलों के निर्माण को अनुमति दी है जिनमें से एक होटल बीरचंद पटेल मार्ग पर उस स्थान पर बनेगा जहां पर करीब एक सदी पुराना सुल्तान पैलेस इस समय खड़ा है।

फैसले को सार्वजनिक करने के साथ ही इसका सोशल मीडिया पर विरोध शुरू हो गया। कई नागरिकों ने इसे स्तब्ध करने वाला और बिना सोचे समझे लिया गया फैसला करार दिया। वहीं कुछ ने बिहार सरकार के पूर्व के फैसले की याद दिलाई, जो कई साल पहले लिया गया था और पैलेस को हेरिटेज होटल में तब्दील करने की बात की गई थी। उन्होंने सवाल किया कि सरकार ने क्यों पुराने फैसले को पलट दिया? देश के विभिन्न हिस्सों से आम लोगों, विद्वानों और कार्यकर्ताओं ने सरकार से सुल्तान पैलेस को ध्वस्त नहीं करने की अपील की है। यह पटना में बचे रह गए कुछ महलों में से एक है। लोगों ने इस महल को विरासत पंच सितारा होटल में तब्दील करने की अपील की है। यह महल ऐतिहासिक गार्डिनर रोड (अब बीरचंद पटेल मार्ग) पर बना है जिसका निर्माण वर्ष 1922 में पटना के प्रख्यात बैरिस्टर सर सुल्तान अहमद ने कराया था। वह कुछ समय के लिए पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश और वर्ष 1923 से 1930 तक पटना विश्वविद्यालय के पहले भारतीय कुलपति भी रहे। सर सुल्तान अहमद बाद में वायसराय की कार्यकारी परिषद में विधि, सूचना एवं प्रसारण के सदस्य भी नामित हुए और वह वर्ष 1930 में लंदन में हुए ऐतिहासिक गोलमेज सम्मेलन में महात्मा गांधी के नेतृत्व में हिस्सा लेने गए प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा भी थे। विद्वान और पटना विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति आर.बी.पी.सिंह ने महल को ध्वस्त करने के फैसले को स्तब्ध करने वाला और बिना विचारे किया गया एक असंवेदनशील कदम करार दिया। उन्होंने कहा, कैसे कोई सुल्तान पैलेस जैसे वास्तुकला के शानदार नमूने और ऐतिहासिक इमारत को ध्वस्त करने की सोच सकता है। पिछले एक दशक में पहले ही कई ऐतिहासिक इमारतों को ध्वस्त किया जा चुका है। नवीनतम घटना सदियों पुरानी पटना कलेक्ट्रेट की है जिसे संरक्षित किया जाना चाहिए था। अब वे विकास के नाम पर खूबसूरत महल को गिराना चाहते हैं।

## निर्दलीय सांसद नवनीत राणा ने महाराष्ट्र में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की

**नागपुर।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के खिलाफ शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे के विद्रोह और कुछ बागी विधायकों के कार्यालयों पर हमले और तोड़फोड़ की घटनाओं के बीच अमरावती से निर्दलीय लोकसभा सदस्य नवनीत राणा ने शनिवार को राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए ताकि उद्धव ठाकरे की गुंडागर्दी बंद हो और महाराष्ट्र के लोगों की इससे रक्षा की जा सके।



शिंदे और बड़ी संख्या में विधायकों ने 21 जून को उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत का झंडा बुलंद किया था। विद्रोही समूह की मुख्य मांग यह है कि शिवसेना सत्तारूढ़ महा विकास आघाड़ी (एमवीए) से खुद को अलग करे, जिसमें राकांपा और कांग्रेस शामिल हैं। एक वीडियो संदेश में राणा ने कहा, मैं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उन सभी विधायकों के परिवारों की सुरक्षा करने का अनुरोध करना चाहती हूं, जो मूल शिवसेना समूह में गए हैं, जिसका नेतृत्व एकनाथ शिंदे कर रहे हैं। नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा, उद्धव ठाकरे के कटु आलोचक हैं और उन्होंने अप्रैल में घोषणा की थी कि वे मुंबई के बांद्रा स्थित शिवसेना प्रमुख के निजी घर मातोश्री के सामने हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। दंपति को 23 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, मई की शुरुआत में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया था।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 26 जून 2022



# मुंबई हमले के षड्यंत्रकारी साजिद मीर को साढ़े 15 साल की जेल

**भाषा।** लाहौर

**पाकिस्तान** की एक आतंकवाद निरोधक अदालत ने 2008 के मुंबई आतंकवादी हमले के षड्यंत्रकारी साजिद मजीद मीर को आतंकवाद के वित्तपोषण के एक मामले में 15 साल से अधिक की जेल की सजा सुनाई है। पाकिस्तान ने पहले साजिद मजीद मीर को मृत घोषित किया था। साजिद मीर 26I11 के मुंबई आतंकवादी हमलों में अपनी भूमिका के लिए भारत के सबसे वांछित आतंकवादियों की सूची में शामिल है। उस पर अमेरिका ने भी 50 लाख डॉलर का इनाम रखा हुआ है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब पाकिस्तान वित्तीय कार्वाई कार्य बल (एफएटीएफ) की ग्रे सूची से बाहर निकलने के लिए संघर्ष कर रहा है। पंजाब पुलिस का आतंकवाद निरोधी विभाग (सीटीडी), जो अक्सर मीडिया को ऐसे मामलों में संदिग्धों के दोषी सिद्ध होने की जानकारी देता है, उसने साजिद मजीद मीर की दोषसिद्धि की सूचना नहीं दी। दरअसल, धनशोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण के खिलाफ इस्लामाबाद की ओर से उठाए गए कदमों और इस संबंध में किए गए सुधारों के क्रियान्वयन की समीक्षा करने के लिए आतंकवाद के वित्तपोषण की वैश्विक प्रहरी संस्था वित्तीय कार्वाई कार्य बल (एफएटीएफ) के अधिकारी जल्द ही पाकिस्तान का दौरा करने वाले हैं। लश्कर-ए-तैयबा और जमात-उद-दावा के नेताओं के आतंकवाद के वित्तपोषण के मामलों से जुड़े एक वरिष्ठ वकील ने शुक्रवार को पीटीआई-भाषा से कहा, इस महीने की शुरुआत में लाहौर की एक आतंकवाद निरोधक अदालत ने आतंकवाद के वित्तपोषण मामले में प्रतिबंधित संगठन लश्कर-ए-तैयबा के एक कार्यकर्ता साजिद मजीद मीर को साढ़े 15 साल की जेल की सजा सुनाई थी। वकील के मुताबिक, चूंकि यह कड़ी सुरक्षा वाली जेल में बंद कमरे में होने वाली सुनवाई थी,





इसलिए मीडिया को अनुमति नहीं दी गई थी। वकील ने बताया कि साजिद मजीद मीर अप्रैल में अपनी गिरफ्तारी के बाद से ही लाहौर की कोट लखपत जेल में बंद है। उन्होंने कहा कि अदालत ने साजिद मजीद मीर पर चार लाख रुपए से अधिक का जुर्माना भी लगाया है। पाकिस्तानी अधिकारियों ने अतीत में दावा किया था कि साजिद मजीद मीर की मौत हो चुकी है, लेकिन पश्चिमी देशों को इस पर शक था। उन्होंने मीर की मौत का प्रमाण देने मांग की थी। आतंकवाद के वित्तपोषण की रोकथाम के लिए पिछले साल के अंत में निर्धारित की गई कार्य योजना पर पाकिस्तान की प्रगति को लेकर एफएटीएफ के आकलन में यह मुद्दा एक महत्वपूर्ण बिंदु साबित हो सकता है। पाकिस्तान के दैनिक समाचार पत्र डॉन की शनिवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट के मुताबिक साजिद मजीद मीर को सजा सुनाने का मामला एफएटीएफ के आकलन से जुड़ा हुआ है। पाकिस्तानी अधिकारियों ने कार्य योजना पर हाल में एफएटीएफ को सौंपी प्रगति रिपोर्ट में साजिद को दोषी करार देने और उसे सजा सुनाए जाने का इस्लामाबाद की प्रमुख उपलब्धियों के रूप में उल्लेख किया है। इसने वास्तव में एफएटीएफ सदस्यों को यह समझाने में मदद की है कि पाकिस्तान ने कार्य योजना के सभी आवश्यक कार्य पूरे कर लिए हैं। साजिद मजीद मीर (44) अमेरिका की संघीय जांच एजेंसी (एफबीआई) की वांछित आतंकवादियों की सूची में भी शामिल है। अमेरिका ने 26 नवंबर के मुंबई हमले में साजिद की भूमिका के लिए उस पर पांच लाख अमेरिकी डॉलर का इनाम भी घोषित किया है। गौरतलब है कि 26 नवंबर 2008 को मुंबई में हुए आतंकवादी हमले में छह अमेरिकी नागरिकों समेत 166 लोगों की मौत हुई थी। एफएटीएफ की आखिरी बैठक से पहले, पाकिस्तान ने एजेंसी को बताया कि उसने साजिद मीर को गिरफ्तार किया है और मुकदमा चलाया है। पाकिस्तान ने ऐसा एफएटीएफ की ग्रे सूची से हटने के लिए किया था। साजिद मीर को मुंबई हमलों का प्रोजेक्ट मैनेजर कहा जाता है। साजिद मीर 2005 में फर्जी नाम से फर्जी पासपोर्ट का इस्तेमाल कर भारत भी आया था। एफबीआई के मुताबिक, साजिद मीर ने कथित तौर पर 2008 और 2009 के बीच डेनमार्क में एक अखबार और उसके कर्मचारियों के खिलाफ आतंकवादी हमले की साजिश रची थी। उल्लेखनीय है कि मुंबई आतंकी हमलों के मास्टरमाइंड और जमात-उद-दावा के प्रमुख हाफिज सईद को लाहौर की आतंकवाद-निरोधी अदालत ने आतंकवाद के वित्तपोषण के मामलों में 68 साल कैद की सजा सुनाई थी। इसके अलावा, मुंबई हमले के ऑपरेशन कमांडर जकीउर रहमान लखवी को भी कई साल जेल की सजा सुनाई गई है। हाफिज सईद और लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी अब्दुल रहमान मक्की भी लाहौर की कोट लखपत जेल में बंद हैं। हाफिज सईद को आतंकवाद के वित्तपोषण के एक मामले में जुलाई 2019 में गिरफ्तार किया गया था। संयुक्त राष्ट्र की आतंकवादियों की सूची में भी उसका नाम है। अमेरिका ने उस पर एक करोड़ डॉलर का इनाम घोषित किया हुआ है। पाकिस्तान अब तक चीन, तुर्की और मलेशिया जैसे अपने करीबी सहयोगियों की मदद से एफएटीएफ की काली सूची में शामिल होने से बचता रहा है।

## जी-7 नेताओं के जर्मनी पहुंचने पर हो सकते हैं प्रदर्शन

**म्यूनिख।** जर्मनी में होने वाले दुनिया की सात आर्थिक शक्तियों के शिखर सम्मेलन के मद्देनजर शनिवार को म्यूनिख में हजारों प्रदर्शनकारियों के एकत्र होने की संभावना है। इस साल जर्मनी जी-7 की अध्यक्षता कर रहा है और बावरियां आल्पस में समूह की बैठक होने वाली है। समाचार एजेंसी डीपीए की खबरों के अनुसार, पुलिस को यहां 20 हजार प्रदर्शनकारियों के एकत्र होने की आशंका है।

**सार्वजनिक सूचना**

यह आम जनता की सूचना के लिए है कि एक राजनीतिक दल (भारतीय प्रवासी जनता पार्टी) के नाम से पंजीकृत होने का प्रस्ताव है, पार्टी का कार्यालय 407, डीएलएफ सेंटर प्वाइंट, मेन मथुरा रोड, मेट्रो पिलर नंबर 845, सेक्टर-11, फरीदाबाद (दिल्ली एनसीआर)-121006 पर स्थित है। इस पार्टी ने भारत निर्वाचन आयोग को आवेदन प्रस्तुत किया है। नई दिल्ली लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के तहत पार्टी के पदाधिकारियों के नाम इस प्रकार हैं:

1. राष्ट्रीय अध्यक्ष: डा0 अजय तिवारी
2. महासचिव: सपना तिवारी
3. कोषाध्यक्ष: संतोष तिवारी

पता.- जे-86, डीएलएफ, सेक्टर-10, फरीदाबाद-121006

यदि किसी को (भारतीय प्रवासी जनता पार्टी) के पंजीकरण में कोई आपत्ति है तो वे इसके कारण पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं, सचिव (राजनीतिक दल) भारत निर्वाचन आयोग, निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली- 110001 को इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर।

## विदेशी निवेशकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अशांत बलूचिस्तान प्रांत के ग्वादर के लोगों से चीनी निवेशकों समेत विदेशी निवेशकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया, जो गरीब लेकिन संसाधन संपन्न प्रांत के विकास के लिए भारी निवेश कर रहे हैं। ग्वादर चीन द्वारा विकसित और संचालित रणनीतिक बंदरगाह के लिए जाना जाता है, जहां हाल ही में चीनी श्रमिकों सहित विदेशी नागरिकों पर आतंकवादी हमले हुए हैं। अप्रैल में प्रधानमंत्री बनने के बाद शहबाज ने शुक्रवार को दूसरी बार क्षेत्र का दौरा किया और ग्वादर बिजनेस सेंटर में मछुआरों व अन्य लोगों की एक सभा को संबोधित किया। समाचार पत्र द डॉन की खबर के अनुसार शरीफ ने लोगों से कहा कि मित्र देश पाकिस्तान की मदद करना चाहते हैं और उन्हें सुरक्षा मुहैया कराना उनकी जिम्मेदारी है।उन्होंने कहा चीन, सऊदी अरब, यूएई, तुर्की, कतर और अन्य देश 75 वर्षों से पाकिस्तान को वित्तीय और राजनयिक मदद व सहयोग दे रहे हैं।

# स्पेन में घुसने के लिए मची भगदड़ में 18 प्रवासियों की मौत

**एपी।** रबात

**स्पेन** में घुसने की कोशिश के दौरान देश के उत्तर अफ्रीकी एन्क्लेव मेलिला से सटी मोरक्को की सीमा पर शुक्रवार को बाड़ के पास मची भगदड़ में कम से कम 18 अफ्रीकी प्रवासियों की मौत हो गई, जबकि दर्जनों पुलिसकर्मियों समेत कई अन्य घायल हो गए। मोरक्को के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुल 133 प्रवासी शुक्रवार को मोरक्को के नाडोर शहर और मेलिला के बीच की सीमा को पार करने में सफल रहे। पिछले महीने स्पेन और मोरक्को के बीच राजनयिक संबंधों में सुधार के बाद पहली बार इतनी बड़ी संख्या में लोगों के सीमा पार करने की घटना सामने आई है। मेलिला में स्पेन सरकार के कार्यालय के प्रवक्ता ने कहा कि लगभग 2,000 लोगों ने सीमा पार करने का प्रयास किया, लेकिन कई को स्पेनिश सिविल गार्ड पुलिस और मोरक्को के सुरक्षाबलों ने बाड़ के दोनों ओर रोक दिया।

मोरक्को के गृह मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि लोहे की बाड़ पर चढ़ने की कोशिश के दौरान भगदड़ मच गई, जिससे पांच प्रवासियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि लगभग 76 प्रवासी और मोरक्को के 140 सुरक्षा अधिकारी घायल हो गए। मोरक्को की आधिकारिक समाचार एजेंसी एमएपी ने स्थानीय अधिकारियों के हवाले से बताया कि घायल प्रवासियों में से 13 की बाद में अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई, जिससे मरने वालों की संख्या बढ़कर 18 हो पर पहुंच गई। हालांकि, मोरक्को के मानवाधिकार संघ ने घटना में 27 लोगों की मौत होने का दावा किया है। वहीं, स्पेन के अधिकारियों ने कहा कि 49 सिविल गार्ड्स को मामूली चोटें आई हैं। उन्होंने बताया कि कुछ प्रवासियों ने पत्थर फेंके, जिससे पुलिस के चार वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारियों के अनुसार, जो लोग सीमा पार करने में सफल रहे, वे एक स्थानीय प्रवासी केंद्र पहुंचे, जहां प्राधिकारी उनकी परिस्थितियों का मूल्यांकन करने में जुटे हैं। गरीबी और हिंसा की वजह से अफ्रीका से पलायन करने वाले लोग कभी-कभी यूरोप में घुसने के लिए बड़े पैमाने पर उत्तरी अफ्रीकी तट, मेलिला और स्पेन के अन्य क्षेत्रों तक पहुंचने का प्रयास करते हैं। प्रवासियों को सीमा से दूर रखने के लिए स्पेन ज्यादातर मोरक्को पर निर्भर रहा है। स्पेन के अधिकारियों के मुताबिक, मार्च की शुरुआत में दो दिनों में 3,500 से अधिक लोगों ने मेलिला में लगे छह मीटर ऊंचे अवरोधक को पार करने की कोशिश की थी और लगभग 1,000 इसे पार करने में सफल भी रहे थे। मार्च में स्पेन और मोरक्को के बीच संबंधों में सुधार के बाद शुक्रवार को प्रवासियों द्वारा सीमा लांघने का यह पहला प्रयास था।

## नॉर्वे में हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत

**ओस्लो।** नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में शनिवार तड़के एक बार के बाहर हुई गोलीबारी की घटना मे दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक दर्जन से अधिक घायल हो गए। नॉर्वे पुलिस ने यह जानकारी दी। ओस्लो मे गोलीबारी की यह घटना ऐसे समय मे हुई है, जब शहर मे समलैंगिको के समर्थन मे एक रैली के आयोजन की तैयारियां चल रही थी। पुलिस के मुताबिक, गोलीबारी शनिवार तड़के नॉर्वे की राजधानी के डाउनटाउन इलाके मे एक बार के बाहर हुई। पुलिस प्रवक्ता तोरे बारस्तैद के अनुसार, गोलीबारी के सिलसिले मे एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया है। उन्होने बताया कि फिलहाल इस वारदात के पीछे की वजह नही पता चल सकी है। बारस्तैद के मुताबिक, अभी यह स्पष्ट नही हो सका है कि क्या गोलीबारी की इस घटना का संबंध समलैंगिको के समर्थन मे ओस्लो मे शनिवार को आयोजित होने वाली रैली से था। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, पुलिस शनिवार को निकाली जाने वाली इस रैली के आयोजको के संपर्क मे है। इस बात का आकलन किया जा रहा है कि समलैंगिको के समर्थन मे आयोजित होने वाली रैली की सुरक्षा के लिए पुलिस को क्या उपाय करने चाहिए और क्या गोलीबारी की इस घटना का समलैंगिको की रैली से कोई संबंध है या नहीं। नॉर्वे की सरकारी प्रसारक कंपनी एनआरके के पत्रकार ओलाव रोनेबर्ग ने बताया कि उन्होने गोलीबारी की इस घटना को देखा है। उन्होंने कहा, मैने देखा कि एक आदमी बैग के साथ वहां पहुंचता है। वह बैग मे से हथियार निकालता है और गोलीबारी शुरू कर देता है। पहले मुझे लगा कि यह एक एयर गन है। तभी बगल के बार का शीशा टूट गया और मै समझ गया कि मुझे छिपने के लिए भागना होगा। गौरतलब है कि नॉर्वे में गोलीबारी की सबसे दर्दनाक घटना साल 2011 मे हुई थी, जब दक्षिणपंथी विचारधारा वाले एक व्यक्ति ने 69 लोगो की हत्या कर दी थी।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरे मुवक्किल सतीश कुमार संपत्ति खरीद रहे है यानी प्रथम तल प्रॉपर्टी बियरिंग न 210, पॉकेट -7, सेक्टर-24, क्षेत्र 32.00 वर्ग मीटर, रोहिणी, को चंद्रकांत से खरीदने जा रहे है और एचडीएफसी लिमिटेड के साथ गिरवी रख रहे है। तथा चंद्रकांत के पास 1. लीज डीड का पंजीकरण विवरण नहीं है। 1) श्री मनमोहन कृष्ण त्रिखा और 2) श्रीमती राज कुमारी त्रिखा द्वारा निष्पादित वसीयतनामा, I) मंजू ii) ऋतु माथुर और iii) संदीप के द्वारा निष्पादित हक त्याग पत्र 2.कुलदीप की वसीयत का विवरण,अनीता भट्ट के पक्ष में वसीयत,सुषमा गर्ग के पक्ष में, संजीव कुमार गांधी के पक्ष में, मनोज कुमार गुप्ता के पक्ष में, समुद्र देवी के पक्ष में, सुधा सेठ के पक्ष में,मुकेश माथुर के पक्ष में,रश्मि खुराना के पक्ष में,आशुतोष खुराना के पक्ष में मुकेश माथुर के पक्ष में वसीयत, मुकेश माथुर के पक्ष में 3. मुकेश माथुर के उत्तरजीवी प्रमाणपत्र, यदि उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार की कोई भी इकरार,बिक्री, बंधक आदि सिवाये मेरे पक्षकार, और उक्त संस्था के बीच, मान्या नही होगा. अगर कोई व्यक्ति उक्त संपत्ति मे किसी प्रकार का अधिकार या दावा करना चाहता है तो वह नीचे लिखे न .पर इस प्रकाशन के 15 दिन के अंदर संपर्क कर अपने अधिकार या आपत्ति की जानकारी दे दे.

एफ्रेम लिगल सल्यूशन
चैंबर न. ७६०, द्वारका कोर्ट, सेक्टर-१०, द्वारका, नई देल्ही.-७५. म:- ९८९९०१३९१८

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक फ्रीहोल्ड आवासीय प्लाट जिसका रकबा 150 वर्ग गज यानि 125.41 वर्ग मीटर, खतौनी 1423 से 1428 फसली वर्ष के खाता न.-619, खसरा न.-84 स्थित ग्राम अच्छेजा, परगना व तहसील दादरी, जिला गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश, उक्त प्लाट के श्री विपिन शर्मा पुत्र श्री रामभरोसे दान विलेख के द्वारा मालिक है उक्त प्लाट का दान विलेख श्री रामभरोसे पुत्र श्री कौशीराम ने अपने सगे पुत्र श्री विपिन शर्मा पुत्र श्री रामभरोसे के नाम किया है जिसका बही न. 1, जिल्द न0 20730, पेज न0 349/368 क्रमांक न. 15925 दिनांक 04/05/2022, सब रजिस्ट्रार-दादरी के यहाँ दर्ज होकर हुआ है। यदि किसी व्यक्ति,निकाय कॉर्पोरेट,सरकारी/गैर-सरकारी प्राधिकरण/या कोई अन्य सार्वजनिक/निजी बैंक (संस्था) आदि को कोई आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तारीख से 7 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी या वास्तु हाउसिंग फाईनेन्स कॉरपोरेशन लिमिटेड सेकेंड फ्लोर, कमर्सियल मॉर्केट, संजय विहार आवास विकास, अपोजिट प्राचीन शिव मंदिर, हापुड़-245101 उत्तर प्रदेश, को लिखित मे आपत्ति दे सकता है। इसके बाद इस पर किसी भी प्रकार का कोई विचार नही किया जायेगा।

अरूण गोस्वामी एडवोकेट
चै0 न0 119,फर्स्ट फ्लोर, मैन रोड, तहसील कम्पाउंड, गाजियाबाद मो॰ 9997806112

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given on behalf of **Mr. Rajesh S/o Mr. Maha Singh** who is owner of Property bearing No.81 (Property ID No.05/81 as per Technical Report), area measuring 117 Sq. Yds., Ward No.05, Waka Siwana Maujha Andar Abadi Lal Dora Farukh Nagar, Tehsil Farukh Nagar, District Gurgaon (Haryana), vide Transfer Deed (Blood Relation) dated 22.11.2016 (vide Document No.2275) and intend to mortgage against the financial assistance from **Vastu Housing Finance Corporation Ltd.** To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any person(s) having any objection regarding ownership and/ or creating mortgage of the said property is/are hereby requested to intimate in writing to the undersigned within **7 days** at below address.

**Lucem Legal LLP**
269, Rama House, Ground Floor, Masjid Moth, Opp. Uday Park, South Ext.-II, New Delhi-110049
Contact # 011- 40046316

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given on behalf of **Swati Pachauri & Mr. Saurabh Pachauri** who are intend to purchase the Residential area measuring 100 Sq. Yds., part of Khewat No.764, Khasra No. 3(2-17), Kita 1, out of area measuring 2 Bigha 17 Biswas, part 2/171, situated at Mauja Bahadurgarh, abadi known as Patel Nagar, within Municipal Limits of Bahadurgarh, District Jhajjar, Haryana; from **Mrs. Praveen** who is owner of the aforesaid property by virtue of Sale Deed dated 21.12.2018, which is registered as Doc. No.8011 in the office of Sub Registrar-Bahadurgarh and intend to mortgage the same against the financial assistance from **Ummeed Housing Finance Private Limited.** That, Original Sale Deed dated 11.08.2008 vide Doc. No.4168 & Sale Deed dated 17.10.2011 Doc. No.9852 are/is lost/misplaced. To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any person(s) having any objection regarding ownership and/ or creating mortgage of the said property is/are hereby requested to intimate in writing to the undersigned within **7 days** at below address.

**Lucem Legal LLP**
269, Rama House, Ground Floor, Masjid Moth, Opp. Uday Park, South Ext.-II, New Delhi-110049
Contact # 011- 40046316

देश भर में 14000 कर्मियों ने लिया हिस्सा

# अदाणी फाउंडेशन ने आयोजित किया रक्तदान शिविर

● **गौतम अदाणी को उनके 60वें जन्मदिन पर तोहफा, 138 ब्लड बैंकों में एकत्रित हुआ 5600 लीटर जीवन रक्षक रक्त**

**पायनियर समाचार सेवा।** अहमदाबाद

**अदाणी** समूह के अध्यक्ष श्री गौतम अदाणी के 60वें जन्मदिन परए अदाणी के रिकॉर्ड 14ए000 कर्मचारियों ने देश भर में विभिन्न स्थानों पर रक्तदान किया। हर सालए अध्यक्ष के जन्मदिन परए अदानी फाउंडेशन देश और उसके लोगों की कई तरह से सेवा करने के अदाणी समूह के दर्शन के अनुरूप एक स्वैच्छिक रक्तदान अभियान का आयोजन करता है।

अदाणी फाउंडेशन के रक्तदान अभियान ने 14ए000 रक्त यूनिट एकत्र किएए जो पिछले साल एकत्र किए गए रक्त की मात्रा से लगभग 5ए000 यूनिट अधिक है। भारत के 20 राज्यों को कवर करते हुए 115 शहरों में 152 स्थानों पर रक्तदान केंद्रों की व्यवस्था की गई। दान किए गए रक्त को एकत्र करने में 138 से अधिक ब्लड बैंक लगे हुए थे।

यह बड़े पैमाने पर राष्ट्रव्यापी रक्तदान अभियान अदाणी परिवार द्वारा कई सामाजिक कारणों का समर्थन करने के लिए 60ए000 करोड़ रुपये के प्रतिबद्ध होने के ठीक एक दिन बाद आया है। अदाणी फाउंडेशन द्वारा प्रशासित इस कोष का उपयोग विशेष रूप से देश के ग्रामीण क्षेत्रों से संबंधित धर्मार्थ गतिविधियों के लिए किया जाएगा।

ष् अदाणी के इतने सारे कर्मचारी अध्यक्ष के जन्मदिन पर रक्तदान करने के लिए आगे आते हैंए यह देखकर बहुत खुशी होती है।ष् अदाणी फाउंडेशन की चेयरपर्सन डॉ प्रीति अदाणी ने कहा। श्फाउंडेशन जो सामाजिक कार्य कर रहा हैए अदानी परिवार द्वारा स्वास्थ्यए शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में 60ए000 करोड़ की प्रतिबद्धताए और रक्तदान शिविरों में भाग लेने वाले कर्मचारियों की संख्या सभी के विश्वास और अपेक्षाओं के प्रमाण हैं। सामाजिक कारणों में युवा पीढ़ी के साथ.साथ अदानी समूह के राष्ट्र.निर्माण दर्शन के लिए उनका समर्थन। मुझे गर्व महसूस होता है और हमारे लोगों ने हमारे प्रति जो स्नेह दिखाया हैए उसके लिए मैं आभारी हूं।ष

चिकित्सा आपात स्थिति का सामना करने वाले रोगियों के लिएए रक्त का कोई विकल्प नहीं है। एकत्रित रक्त को नामित एजेंसियों द्वारा सुरक्षित रूप से संग्रहीत और संरक्षित किया जाता है और गंभीर चोटोंए शल्य चिकित्सा प्रक्रियाओंए रक्त विकारए कैंसर उपचारए और कई अन्य सहित परिस्थितियों की एक विस्तृत श्रृंखला में आपातकालीन चिकित्सा आधान के लिए रोगियों को उपलब्ध कराया जाता है।

अदाणी फाउंडेशन के बारे में

1996 में स्थापितए अदाणी फाउंडेशन का आज 18 राज्यों में व्यापक संचालन हैए जिसमें देश भर के 2ए410 गाँव और कस्बे शामिल हैंए जो पेशेवरों की एक टीम के साथ काम करते हैं जो एक दृष्टिकोण के साथ काम करते हैं जो नवाचारए लोगों की भागीदारी और सहयोग का प्रतीक है।

अदाणी फाउंडेशन चार मुख्य क्षेत्रों . शिक्षाए सामुदायिक स्वास्थ्यए सतत आजीविका विकास और बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए 3ण्67 मिलियन से अधिक लोगों के जीवन को छू रहा है और सामाजिक पूंजी बनाने की दिशा में काम कर रहा हैए ग्रामीण और शहरी समुदायों के समावेशी विकास और सतत विकास की दिशा में कार्य करता है। बदले में राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे रहे हैं।

# श्रीलंका के दौरे पर आएगा अमेरिका का प्रतिनिधिमंडल

● **चार दिवसीय दौरे पर आएगा अमेरिका उच्च स्तरीय डैलीगेशन**

**भाषा।** कोलंबो

**आर्थिक** बदहाली का सामना कर रहे श्रीलंका को मौजूदा संकट से उबारने की खातिर बातचीत करने के लिए अमेरिका का एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल रविवार को यहां आएगा। समाचारपत्र न्यूज फर्स्ट में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका के वित्त विभाग और विदेशी विभाग के अधिकारियों का यह प्रतिनिधिमंडल 26-29 जून तक श्रीलंका के दौरे पर रहेगा। इसमें कहा गया कि प्रतिनिधिमंडल के सदस्य विभिन्न राजनीतिक प्रतिनिधियों, अर्थशास्त्रियों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के लोगों से मुलाकात करेंगे और यह पता लगाने की कोशिश करेंगे कि श्रीलंका की मदद करने के लिए अमेरिका किस तरह के प्रभावी कदम उठा सकता है।

श्रीलंका में अमेरिका की राजदूत जूली चुंग ने कहा, यह दौरा श्रीलंका के लोगों की सुरक्षा और समृद्धि की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। उन्होंने कहा, श्रीलंका अपने इतिहास के सबसे बड़े आर्थिक संकट से जूझ रहा है, ऐसे हालात में उसकी आर्थिक वृद्धि को समर्थन देने और लोकतांत्रिक प्रतिष्ठानों को मजबूत करने के हमारे प्रयास बेहद अहम होंगे। बीते दो हफ्तों में अमेरिका ने श्रीलंका के छोटे और मध्यम व्यवसायों को 12 करोड़ डॉलर की नई वित्तीय सहायता की घोषणा की है। उसने श्रीलंका के डेयरी उद्योग को आर्थिक मदद के साथ-साथ मानवीय सहायता की भी घोषणा की है। अमेरिका में श्रीलंका के राजदूत महिंदा समरसिंघे ने हाल ही में राष्ट्रपति जो बाइडन से इन मुद्दों पर मुलाकात की थी।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित गाड़ी नंबर वाली कारें जो कि अपनी लाइफ पूरी कर चुकी हैं पेट्रोल कारें 15 साल, डीजल कारें 10 साल। पाइन व्यू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एम सी डी ड्राइव में जब्त की गई थी और अभी तक किसी के द्वारा भी क्लेम नहीं की गयी है। इन सभी गाड़ी मालिकों को सूचित किया जाता है कि कंपनी के ऑफिस में आ कर गाड़ी की स्क्रैप वैल्यू क्लेम कर लें। अन्यथा ये सभी गाड़ियां अगले तीन दिन में स्क्रैप कर दी जाएँगी।

| | | |
|---|---|---|
| DL4CAG6092, | DL3CAJ9891, | DL4CG1697, |
| DL12CA1035, | DL4CAF3708, | DL2CW8285, |
| DL4CS4381, | DL8CH2857, | DL2CP6196, |
| DL13C2055, | DL3CAP6961, | DL3CAT0435, |
| DL2FFS0016, | MP04HA5559, | DL1CQ8552, |
| NO REG 13, | DL3CAL0126, | DL2FGF0052, |
| DL4CP1202, | DL4CS9306, | DL2FBT0786, |
| DL4CAB7421, | DL8CH3875, | DL2CAG8180, |
| DL4CAE3904, | DL1CL2101, | DL2CV2408, |
| DL6CD1097, | DL3CBL0125, | DL9CE9161, |
| DL8CG3852, | UP16AJ0051, | DL3CAK7851, |
| PB11S8694, | DL1D0133, | DL4CG7103, |
| DL13C2023, | DL8CH8324, | DL9CM3032, |
| DL8CNC1448, | DL8SA9938, | DL8CC7565, |
| DL1CM4275, | DDS1517, | DL5CA3296, |
| DL7CG1795, | DL2CL3982, | DL4CAA8250, |
| DL3C0196, | DL6CC8690, | DL4CAB3022, |
| DL1CF6835, | DL4CAA3780, | DL2FDN0045, |
| DL8CH7597, | DL9CJ8953, | DL3CAP3148, |
| HR05S1164, | DL3CAA6577, | |
| DL2CB4082, | DL2CAC6849, | |

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given that **Arun Khanna** claims to be owner and in possession of **Property bearing no. 49 and 49/2 , Friends Colony (East), New Delhi(hereinafter called the said property)** by virtue of Partition Deed dated 05.08.2005 r/w Will dated 18.09.2005 executed by Jagmohan Khanna&Will dated 11.04.2013 executed by Vijay Khanna, and Said Arun Khanna has misplaced two will dated 18.09.2005 and 11.04.2013 and said Arun Khannahas agreed to sell the said Property to **EKDANT STRUCTURE PVT LTD** And Said **EKDANT STRUCTURE PVT LTD** has agreed to create a mortgage in favour of our clients, **Standard Chartered Bank,Express Building, Bahadur Shah Zafar Marg,New Delhi,** person/s in possession of two original will/s in favor of Arun Khanna or having any claim against in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, lien or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence and submit the misplaced document at the address mentioned below within **14 days** from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned and our client shall proceed with the disbursement of loan against the said property and subsequent creation of mortgage in respect thereof.

**Vishal Diwan (Advocate)**
For Diwan and Company LLP
Advocates and Solicitors
House No.2 (LGF), NRI Complex New Delhi – 19
Mobile No. 9818399999

## श्रीलंका में लोगों के पास विदेशी मुद्रा की सीमा घटाई गई

**कोलंबो।** विदेशी मुद्रा के गहरे संकट से जूझ रहे श्रीलंका मे एक व्यक्ति के पास रखी जाने वाली विदेशी मुद्रा की सीमा घटा दी गई है। अब एक व्यक्ति के पास अधिकतम 10,000 डॉलर की विदेशी मुद्रा ही रह सकती है। श्रीलंका सरकार ने एक आधिकारिक बयान मे कहा कि श्रीलंका मे रहने वाले या वहां के किसी व्यक्ति द्वारा अपने कब्जे मे रखी गई विदेशी मुद्रा की मात्रा को 15,000 अमेरिकी डॉलर से घटाकर 10,000 अमेरिकी डॉलर कर दिया गया है। श्रीलंका सरकार ने खाद्य और ईंधन सहित जरूरी वस्तुओं के आयात के लिए जरूरी विदेशी मुद्रा भंडार बनाए रखने के मकसद से यह सीमा लागू की है।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Birendra Singh S/O Shri Gangaram B-166 Kondli New Delhi. I have changed my name from Brijesh Singh to Birendra Singh. I may be known as Birendra Singh in future.

PD(90113)C

# जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर की समयसीमा मार्च 2026 तक बढ़ाई गई

**भाषा।** नई दिल्ली

**सरकार** ने जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर लगाने की समयसीमा करीब चार साल के लिए बढ़ाकर 31 मार्च 2026 तक कर दी है। वित्त मंत्रालय द्वारा अधिसूचित माल एवं सेवा कर (उपकर की अवधि और संग्रह की अवधि) नियम, 2022 के अनुसार एक जुलाई 2022 से 31 मार्च 2026 तक क्षतिपूर्ति उपकर का आरोपण जारी रहेगा। उपकर लगाने की समयसीमा 30 जून को ही समाप्त होने वाली थी लेकिन केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता वाली जीएसटी परिषद ने इसकी समयसीमा को मार्च 2026 तक विस्तार देने का फैसला किया। बीते दो वित्त वर्षों में लिए गए कर्जों के पुनर्भुगतान के लिए इस समयसीमा को बढ़ाने का फैसला किया गया है। महंगी वस्तुओं और गैर जरूरी सामान पर लगने वाला क्षतिपूर्ति उपकर मार्च 2026 तक लिया जाएगा ताकि जीएसटी राजस्व में हुए नुकसान की राज्यों को भरपाई करने के लिए 2020-21, 2021-22 के दौरान लिए गए कर्जों का भुगतान हो सके। केंद्र ने उपकर संग्रह में आई गिरावट की भरपाई के लिए वित्त वर्ष 2020-21 में उधारी जुटाकर 1.1 लाख करोड़ रुपए जारी किए थे जबकि वित्त वर्ष 2021-22 में 1.59 करोड़ रुपए की उधारी ली थी।

कई राज्यों ने केंद्र सरकार से क्षतिपूर्ति व्यवस्था जारी रखने की मांग करते हुए कहा था कि क्षतिपूर्ति व्यवस्था बंद होने से उन्हें राजस्व की किल्लत होने लगेगी। जीएसटी लागू होने पर राज्यों को होने वाली राजस्व क्षति की भरपाई के लिए क्षतिपूर्ति व्यवस्था लागू की गई थी। लेकिन इसे शुरू में सिर्फ पांच साल के लिए ही लागू किया जाना था जो 30 जून, 2022 को खत्म होने वाला था। केंद्र सरकारर ने राज्यों को 31 मई, 2022 तक देय जीएसटी क्षतिपूर्ति राजस्व का भुगतान कर दिया है।

# भारत का अपना वाहन सुरक्षा कार्यक्रम अगले साल अप्रैल से होगा शुरू

**भाषा।** नई दिल्ली

**देश** में यात्री कारों की सुरक्षा के आकलन के लिए घोषित कार्यक्रम भारत एनसीएपी अगले साल एक अप्रैल से शुरू किया जाएगा। इसके तहत वाहनों को परीक्षणों के आधार पर सुरक्षा मानदंडों के लिहाज से स्टार रेटिंग दी जाएगी। शनिवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, भारत एनसीएपी कार्यक्रम में आठ सीटों तक के यात्री वाहनों को दुर्घटना की दशा में सवारियों के लिए सुरक्षित माने जाने के पैमाने पर परखा जाएगा। एम-। श्रेणी के 3.5 टन वजन वाले यात्री वाहनों पर भारत एनसीएपी के तहत परीक्षण के बाद स्टार रेटिंग दी जाएगी। भारत एनसीएपी के मानकों को वाहन सुरक्षा संबंधी वैश्विक मानकों के अनुरूप तैयार किया गया है। बयान में कहा गया है कि भारत एनसीएपी रेटिंग उपभोक्ताओं को वाहन का मूल्यांकन करने वाले लोगों के लिए प्रदान की जाने वाली सुरक्षा के स्तर का एक संकेत प्रदान करेगी। इसमें वयस्क सवारियों के अलावा बच्चों के लिए भी सुरक्षा स्तर को परखा जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए वाहनों का परीक्षण आवश्यक बुनियादी ढांचे के साथ परीक्षण एजेंसियों पर किया जाएगा। प्रस्तावित मूल्यांकन के तहत एक से पांच स्टार तक की रेटिंग वाहन मॉडल को दी जाएगी। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने अपने कई ट्वीट संदेशों में कहा कि भारत एनसीएपी एक उपभोक्ता-केंद्रित मंच के रूप में काम करेगा, जिससे ग्राहक स्टार-रेटिंग के आधार पर सुरक्षित कारों का विकल्प चुन सकेंगे। उन्होंने कहा कि इससे भारत के मौलिक उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) के बीच सुरक्षित वाहनों के निर्माण के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को भी बल मिलेगा। गडकरी ने कहा, मैंने भारत एनसीएपी शुरू करने के लिए जीएसआर अधिसूचना के मसौदे को मंजूरी दे दी है जिसमें वाहनों को टक्कर परीक्षण में प्रदर्शन के आधार पर स्टार रेटिंग दी जाएगी। गडकरी के अनुसार, भारत एनसीएपी भारत को दुनिया में वाहन क्षेत्र का अग्रणी केंद्र बनाने के मिशन के साथ आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी एक अहम जरिया साबित होगा। भारत एनसीएपी निर्माताओं को सुरक्षा परीक्षण मूल्यांकन कार्यक्रम में स्वेच्छा से भाग लेने और नए कार मॉडलों में उच्च सुरक्षा स्तरों को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। इस पहल के जरिए सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में कमी लाने की कोशिश की जाएगी। गडकरी ने वर्ष 2024 तक सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में 50 प्रतिशत की कमी लाने का लक्ष्य रखा हुआ है।

**प्रपत्र 'जी'–अभिरूचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण**

**खदिवाला और ऋण शोध अक्षमता (कार्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 36क (1) के अधीन,**

| प्रासंगिक विवरण | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्पोरेट देनदार का नाम | साधना मीडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 2 | कार्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि | 24-12-2002 |
| 3 | प्राधिकरण जिसके अधीन कार्पोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत है | रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज, एनसीटी ऑफ दिल्ली |
| 4 | कार्पोरेट देनदार की कार्पोरेट पहचान संख्या/सीमित दायित्व पहचान संख्या | U92111DL2002PTC118164 |
| 5 | कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई) का पता | 38 रानी झांसी रोड, झंडेवालान, नई दिल्ली – 110055 |
| 6 | कार्पोरेट देनदार की ऋण शोध अक्षमता आरंभन की तिथि | 30 मार्च, 2022 (आदेश की प्रति 12-04-2022 को प्राप्त हुई) |
| 7 | अभिरूचि की अभिव्यक्ति के आमंत्रण की तिथि | 26 जून, 2022 |
| 8 | संहिता की धारा 25(2)(ज) के अधीन समाधान आवेदकों की ग्राह्यता : | अभिरूचि की विस्तृत अभिव्यक्ति में संहिता की धारा 25(2)(ज) के अधीन समाधान आवेदकों की ग्राह्यता का विवरण दिया गया है, जो निम्न पर ई-मेल भेज कर प्राप्त की जा सकती है : irpsmpl22@gmail.com |
| 9 | धारा 29क के अधीन अग्राह्यता के मानदंड : | वही जैसाकि ऊपर (8) में वर्णित है |
| 10 | अभिरूचि की अभिव्यक्ति की प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि | 11-07-2022 |
| 11 | संभावित समाधान आवेदकों की अनंतिम सूची जारी करने की तिथि | 20-07-2022 |
| 12 | अनंतिम सूची के बारे में आपत्तियां प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि | 25-07-2022 |
| 13 | संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स तथा समाधान योजना हेतु अनुरोध जारी करने की तिथि | 03-08-2022 |
| 14 | संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि | 25-07-2022 |
| 15 | समाधान योजना हेतु अनुरोध, मूल्यांकन मैट्रिक्स, सूचना ज्ञापन तथा अतिरिक्त सूचना प्राप्त करने की विधि | संभावित समाधान आवेदकों से अनुरोध है कि गोपनीयता अनुबंध जमा करने के बाद irpsmpl22@gmail.com पर एक ई-मेल भेजें, जिसकी कॉपी pkrayip@gmail.com को भेजें। |
| 16 | समाधान योजना प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि | 24-08-2022 |
| 17 | समाधान प्रोफेशनल को समाधान योजना सौंपने की विधि | समाधान योजना एक सीलबंद लिफाफे में निम्नलिखित पते पर प्रस्तुत करनी होगी : प्रदीप कुमार राय, साधना मीडिया प्राइवेट लिमिटेड का समाधान प्रोफेशनल। पता : 38 रानी झांसी रोड, झंडेवालान, नई दिल्ली-110055. समाधान योजना की सॉफ्ट कॉपी पासवर्ड संरक्षित पीडीएफ फाइल में irpsmpl22@gmail.com को भेजनी होगी। |
| 18 | निर्णायक प्राधिकारी के अनुमोदन हेतु समाधान योजना प्रस्तुत करने हेतु अनुमानित तिथि | 24-09-2022 |
| 19 | समाधान प्रोफेशनल का नाम और रजिस्ट्रेशन नंबर | नाम : प्रदीप कुमार राय, पंजीकरण संख्या : IBBI/IPA-002/IP-N01100/2021-2022/13648 |
| 20 | समाधान प्रोफेशनल का नाम, पता और ई-मेल, जैसाकि बोर्ड में पंजीबद्ध है | पता : डब्ल्यूजैड-108, प्रथम तल, शादीपुर मेन बाजार, छोटी चौपाल (पकोड़ी वाली गली), दिल्ली-110008 ई-मेल : pkrayip@gmail.com |
| 21 | पता और ई-मेल, जो समाधान प्रोफेशनल के साथ पत्राचार के लिए प्रयुक्त किया जाना है | पता : 38 रानी झांसी रोड, झंडेवालान, नई दिल्ली-110055. ई-मेल : irpsmpl22@gmail.com |
| 22 | अतिरिक्त विवरण पर अथवा के पास उपलब्ध है | आगे की जानकारी ई-मेल आईडी : irpsmpl22@gmail.com के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है। |
| 23 | प्रपत्र "जी" के प्रकाशन की तिथि | 26-06-2022 |

हस्ता./–
प्रदीप कुमार राय
पंजीकरण संख्या : IBBI/IPA-002/IP-N01100/2021-2022/13648
डब्ल्यूजैड-108, प्रथम तल, शादीपुर मेन बाजार, छोटी चौपाल (पकोड़ी वाली गली), दिल्ली-110008
वास्ते साधना मीडिया प्राइवेट लिमिटेड

तिथि : 26-06-2022
स्थान : नई दिल्ली

# गृह सचिव ने किया बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे का निरीक्षण





**संवाददाता।** बांदा

**उत्तर** प्रदेश के गृह सचिव ने निर्माणाधीन बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे का किया निरीक्षण संभावित 13 से 15 जुलाई को प्रधानमंत्री कर सकते हैं लोकार्पण जालौन जनपद के उरई से एक्सप्रेस वे का करेंगे लोकार्पण त पर गृह सचिव अवनीश अवस्थी ने हेलीकॉप्टर को एक्सप्रेसवे में ही के नदी के पुल के पहले उतारा सरकार द्वारा निरीक्षण स्थल पर पहुंचकर पुल के ऊपर मीटिंग की और फिर बांदा के मावई से बाई कार गए चित्रकूट बॉर्डर तक फिर देखकर वापस लौटे निरीक्षण करते हुए अवस्थी जी का कहना है कि इसमें उद्योग बंधुओं को काफी आसानी होगी इस एरिया में उद्योग लगाने का और समय से दिल्ली 7 घंटे में पहुंचेंगे। प्रदेश क़े बाँदा में आज उत्तर प्रदेश के अपर ग्रह सचिव ने निर्माणाधीन बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे का निरीक्षण किया है जालौन से निरीक्षण के बाद बाँदा पहुचे अपर ग्रह सचिव ने बताया कि जुलाई के दूसरे हफ्ते में कर सकते है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे का उद्घाटन लगभग 97: कम्प्लीट हो चुका है एक्सप्रेस वे का काम 7 घंटे में तय होगी चित्रकूट से दिल्ली का सफर अपर गृह सचिव ने निरीक्षण के बाद सभी अधिकारियों के साथ कि समीक्षा बैठक इसके बाद वो बाँदा से हेलीकॉप्टर के जरिये लखनऊ रवाना हो गये। .बता दे कि बुंदेलखंड में बन रहे एक्सप्रेस वे का आज उत्तर प्रदेश के अपर ग्रह सचिव और यूपीडा के अध्यक्ष अवनीश अवस्थी ने आज बाँदा के मवई से निकले बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे का हवाई और स्थलीय निरीक्षण किया है जालौन स निरीक्षण करने के बाद हेलीकॉप्टर से बाँदा पहुँच कर उन्होंने निर्माण कार्य का गहनता से निरीक्षण किया है जायजा लेने के बाद अपर गृहसचिव ने जिले के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की है। बात करने पर अपर ग्रह सचिव ने बताया कि एक्सप्रेस वे का काम लगभग 97:पूर्ण हो चुका है और जल्द ही बनकर तैयार हो जाएगा उन्होंने ये भी बताया कि जुलाई के दूसरे हफ्ते में प्रधानमंत्री इसका उद्घाटन कर सकते है साथ ही यूपीडा के कर्मचारियों की तारीफ करते हुए कहा कि की कैसे कर्मचारियों ने भीषण गर्मी और कोरोना काल के बावजूद काम को किया जिससे निर्धारित समय पर एक्सप्रेस वे बनकर तैयार हो जाय बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे तैयार हो जाने से चित्रकूट से दिल्ली की दूरी मात्र 7 घंटे में तय की जा सकेगी जिससे यहां पर औद्योगिक विकास तेजी से होगा इसके बाद अपर ग्रह सचिव लखनऊ रवाना हो गये।

# नगर पालिका परिषद कोंच के अधिशाषी अधिकारी बने मौर्य



नये अधिशाषी अधिकारी पवन किशोर

**कोंच( जालौन )।** नगर पालिका परिषद में अधिशाषी अधिकारी का पद पिछले काफी समय से रिक्त चल रहा था और इस पद की जिम्मेदारी उपजिलाधिकारी द्वारा निभाई जा रही थी जिस पर शासन ने नगर पंचायत रूरा व नगर पालिका झींझक कानपुर देहात में अपनी सेवाएं दे रहे पवन किशोर मौर्य को स्थानीय नगर पालिका के लिए स्थान्तरित कर दिया गया जिस पर अधिशाषी अधिकारी पवन किशोर ने नगर पालिका परिषद का पदभार ग्रहण कर लिया है पदस्थ ई ओ ने प्रेस से मुलाकात करते हुए बताया कि मै गोरीगंज रायवरेली का मूल निबासी हूँ और बर्ष 2008 बैच का अधिकारी हूँ उन्होंने प्राथमिकता के बारे में बताते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करते हुए पात्रों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाया जाएगा और नामांतरण प्रक्रिया को भी ऑन लाइन संपादित किये जाने का पूर्ण प्रयास किया जाएगा वहीं उन्होंने यह भी बताया कि सरकार की योजना अमृत सरोवर के अंतर्गत धनुतालब का निर्माण कराया जा रहा है जिसे जल्द से पूर्ण कर लिया जाएगा और दूसरे अमृत सरोवर के लिए जल्द से जल्द चिन्हित कर लिया जाएगा क्योंकि सरकार द्वारा नगर पालिका को दो अमृत सरोवर संतृप्त करने का आदेश मिला है वहीं अमृत उद्यान योजना के तहत हाटा स्थित सेल्टर होम के सामने जगह को चिन्हित करते हुए कार्य प्रारंभ कर दिया गया जिसे जल्द से जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा।

## क्विक न्यूज

### भाजपाइयों ने किया पौधरोपण

**संतकबीरनगर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस से चलाए जा रहे वृक्षारोपण अभियान में शनिवार को खलीलाबाद नगर के मिश्रौलिया समय माता मंदिर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश के मंत्री त्रयंबक नाथ त्रिपाठी द्वारा वृक्ष लगाया गया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस से ही वृक्षारोपण का कार्य चलाया जा रहा है जो कि उनके जन्मदिन 6 जुलाई तक अनवरत चलता रहेगा उन्होंने बताया कि प्रत्येक बूथ पर 10 वृक्ष लगाए जाएंगे। वृक्ष लगाने से हम सब को ऑक्सीजन मिलता है और वह वातावरण को शुद्ध करता है। इस अवसर पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष संजीव राय, जिलाध्यक्ष जगदंबा प्रसाद श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष सतविंदर पाल सिंह, कौशलेंद्र सिंह, दीपू, ज्ञानेंद्र मिश्रा, हैप्पी राय, अमर राय, सतपाल पाल, कन्हैया वर्मा, विष्णु मिश्रा, विनोद अग्रहरि, बनर्जी लाल अग्रहरी, संदीप चौरसिया, अजय चौरसिया, साधु गुप्ता सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### शनिदेव शांति धाम हरसिंगपुर के पास हुआ भीषण हादसा

**कुठौंद(जालौन)।** कुठौंद थाना क्षेत्र के अंतर्गत शनिदेव शांति धाम हरसिंहपुर के पास औरैया की ओर से आ रहे ट्रक नंबर यूपी 30टी 5588 ने ग्राम पंचायत हरसिंहपुर गौशाला की अन्ना गांयो को बचाने के चक्कर मे आगे वाले ट्रक ने ब्रेक लगाए तो पीछे से आ रहे डंपर नंबर यूपी 74 टी 9479 ने आगे वाले ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मारी जिससे डंपर के केबिन के परखच्चे उड़ गए डपर को चला रहे ड्राइवर उदयवीर साक्य निवासी पलार थाना सोरी जिला कन्नौज के गंभीर चोटे आई जिसकी सूचना राहगीरों के द्वारा थानाध्यक्ष कुठौंद को दी घटना की खबर सुनकर कुठोंड पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और केबिन में फंसे ड्राईवर को बाहर निकालकर जिसकी हालत गंभीर थी थाना पुलिस द्वारा ड्राइवर को तत्काल कानपुर के लिए भिजवाया जिसकी हालत समाचार लिखे जाने तक गंभीर बताई जा रही है, हरसिंहपुर की गौशाला की अन्ना गोवंशो के होने के कारण उरई औरय्या हाईवे पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं दुर्घटना रात 12 बजे के लगभग की है।

### आयुष आपके द्वार शिविर में 128 रोगियों का परीक्षण

**कोंच(जालौन)।** ग्राम पडरी स्थित प्राथमिक विद्यालय परिसर में दिन शनिवार को आयुष आपके द्वार योजना के अंतर्गत राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय अंडा के तत्वाधान में शिविर का आयोजन किया गया शिविर में भगवान धन्वंतरि के चित्र पर माल्यार्पण कर शिविर का शुभारंभ किया गया जिसमें आयुर्वेदिक चिकित्सालय ग्राम अंडा कीचिकित्साधिकारी डॉ अभिलाषा सिंह द्वारा 128 रोगियों का परीक्षण कर उन्हें 5 से 7 दिन की निशुल्क औषधियों का बितरण किया गया शिविर में मूत्र दाह उदर रोग स्वास बातरोग चर्मरोग स्वास ज्वर काय और प्रतिस्याय के रोगों की अधिकता रही ।

### विदेशों से मिल रही कोंच फिल्म फेस्टिवल को सराहना

**कोंच(जालौन)।** तृतीय कोंच इंटरनेशनल फ़िल्म फेस्टिवल को विदेशों में भी सराहा जा रहा है। नेपाल,जर्मनी, बल्गारिया, जपान आदि देशों से कोंच फ़िल्म फेस्टिवल की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए शुभकामनाएं प्रदान की जा रही है। नेपाल की महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान सांसद शेख चांदतारा, भारत मे जापान सरकार के बिजनेस कॉर्डिनेटर नेपाल के पूर्व राष्ट्रपति के परिवार में जन्मे सभ्रांत व्यक्ति डॉ0 सुशील यादव, न्यूयार्क अमेरिका से बिजनेस मैन एवं फ़िल्म अभिनेता सुनील बल्गारिया से निकोल,वी चनक,जर आदि ने वीडियो जारी करते हुये कोंच फ़िल्म फेस्टिवल की सराहना की है। आगामी 30 जून से होने वाले कोंच इंटरनेशनल फ़िल्म फेस्टिवल के संस्थापक/संयोजक पारसमणि अग्रवाल ने बताया कि 30 जून को कोंच इंटरनेशनल फ़िल्म फेस्टिवल की सांस्कृतिक यात्रा निकलेगी। यात्रा का शुभारंभ बलदाऊ धर्मशाला से होगा यात्रा कमला नेहरू से सागर चौकी, रामगंज नई बस्ती तिराहा होते हुए लवली चौराहा पहुचेगी वँहा से यात्रा स्टेट बैंक अमरचंद्र होते हुए सरोजनी नायडू पार्क पहुँचेगी जंहा ज्ञात-अज्ञात शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए यात्रा का समापन होगा।

### कुठौंदा बुजुर्ग में लोगों की समस्याओं को सुना बीडीओ ने

**जालौन।** बीडीओ ने ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग में भ्रमण कर लोगों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान का आश्वासन दिया। बीडीओ संतराम ने शुक्रवार की देर शाम ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग में गांव के विकास कार्यों की हकीकत जानने और जनसमस्याओं को सुनने के लिए गांव का भ्रमण किया। उन्होंने सर्वप्रथम गांव में सफाई व्यवस्था को देखा। गांव में पानी की निकासी व्यवस्था ठीक नहीं मिली इसके अलावा आम रास्ते पर भी जल भराव मिला। जिसको लेकर उन्होंने ग्राम प्रधान पुष्पेंद्र और सफाई कर्मियों को पानी की निकासी की व्यवस्था ठीक करने एवं आम रास्ते पर जलभराव को लेकर नालियों की सिल्ट की सफाई करने के निर्देश दिए। ग्रामीण गजेंद्र सिंह सेंगर ने गांव में वयायामशाला बनवाने एवं क्षतिग्रस्त पंचायत भवन का निर्माण कराने की मांग बीडीओ से की। जिस पर बीडीओ ने बताया कि व्यायामशाला के लिए और पंचायत भवन के लिए भूमि का चिन्हांकन हो गया है। तहसील से उक्त दोनों के निर्माण के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र भी प्राप्त हो गया है। जल्द ही व्यायामशाला एवं पंचायत भवन का निर्माण कार्य शुरु कराया जाएगा। इसके अलावा ग्रामीणों ने खेल के मैदान को विकसित कराने की भी मांग की। जिस पर उन्होंने आश्वासन दिया कि इसके लिए उच्च स्तरीय अधिकारियों को अवगत कराएंगे और खेल के मैदान को विकसित कराने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर प्रधान पुष्पेंद्र, हरेंद्र, अविनाश आदि मौजूद रहे।

### समाधान दिवस में आठ फरियादियों ने दर्ज कराईं शिकायतें

**जालौन।** कोतवाली में आयोजित थाना समाधन दिवस में 8 फरियादियों ने राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतें दर्ज कराईं। जिसमें 3 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को संबंधित लेखपालों को सौंप दिया गया। सीओ उमेश पांडेय की अध्यक्षता में कोतवाली परिसर में थाना समाधन दिवस का आयोजन किया गया। थाना समाधान दिवस में 8 फरियादियों ने राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतों को दर्ज कराया। जिसमें सियारानी बेवा रामस्वरूप निवासी ग्राम खर्रा ने बताया कि उनके पास कुछ भूमि है। जिसकी गाटा संख्या 682 है। लेकिन गांव के ही शिवनारायण आदि उसकी जमीन पर कब्जा जमाने की फिराक में हैं। उन्होंने वहां खड़े नीम के पेड़ को काट दिया और अब उसकी भूमि पर निर्माण सामग्री रख दी और वहां निर्माण करना चाहते हैं। जब उसने निर्माण करने से रोका तो जान से मारने की धमकी दे डाली। थाना समाधान दिवस में 3 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जबकि शेष शिकायतों को संबंधित लेखपालों को सौंप दिया गया। सीओ ने सभी लेखपालों को मौके पर जाकर शिकायतों का निस्तारण करने एवं निस्तारण की जानकारी शिकायतकर्ता को देने के निर्देश दिए। इस मौके पर कोतवाल शैलेंद्र सिंह, इंस्पेक्टर क्राइम वीरेंद्र पटेल, अनिल कुमार सहित लेखपाल मौजूद रहे।

# लावारिस की मौत पर बिचोली के हनुमान मंदिर के महंत ने कराया कन्या भोज



**संवाददाता।** कुठौंद( जालौन)

**थाना कुठौंदके** हदरुख चौकी क्षेत्र में आने वाले संकट मोचन हनुमान मंदिर बिचोली के पास 13 दिन पहले मानसिक रूप से परेशान अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था जिसको हदरूख चौकी इंचार्ज ओंकार तिवारी द्वारा आवश्यक कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था जिसकी अंत्येष्टि होने के बाद आज संकट मोचन हनुमान मंदिर के महंत महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 महंत श्री राघव दास जी महाराज, महंत श्री कल्याण दास जी महाराज, महंत रिंकू महाराज जी, महंत सत्यनारायण तरसोर, महंत बिहारी दास जी गोहन, महंत माखन दास जी जमरेही, महंत कल्लू बाबा शनिदेव शांति धाम, के द्वारा एवं चौकी इंचार्ज ओंकार तिवारी एवं क्षेत्रीय प्रधान नरेंद्र तिवारी केथवा, महेश कुमार प्रधान बिचोली, भारत सिंह प्रधान प्रतिनिधि मदारीपुर, दोन प्रधान गंभीर सिंह, तथा समाजसेबी गुड्डा सिंह बस्ते पुर, राजू गुप्ता पूर्व प्रधान बिचोली, संजय सिंह, कृष्ण गोपाल, मोहित राजा दोनापुरके द्वारा अज्ञात व्यक्ति का दही जलेबी का भंडारा किया गया मंदिर महंत श्री राघव दास ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति के परिवारी जनों के बारे में पता लगाने की बहुत कोशिश की लेकिन उसकी सुध लेने वाला आज तक कोई नहीं आया।

# अकेला कुबेरपुर में भी निकला 'शौचालय' घोटाला

**संवाददाता।** बस्ती

- **एक दर्जन से अधिक शौचालयविहीन दलितों ने उठाई आवाज**
- **डीएम से की शिकायत-कहा एक दर्जन लाभार्थियों के नाम पर धन निकल गया उन्हें पता ही नहीं**

**मनरेगा** के बाद सेक्रेटरी और प्रधानों ने सबसे अधिक हमला षौचालयों पर बोल रहें हैं। दोनों मामलों में सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया। एक तरह से प्रधान और सेक्रेटरी ने षौचालय के धन को भोजन का जरिया बना लिया है। ऐसे-ऐसे लाभार्थियों के नाम पर धन निकाल लिया जाता, जिसकी जानकारी लाभार्थी तक को नहीं होती। हेराफेरी का यह आलम है, कि परेवा में एक ही व्यक्ति को सात-सात षौचालय दे दिया और लाभार्थी को पता ही नहीं चला। अब तक सबसे बड़ा षौचालय घोटाला सल्टौआ ब्लॉक के ग्राम पंचायत अजगैवाजंगल का सामने आ चुका है। यहां पर 1034 षौचालय का पैसा कहां गया, आज तक डीपीआओ को पता ही नहीं चला कार्रवाई से अधिक लिखा-पड़ी की जा रही है। नोटिस दिए पांच माह से अधिक हो गए मगर अभी तक सेक्रेटरी ने जबाव ही नहीं हुआ। इसी तरह कुदरहा ब्लॉक के ग्राम परेवा का सामने आया, यहांपर तो 35 लाख का हिसाब-किताब ही नहीं मिल रहा है। एक-एक लाभार्थी के नाम पर सात-सात बार पैसा निकल गया, यहां पर तो मकानों की संख्या से कई गुना अधिक पैसा निकल गया। विभाग क्या कर रहा है, इस बात का पता ही नहीं चला। कुदरहा ब्लॉक के ही कड़सरी मिश्र में तो 13 लाख के षौचालय का घोटाला सामने आ चुका, कार्रवाई का इंतजार है। हर्रैया में तो 13 लाख के गबन के आरोप में सेक्रेटरी जेल तक जा चुके है। अब कुदरहा ब्लॉक के ग्राम पंचायत अकेला कुबेरपुर का सामने आया। यहां के एक दर्जन से अधिक षौचालयविहीन दलितों ने लिखकर दिया है, कि उन लोगों को षौचालय का पैसा नहीं दिया, बल्कि एक दर्जन से अधिक ऐसे लोगों के नाम पैसा निकाल लिया, जिन्हें पता ही चला कि उनके नाम पर पैसा भी निकाला गया। सरकार पहले ही जिले को ओडीएफघोषित करनें के नाम पर फर्जी तरीके से लगभग पांच अरब खर्च कर चुकी है, बावजूद असंख्य महिलाएं आज भ्ज्ञी खुले में षौच को जा रही हैं, और उनके साथ आए दिन अकप्रय घटनाएं भी हो रही है। कुदरहा ब्लॉक के अकेला कुबेरपुर के जिन लोगों नें डीएम को लिखकर दिया, कि पैसा निकाल लिया गया और उन्हें पता ही नहीं चला। इनमें लीलादेवी पत्नी फूलचंद्र, राधिका पत्नी अषरर्फी, जितेंद्र, प्रमात्मा, रामकरन पुत्र सुरगुन, तेजी पत्नी मंगरु, सीमा पुत्री राते, रामतिलक पुत्र मंगरु, दिलीप निषाद पुत्र लालाराम, रामबुझारत पुत्र हिरई एवं षोभावती पत्नी षिवषंकर सहित अन्य का नाम षामिल है। इन लोगों ने डीएम को बताया कि गांव में स्वच्छ भारत मिषन के तहत घोटाला किया गया, प्रधान और सेक्रेटरी ने मिलकर गलत तरीके से 11 लोगों के नाम से पैसा निकालकर गबन कर लिया। बताया कि हम लोगों के नाम पर पैसा निकाल लिया गया और हम लोगों को पता ही नहीं चला। इन लोगों ने प्रधान और सेक्रेटरी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। जिन लोगों के नाम पर पैसा निकाला गया, उनमें कुंता पत्नी मिठाई, लालाराम पुत्र कोमल, लीलादेवी पत्नी स्व. फूलचंद्र, पामात्मा पुत्र सीताराम, राधेष्याम पुत्र जंगा, राम बुझारत पुत्र हिरई, राम तिलक पुत्र मंगरु, रिते पुत्र चंदर, षोभावती देवी पत्नी स्व. षिवषंकर एवं तेजी पुत्र मंगरु का नाम षामिल है।

# ठेकेदार ने खोली आरईडी के घोटाले की पोल

**संवाददाता।** बस्ती

- **ठेकेदार ने लगाया सड़कों के टेंडर में घोटाले का आरोप**
- **कहा-चहेते ठेकेदार को लाभ पहुंचाने को तोड़ा नियम**
- **सीडीओ ने तलब किया टेंडर की पत्रावली**
- **आरईडी के एक्सईएन ने कहा टेंडर नियमों के तहत निकाला गया**

**आरडीई** के ठेकेदार ने विभाग के अधिकारियों की पोल खोली। कहा अपने चहेते ठेकेदारों को ठेका देने के लिए एक्सईएन ने तोड़ नियम। डीएम और सीडीओ से की षिकायत। सीडीओ डा. राजेष कुमार प्रजापति एक्सईएन से मांगा जबाव, टेंडर की पत्रावली को किया तलब। मामला सात करोड़ से अधिक का है। एक तरफ योगी सरकार सड़को को गड्ढा मुक्त करने के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है, लेकिन बस्ती जनपद में शासन की मंषा पर विभाग के ही अधिकारी पानी फेरते हुए नजर आ रहे है। ताजा मामला बस्ती जिले के ग्रामीण अभियंत्रण विभाग का है, जिसमे सात करोड़ की लागत से बनने वाले सड़क में पहले ही घोटाले की बू आने लगी। आपत्ति जताने के बावजूद ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिकारियों ने कमीषनबाजी के आगे कार्यवाही करना जरूरी नहीं समझा और भ्रष्टाचार को हवा देने में लगे हुए है। वहीं आरईडी के एक्सईएन अरविंद चौधरी ने बताया कि टेंडर की प्रक्रिया नियमों के तहत की गई, अब षिकायत करने वाले ठेकेदार जाने की उसमें क्या गलत हुआ, कहा कि अब तो जांच हो ही रही है, सच्चई सामने आ जाएगा। सदर, कप्तानगंज और हरैया विधानसभा क्षेत्र में आम नागरिकों की सुविधा के लिए उन खराब सड़को के कायाकल्प की योजना तैयार हुई जिस पर चलना भी लोगो के लिए दुभर था, सरकार को प्रपोजल गया और कार्यदाई संस्था ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को सड़क निर्माण का कार्य मिला, विभाग के अधिकारियों ने टेंडर निकाला और यही से शुरू हुआ भ्रष्टाचार का खेल। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिशाषी अभियंता और अधीक्षण अभियंता पर आरोप है कि अपने चहेते ठेकेदार को सड़क का काम देने के लिए नियम कानून की धज्जियां उड़ाई, दोनो अफसरों ने 7 करोड़ की लागत से 10 सड़को के निर्माण के लिए निविदा में गड़बड़झाला किया गया, एक ही निविदा में एक फर्म को पात्र बना दिया गया तो दूसरे फर्म को अपात्र कर दिया गया। पीड़ित ठेकेदार का कहना है कि लाट संख्या 8 और 9 में जो फर्म पात्र थे उन्हे आखिर किस आधार पर लाट संख्या 5, 6 और 7 में अपात्र कर दिया गया। टेक्निकल बीड खुलते ही इसकी शिकायत हुई मगर जिम्मेदारी ने कोई एक्शन नहीं लिया। एस कंस्ट्रक्शन फर्म को फायदा पहुंचाने के लिए टेंडर खोलने की कमेटी ने सारे नियमों को दरकिनार कर दिया। 18 जून को टेंडर खुला और उस दिन कमेटी में शामिल अधीक्षण अभियंता खुद मौजूद नहीं थे, शिकायत करने वाले ठेकेदारों ने बताया कि अधिकारी खुद भ्रष्टाचार में लिप्त है और चहेते को फायदा पहुंचाने की पूरी कोशिश की जा रही है।

# थाना समाधान दिवस में आईं सात शिकायतें, तीन का हुआ निस्तारण



थाना दिवस में जन शिकायतें सुनते पुलिस अधिकारी

**कोंच ( जालौन )।** कोतवाली परिसर में प्रभारी निरीक्षक वलिराज शाही की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया इस थाना दिवस पर कोतवाली में 7 फरियादियों ने अपनी अपनी समस्या से सम्बंधित प्रार्थना पत्र अधिकारियों के समक्ष रखकर उसके निस्तारण की मांग की जिस पर अधिकारियों द्वारा मौके पर 3 प्रार्थना पत्र का निस्तारण करते हुए बांकी बचे प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित अधिकरियों को सौंपते हुए उन्हें जल्द से जल्द निस्तारण का आदेश दिया और यह भी कहा कि शासन की मंशा के अनुसार शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ किया जाए जिससे किसी भी पक्ष को हानि न हो और जो भी शिकायतें आयी है उनका निस्तारण जल्द और पारदर्शिता के साथ किया जाए और जहाँ भी समस्या के निस्तारण में पुलिस बल की जरूरत है समय से पुलिस बल उपलब्ध कराया जायेगा ताकि समस्या का हल निकल सके इस अवसर पर कोतवाल एस एस आई आनंद कुमार सिंह नगर पालिका से आर आई सुनील कुमार लेखपाल दयाशंकर प्रजापति राजेन्द्र कुमार वर्मा अखलेश कुमार आरती निरंजन संजना कुमारी नरेंद्र बाबू गुप्ता रमेश चन्द्र अशोक कुमार बीर सिंह महेश चंद्र दिलीप पटेल बिधुत बिभाग से महेंद्र सिंह निरंजन व्रजराज सिंह नरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# घरौनी प्रमाणपत्र वितरण कार्यक्रम में तहसीलदार ने गिनाईं खूबियां



**संवाददाता।** कालपी( जालौन)

**शनिवार** को कालपी तहसील के ग्रामों की घरौनी प्रमाण पत्रों का वितरण कार्यक्रम तहसीलदार नरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। उन्होंने घरौनी प्रमाण पत्र की उपयोगिता तथा खूबिया बताते हुए भविष्य के लिए बेहतर कदम बताया। तहसील के मीटिंग हॉल में आयोजित कार्यक्रम घरौनी वितरण प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में ग्रामीणों को संम्बोधित करते हुए तहसीलदार ने बताया कि ग्रामों में जिन जिन लोगों के मकान बने हैं।उन ग्रामीणों के आवासीय अभिलेख के लिए घरौनी प्रमाण पत्र दिए जा रहे हैं।उन्होंने बताया कि घरौनी प्रमाण पत्रों से गांव के भूखंडों,नाली आदि के छोटे मोटे विवाद खत्म हो जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान तहसील के काशी रामपुर, देवकली, वरदौली, मगरौल, कीरतपुर, तथा गढ़गुवा गांवों के ग्रामीणों को घरौनी प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस मौके पर राजस्व कानूनगो राम दत्त, राकेश कुमार, सलीम खान, अशोक पांडेय, टीपू हाशमी, प्रेस क्लब तहसील कालपी के अध्यक्ष सलीम अंसारी के अलावा लेखपाल तथा राजस्व कर्मचारी मौजूद रहे।

# गांवों में समस्याओं का समाधान आपस में मिल बैठकर करवाएं प्रधान: सीओ

**संवाददाता।** जालौन

**गांवों** में छोटी मोटी समस्याओं का समाधान आपस में मिल बैठकर करवा दें। कोई समस्या हाती है तो निसंकोच संपर्क कर सकते हैं। यह बात नवागंतुक सीओ ने सर्किल के ग्राम प्रधानों एवं गणमान्य नागरिकों के साथ बैठक के दौरान कही।

नवागंतुक सीओ उमेश पांडेय ने सर्किल क्षेत्र के ग्राम प्रधानों एवं गणमान्य नागरिकों के साथ कोतवाली परिसर में बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए सीओ ने कहा कि गांवों में अक्सर विवाद छोटी मोटी समस्याओं को लेकर होते हैं। इन समस्याओं का समाधान गांवों में ही आपसी सहमति के आधार पर हो सकता है। प्रधान दोनों पक्षों के बीच सहमति बना सकते हैं। यदि इसके बाद भी समस्या का समाधान न हो तो पुलिस की सहायता ले सकते हैं। बताया कि गांवों में किसी भी प्रकार से अशांति न फैलने दें। अफ्वाहों से बचें और दूसरों को भी बचने के प्रेरित करें। यदि कोई अराजक तत्व गांव में किसी भी प्रकार से कोई अराजकता फैलाता है तो पुलिस को सूचना दें, पुलिस ऐसे व्यक्ति के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करेगी। उन्होंने अपील की कि यदि गांव में कोई व्यक्ति संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त है अथवा कोई ऐसा कार्य करता है तो कानून के खिलाफ है तो उसकी भी जानकारी पुलिस तक पहुंचाएं। ताकि ऐसे समाजविरोधी व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। इस मौके पर आशू तिवारी छिरिया सलेमपुर, अमित मलकपुरा, राघवेंद्र सिंह धनौरा कलां, शिवकुमार खनुआं, अविनाश प्रताप, आलोक कुमार आदि मौजूद रहे।



गांव के प्रधानों व गणमान्य नगारिकों के साथ बैठक करते सीओ उमेश पांडेय पायनियर

# मध्य प्रदेश रणजी चैंपियन बनने के करीब

● पहली पारी में 536 रन बनाए, पाटीदार की शतकीय पारी

● स्टंप्स के समय मुंबई ने दूसरी पारी में दो विकेट पर 113 रन बनाए

भाषा। बेंगलुरु



**इंडियन** प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के लिए यादगार प्रदर्शन करने वाले रजत पाटीदार ने रणजी ट्रॉफी फाइनल में बारिश से प्रभावित चौथे दिन शनिवार को यहां मुंबई के खिलाफ शतकीय पारी खेल को अपनी टीम को खिताब के बेहद करीब पहुंचा दिया है।
मध्यप्रदेश ने दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 368 रन से करने के बाद पाटीदार की 219 गेंद में 20 चौके जड़ित 122 रन के दम पर अपनी पहली पारी में 536 रन बनाए। चाय के विश्राम से पहले बारिश ने मैच में खलल डाला लेकिन जब खेल दोबारा शुरू हुआ तब मध्य प्रदेश ने अपनी पहली पारी में 162 रन की बढ़त के साथ खिताब को लगभग अपने नाम कर लिया। यश दुबे (133) और शुभम शर्मा (116) के बाद पाटीदार शतक लगाने वाले टीम के तीसरे खिलाड़ी है। इन तीनों में हालांकि उनकी बल्लेबाजी सबसे बेहतरीन रही। स्टंप्स के समय मुंबई ने दूसरी पारी में दो विकेट पर 113 रन बनाकर मध्य प्रदेश की बढ़त को कुछ कम की लेकिन मैच में उनकी वापसी अब किसी चमत्कार के भरोसे ही है। चौथे दिन का खेल खत्म होते समय अरमान जाफर 30 और सुदेव पारकर नौ रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। तेजी से रन बनाने के लिए कप्तान पृथ्वी साव के साथ हार्दिक तमोर को पारी का आगाज करने के लिए भेज गया लेकिन साव 52 गेंद में 44 रन बनाकर गौरव यादव (23 रन पर एक विकेट) और तामोर ने 25 रन बनाकर कुमार कार्तिकेय (50 रन पर एक विकेट) की गेंद पर आउट हुए। मैच के आखिरी दिन 95 ओवर का खेल होना है और मुंबई की टीम को लगभग बड़ा स्कोर खड़ा करने के बाद मध्य प्रदेश को 45 से 50 बल्लेबाजी करानी होगी। पिच से जिस तरह से बल्लेबाजों को मदद मिल रही है उससे इस बात की संभावना कम है कि मध्य प्रदेश की टीम चौथी पारी में लड़खड़ा जाए। जब चौथा दिन शुरू हुआ, तो पहली पारी में बढ़त हासिल करने के लिए मध्य प्रदेश को सात और रनों की जरूरत थी, लेकिन पाटीदार के लिए कम से कम एक सत्र खेलना अधिक महत्वपूर्ण था। उन्होंने इस काम को शानदार तरीके से किया। जब वह आउट हुए तब मध्य प्रदेश की बढ़त 100 रन से अधिक हो चुकी थी और मुंबई के खिलाड़ियों के चेहरे पर इसकी उदासी की झलक देखी जा सकती थी। इस दौरान अपने कड़े मिजाज के लिए जाने जाने वाले कोच चंद्रकांत पंडित ड्रेसिंग रूम के एक कोने में बैठ कर अपनी टीम की बल्लेबाजी का लुत्फ उठा रहे थे। मध्य प्रदेश की पारी 14 घंटे दो मिनट तक चली। इस दौरान टीम ने 41 बार की चैंपियन टीम को उसी के अंदाज में जवाब दिया।
पाटीदार ने मोहित अवस्थी की गेंद पर ऑन–ड्राइव पर चौका लगाया और फिर उन्हें कवर–प्वाइंट की ओर बेहतरीन शॉट के साथ अपनी शानदार लय के जारी रहने का संकेत दिया। आईपीएल भले ही एक सफेद गेंद की प्रतियोगिता रही हो, लेकिन पाटीदार ने 25 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ अपने शतक से जिस तरह का आत्मविश्वास हासिल किया, वह यहां काम आया। उन्होंने ठीक एक महीने बाद 25 जून को इसका सबसे अच्छा उपयोग किया। यह उनके प्रथम श्रेणी करियर का आठवां और सबसे महत्वपूर्ण शतक है। मौजूदा सत्र में मध्य प्रदेश की सफलता श्रेय दूसरे , तीसरे और चौथे क्रम में शानदार बल्लेबाजी को जाता है। पाटीदार ने अब तक 628 रन बनाए हैं और रन बनाने वालों की सूची में सरफराज खान (937) के बाद दूसरे स्थान पर हैं।

# आयरलैंड के खिलाफ सैमसन व गायकवाड़ पर होंगी निगाहें

● भारत से टी-20 मुकाबला आज

भाषा। मलाहाइड (आयरलैंड)



रुतुराज गायकवाड़ और संजू सैमसन सहित भारत के दूसरी कतार में शामिल खिलाड़ियों को सीनियर क्रिकेटरों की वापसी से पहले आयरलैंड के खिलाफ रविवार से शुरू होने वाली दो मैचों की टी20 श्रृंखला में खुद को साबित करने का एक और मौका मिलेगा, जिसमें हार्दिक पंड्या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कप्तानी की शुरुआत भी करेंगे। ऋषभ पंत के इंग्लैंड में टेस्ट टीम में शामिल होने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग में अपनी कप्तानी से प्रभावित करने वाले पंड्या को टीम की कमान सौंपी गई है। रोहित शर्मा को विश्राम दिए जाने और केएल राहुल के चोटिल होने के बाद पंत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू टी20 श्रृंखला में टीम की अगुवाई की थी। अब हार्दिक को जिम्मेदारी सौंपी गई है और गुजरात टाइटन्स के कप्तान के रूप में उनके शानदार प्रदर्शन से उनसे काफी उम्मीद की जा रही है। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण इस श्रृंखला में कोच की भूमिका निभा रहे हैं क्योंकि मुख्य कोच राहुल द्रविड़ टेस्ट टीम के साथ इंग्लैंड में हैं। उनके अपने पूर्व साथी की रणनीति पर ही चलने की उम्मीद है। इन दोनों मैच से इस साल के आखिर में आस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए कोर ग्रुप और अगले महीने इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले तीन मैचों के लिए टीम तैयार करने में मदद मिलेगी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में द्रविड़ ने पहले दो मैचों में हार के बावजूद सभी पांच मैचों में टीम को बरकरार रखा था। पांचवां मैच बारिश की भेंट चढ़ने से यह श्रृंखला 2–2 से बराबर छूटी थी। पंत और श्रेयस अय्यर के टेस्ट टीम में शामिल होने से आयरलैंड के खिलाफ श्रृंखला में संजू सैमसन और दीपक हुड्डा जैसे खिलाड़ियों को मौका मिल सकता है। सैमसन कई मौके मिलने के बावजूद टी20 टीम में खुद को स्थापित नहीं कर पाए और ऐसे में उनके लिए मौका बेहद महत्वपूर्ण होगा। कलाई की चोट से वापसी करने वा ले सूर्यकुमार यादव के तीसरे या चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने की संभावना है। ईशान किशन ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था जिसे वह आगे बढ़ाना चाहेंगे लेकिन सलामी जोड़ीदार गायकवाड़ पर दबाव होगा, जो पिछली श्रृंखला में तेज गेंदबाजों के सामने असहज दिख रहे थे। भारत के तेज गेंदबाज उमरान मलिक और यॉर्कर विशेषज्ञ अर्शदीप सिंह को भी यहां मौका मिल सकता है। जहां तक आयरलैंड का सवाल है तो उसके खिलाड़ी मजबूत भारत के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करके लोगों का ध्यान खींचने की कोशिश करेंगे। स्टीफन डोहेनी और कॉनर ओलफर्ट को एंड्रयू बालबर्नी की अगुवाई वाली टीम में पहली बार जगह मिली है।

### गौरव गिल डब्ल्यूआरसी सफारी रैली से बाहर

**नई दिल्ली।** भारत के अर्जुन पुरस्कार विजेता चालक गौरव गिल को विश्व रैली चैम्पियनशिप (डब्ल्यूआरसी) सफारी रैली कीनिया में शानदार शुरुआत के बाद इंजन में खराबी के कारण बाहर होना पड़ा। तीन बार के एशिया पैसिफिक रैली चैंपियन और सात बार भारतीय राष्ट्रीय रैली चैम्पियनशिप जीतने वाले गिल का वाहन धूल में फंस गया जिससे उनका इंजन खराब हो गया। गिल ने डब्ल्यूआरसी-दो के पहले और तीसरे चरण में जीत दर्ज की थी और उन्हें यहां खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा था।

### चेन्नई ओपन शतरंज : नितिन शीर्ष पर कायम

**चेन्नई।** भारतीय अंतरराष्ट्रीय मास्टर नितिन सेंथिवेल ने शनिवार को यहां 13वें चेन्नई ओपन अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट 2022 के नौवें दौर में हमवतन और साथी आईएम रविचंद्रन सिद्धार्थ से ड्रा खेला लेकिन वह आठ अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर बरकरार है। नितिन रूस के जीएम बोरिस सावचेंको, बेलारूस के एलेक्सेई फेडोरोव, अरोण्याक घोष और हिमल गोसाईं (दोनों भारतीय) पर आधे अंक की बढ़त बनाए है। इन सभी के 7.5 अंक है। रविवार को फाइनल दौर खेला जाना है।

### बीसीसीआई ट्रेनर का पूल बनाने के लिए करार किया

**बेंगलुरू।** ट्रेनिंग प्रणाली मे एकरूपता लाने की मुहिम में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने देश में विश्व स्तरीय ट्रेनर (एस एंड सी कोच) का एक पूल बनाने के लिए आस्ट्रेलियाई स्ट्रेंथ एवं कंडिशनिंग संघ (एएससीए) से समझौता किया है। हाल में बीसीसीआई ने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अपना खेल विज्ञान वर्ग बनाया था जिसकी जिम्मेदारी राष्ट्रीय टीम के पूर्व मुख्य फिजियो डाक्टर नितिन पटेल को दी गई। अब वे एक ऐसे कार्यक्रम के विचार के साथ आए है जिससे बीसीसीआई में सभी स्तर पर फिटनेस ट्रेनर का ज्ञान बढ़ेगा।

### चेन्नई में शतरंज ओलंपियाड में हिस्सा नहीं लेगा चीन

**चेन्नई।** चीन यहां मामल्लापुरम में 28 जुलाई में होने वाले 44वें शतरंज ओलंपियाड मे हिस्सा नही लेगा। कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के मौके पर एक सवाल का जवाब देते हुए दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी और चीन के शीर्ष खिलाड़ी डिंग लिरेन ने कहा कि न तो वह और न ही टीम ओलंपियाड में हिस्सा लेगी। मैड्रिड में टूर्नामेंट में खेल रहे लिरेन ने कहा, नही, मुझे लगता है कि चीन की टीम नही खेलेगी। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के सचिव और ओलंपियाड टूर्नामेंट के निदेशक भरत सिंह चौहान के अनुसार चीन के खिलाड़ी ने हालांकि टीम के हिस्सा नही लेने के लिए कोई कारण नही बताया। उन्होंने पीटीआई से कहा, हां, चीन की (ओपन) पुरूष और महिला टीम चेन्नई ओलंपियाड में नही खेलेगी। इसका कारण स्पष्ट नही है।

### उज्बेकिस्तान में 28 जून से 2 जुलाई तक होगी एशियन है पकिडो चैंपियनशिप

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अमरीश पिपिल युवांक चौधरी, अजय कुमार और अमनदीप यादव का चयन आगामी एशियन हैपकिडो चैंपियनशिप के लिए चयनित भारतीय हैपकिडो टीम में कर लिया गया हैं। भारतीय टीम को रवानगी से पहले चयनित खिलाड़ियों को शनिवार को भारतीय हैपकिडो महासंघ के अध्यक्ष डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने अपने कार्यालय में बुलाकर चैंपियनशिप में पदक जीतने के लिए शुभकामनाएं दी।

# कप्तानी का आनंद लेते हैं हार्दिक

● कहा जिम्मेदारी आने से सर्वश्रेष्ठ करते है

भाषा। मालाहाइड (आयरलैंड)



**इंडियन प्रीमियर** लीग में पदार्पण सत्र में गुजरात टाइटन्स को खिताब दिलाने वाले हार्दिक पंड्या ने स्वीकार किया कि जिम्मेदारी आने से वह क्रिकेट के मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं। हार्दिक को रविवार से यहां आयरलैंड के खिलाफ शुरू हो रही दो मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए भारतीय टीम का कप्तान चुना गया है। इस आल राउंडर ने पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की पूर्व संध्या पर आयोजित वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा, पहले भी मुझे जिम्मेदारी लेने में मजा आता था और अब भी ऐसा ही है लेकिन अब थोड़ी ज्यादा जिम्मेदारी आ गई है। मेरा हमेशा मानना है कि मैंने जिम्मेदारी लेने के बाद बेहतर किया है। हार्दिक ने कहा, अगर मैं अपनी चीजों की जिम्मेदारी लेता हूं और अपने फैसले करता हूं तो वे मजबूत होते हैं। क्रिकेट इस तरह का खेल है जिसमें अलग अलग परिस्थितियों के दौरान मजबूत बने रहना बहुत अहम है। मुझे हमेशा जब भी जिम्मेदारी दी गई तो मैंने इसे संभाला इसलिए ही मैं बेहतर बना। कप्तानी करते हुए मैं देखूंगा कि मैं प्रत्एक खिलाड़ी को यही जिम्मेदारी कैसे दे सकता हूं। दो करिश्माई कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली के नेतृत्व में खेलने से हार्दिक ने अगुआई करने की काबिलियत सीखी लेकिन उनका कहना है कि हर कप्तान का अपना तरीका होता है।
निश्चित रूप से, मैंने उनसे (धोनी और कोहली) काफी चीजें सीखी हैं लेकिन साथ ही मेरे खुद के फैसले भी होते हैं, निश्चित रूप से मेरी खेल की समझ अलग है लेकिन मैंने उनसे काफी अच्छी चीजें सीखी हैं। मैं सहज प्रवृत्ति का नहीं हूं लेकिन अंदर से फैसला करने के बजाय परिस्थितियों को देखता हूं। किस समय पर टीम को किस फैसले की जरूरत है, मैं इस पर ध्यान लगाता हूं, अंदर से मुझे कैसा महसूस हो रहा है, इसे नहीं देखता। मुझे भारत की अगुआई की जिम्मेदारी दी गई है। यह अपने आप में बड़ी चीज है। मैं खेल किसी को कुछ दिखाने के लिए नहीं खेलता। मैं हमेशा ऐसा ही था।
भारतीय टीम आयरलैंड के खिलाफ श्रृंखला में अपने रिजर्व खिलाड़ियों को उतार रही है और हार्दिक ने कहा कि टीम के पास जो बेंच स्ट्रेंथ है वो देश में खेल के लिए अच्छा संकेत है। अगर ऐसी स्थिति आती है कि हमें दो टीमें भेजनी पड़ें तो हम भाग्यशाली हैं कि हमारे पास उतनी बेंच स्ट्रेंथ है जहां हम खिलाड़ियों को भेज सकते हैं और इससे काफी लोगों को मौके मिलेंगे। भारत में इतनी प्रतिभा है कि लोगों को मौके ही नहीं मिलते। भारत के लिए खेलना हमेशा एक सपना होता है और उनके लिए यह सपना साकार करना सचमुच शानादर होगा। जिस तरह से प्रतिभाएं सामने आ रही हैं और खिलाड़ियों ने जिस तरह का जज्बा दिखाया है, जिस तरह का प्रदर्शन किया है, यह भारत की बेंच स्ट्रेंथ दर्शाता है। भारतीय टीम में इस समय काफी विकल्प हैं।

### उमरान मलिक को टी20 विश्व कप टीम में होना चाहिए : वेंगसरकर

**मुंबई।** उमरान मलिक की तेज गेंदबाजी से प्रभावित भारत के पूर्व कप्तान दिलीप वेंगसरकर का मानना है कि जम्मू कश्मीर के इस युवा गेंदबाज को इस साल होने वाले टी20 विश्व कप की टीम में चुना जाना चाहिए। वेंगसरकर ने यहां संवाददाताओं से कहा, मुझे उम्मीद है क्योंकि वह (उमरान) एक बहुत शानदार प्रतिभा है। उसने आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया और वह एक मौके का हकदार है। मुझे उम्मीद है कि वह ऑस्ट्रेलिया जाने वाले विमान में होगा। टी20 विश्व कप को इस साल के अंत में अक्टूबर–नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में खेला जाना है।राष्ट्रीय चयन समिति के इस पूर्व अध्यक्ष ने कहा, वह युवा है और अच्छा करने के लिए उत्सुक है। आपको किसी ऐसे व्यक्ति को मौका देना चाहिए जो लय में हो। उमरान ने इस साल आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए 14 मैचों में 22 विकेट लिए थे। उन्होंने हालांकि लगातार 95 मील प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी कर सुर्खियां बटोरी। इसका इनाम उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए टीम में जगह के साथ मिला।

# भारत ने श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला जीती

● हरमनप्रीत का हरफनमौला खेल

भाषा। दाम्बुला




**कप्तान हरमनप्रीत** कौर के गेंद और बल्ले से शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने शनिवार को यहां दूसरे ट्वेंटी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में श्रीलंका को पांच विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला जीत ली। अनुभवी उप कप्तान स्मृति मंधाना (34 गेंद में 39 रन) के अलावा शेफाली वर्मा (10 गेंद में 17 रन) और सभिनेनी मेघना (10 गेंद में 17 रन) की मदद से भारत ने 126 रन का लक्ष्य 19.1 ओवर में हासिल कर लिया। लक्ष्य इतना बड़ा भी नहीं था लेकिन भारतीय टीम इस आसान लक्ष्य का पीछा करते हुए लड़खड़ा गई जिसके बाद हरमनप्रीत ने 32 गेंद में नाबाद 31 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। श्रीलंका ने अच्छी शुरूआत की लेकिन वह सात विकेट पर 125 रन ही बना सकी। तीसरा और अंतिम टी20 मैच सोमवार को यहां खेला जाएगा। मंधाना टी20 में 2,000 रन तक पहुंचने वाली दूसरी सबसे तेज भारतीय महिला क्रिकेटर बन गई, जिससे दिन यादगार बन गया। मंधना ने अपनी 84वीं पारी में यह उपलब्धि हासिल की, वह महान क्रिकेटर मिताली राज (70 पारियों) और मौजूदा कप्तान हरमनप्रीत कौर (88 पारियों) के बाद यह कारनामा हासिल करने वाली तीसरी भारतीय महिला क्रिकेटर बन गईं। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंकाई टीम ने कप्तान चामरी अटापट्टू (41 गेंद में 43 रन) और विषमी गुणरत्ने (50 गेंद में 45 रन) की मदद से आदर्श शुरूआत की। इन दोनों ने श्रीलंका के लिए पहले विकेट के लिए टी20 में 87 रन की सर्वश्रेष्ठ साझेदारी निभाई जिससे भारतीय गेंदबाज विकेट लेने के लिए बेताब दिखीं। लेकिन अटापट्टू और गुणरत्ने के आउट होने के बाद श्रीलंका ने लगातार विकेट गंवा दिए और टीम इतना कम स्कोर बना पाई। दीप्ति शर्मा (चार ओवर में 34 रन देकर दो विकेट) निश्चित रूप से सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहीं लेकिन राधा यादव और पूजा वस्त्राकर ने भी गेंद से अच्छे प्रदर्शन के बूते भारत को शिकंजा कसने में मदद की।

# बांग्लादेश 234 रन पर आउट

● वेस्टइंडीज की अच्छी शुरुआत

भाषा। ग्रोस आइलेट (सेंट लूसिया)

**बांग्लादेश ने** अपने प्रदर्शन में कुछ सुधार करते हुए वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन अपनी पहली पारी में 234 रन बनाए। बांग्लादेश ने पिछले सप्ताह एंटीगा में पहले टेस्ट में अपनी पहली पारी में केवल 103 रन बनाए थे और उसकी टीम लगभग दो दिन शेष रहते हुए यह मैच हार गई थी। वेस्टइंडीज ने फिर से अच्छी बल्लेबाजी की और पहले दिन का खेल समाप्त होने तक बिना किसी नुकसान के 67 रन बनाए। उस समय सलामी बल्लेबाज जॉन कैंपबेल 32 और कप्तान क्रेग ब्रैथवेट 30 रन पर खेल रहे थे। इससे पहले वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर बांग्लादेश को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया और उसके किसी भी बल्लेबाज को लंबी पारी नहीं खेलने दी। बांग्लादेश के लिए लिटन दास ने 53 और सलामी बल्लेबाज तमीम इकबाल ने 46 रन बनाए। शैंटो (26) और अनामुल हक (23) भी अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाए। कप्तान शाकिब आठ रन ही बना पाए। निचले क्रम में शोरिफुल इस्लाम ने 26 और इबादत हुसैन ने नाबाद 21 रन का योगदान दिया।

# लाथम का अर्धशतक, कीवियों ने की वापसी

● इंग्लैड के खिलाफ न्यूजीलैड के दूसरी पारी में एक विकेट पर 125 रन

भाषा। लीड्स (इंग्लैंड)



**टॉम लाथम** के अर्धशतक से न्यूजीलैंड ने वापसी करते हुए शनिवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट के तीसरे दिन चाय तक दूसरी पारी में एक विकेट पर 125 रन बना लिए। लाथम और कप्तान केन विलियमसन ने पूरे मध्य सत्र में बल्लेबाजी की जिससे न्यूजीलैंड की कुल बढ़त 94 रन की हो गई है। जो रूट ने चाय सत्र से तुरंत पहले लाथम का कैच टपका दिया था जिससे बाएं हाथ यह बल्लेबाज 76 रन बनाकर खेल रहा है जबकि दूसरे छोर पर विलियमसन 37 रन बनाकर डटे हैं। इससे पहले जैमी ओवरटन अपने पदार्पण टेस्ट मैच में शतक से चूक गए लेकिन जॉनी बेयरस्टो की 162 रन की पारी से इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड पर पहली पारी में 31 रन की बढ़त हासिल कर ली। ओवरटन ने 97 रन बनाए और उनकी और बेयरस्टो की सातवें विकेट के लिए रिकॉर्ड 241 रन की साझेदारी से छह विकेट पर 55 रन से संभलते हुए इंग्लैंड की टीम लंच से पहले 360 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड ने श्रृंखला में 2–0 से अजेय बढ़त बनाई हुई है। न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 329 रन बनाए थे। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में विल यंग (08) का विकेट लंच के बाद तीसरे ओवर में ही गंवा दिया जो मैथ्यू पोट्स की गेंद पर बल्ले का किनारा छुआकर आउट हुए।

### चिली से 1-3 से हारी भारतीय अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम

**एक्विलेया (इटली)।** भारतीय अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम बेहतर प्रदर्शन के बावजूद यहां चार देशों के टूर्नामेंट के दूसरे मैच में चिली से ।-3 से हार गई। अपने शुरुआती मैच में इटली की टीम 0-7 से हारने के बाद भारतीय टीम इस मैच में उतरी थी। दोनों टीम की धीमी शुरुआत के बावजूद भारत को डिफेंडर नाकेता के प्रयास से बढ़त हासिल करने का मौका मिला, लेकिन उनकी फ्री-किक पर चिली ने गोल नही होने दिया। कैटरीन रामोस ने 11वें मिनट में चिली की तरफ से पहला गोल किया जबकि मैटी ने 19वें मिनट में उसकी बढ़त दोगुनी कर दी। चिली मध्यांतर तक 2-0 से आगे था। भारत दूसरे हॉफ में वापसी के लिए बेताब दिखा और नेहा के पास पर काजोल गोल करने मे सफल रही। चिली की अंबर रोलिनो ने हालांकि 67वें मिनट में अपनी टीम के लिए तीसरा गोल करके भारत की वापसी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

### भारत अंडर-23 फुटबॉल टूर्नामेंट में अमेरिका से हारा

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम को शनिवार को स्वीडन के हेलसिंगबोर्ग में चल रहे तीन देशों के अंडर-23 टूर्नामेंट के अंतिम मैच में अमेरिका से ।-4 से हार का सामना करना पड़ा। भारत ने आठवें मिनट में प्यारी खाका की बदौलत बढ़त बना ली थी। लेकिन अमेरिका ने मेसिया ब्राइट, जेना नाइस्वोंगर और सिएरा एंगे के गोल से जीत हासिल की।

### एचसीएल खेल में यूपी के बच्चों ने दिखाया दम



**नोएडा।** चौथी उत्तर प्रदेश स्टेट लेवल स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप का आयोजन 21 और 22 जून को शिव नाडर यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा में हुआ। इस चैम्पियनशिप में 3 जिलों लखनऊ, हरदोई और गौतम बुद्ध नगर के 490 खिलाड़ियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों की टीम वाले 6 खेलों फुटबॉल, कबड्डी, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, रग्बी और क्रिकेट और एकल खिलाड़ी वाले 6 खेलों टेबल टेनिस, रेसलिंग, बैडमिंटन, शतरंज, कैरम और एथलेटिक्स में हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे बच्चे उन सभी जगहों और समुदायों के सरकारी स्कूलों के हैं, जहाँ एचसीएल फाउंडेशन काम कर रही है। इस साल स्पोर्ट्स फॉर चेंज प्रतियोगिता में 10 राज्यों और 2 केन्द्र शासित प्रदेशों के 30 जिलों में 6000 से ज्यादा विद्यार्थियों की बड़ी भागीदारी रही। इस साल हम नेशनल फाइनल्स में पैरा एथलेटिक्स भी लॉ ?च करेंगे। 21 और 22 जुलाई को नागपुर में होने वाले नेशनल फाइनल्स 2022 के लिये 600 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा।

### भारतीय खिलाड़ी कजाकिस्तान एथलेटिक्स मीट में प्रभावित करने में विफल रहे

**अल्माटी (कजाखस्तान)।** चक्का फेंक खिलाड़ी नवजीत कौर ढिल्लों शनिवार को यहां कोसानोव मेमोरियल एथलेटिक्स मीट मे स्वर्ण पदक जीतने के बावजूद प्रभावित करने में नाकाम रही, जिससे उनके राष्ट्रमंडल खेलो (सीडब्ल्यूजी) के चयन पर सवालिया निशान लग गया। ढिल्लो ने 56.24 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ प्रतियोगिता जीती। उसने चेन्नई में राष्ट्रीय अंतरराज्ईय चैंपियनशिप (10-14 जून) में 55.67 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता था। ढिल्लो को 16 जून को 36 सदस्ईय भारतीय एथलेटिक्स टीम मे शामिल किया गया था, जिसमे उनका चयन कजाखस्तान में बेहतर प्रदर्शन के अधीन था। भारतीय एथलेटिक्स संघ (एएफआई) द्वारा तैयार सीडब्ल्यूजी क्वालीफाइंग दिशानिर्देश महिलाओ के चक्का फेंक के लिए 58.00 मीटर है। यह देखना होगा कि ढिल्लो के मामले मे एएफआई क्या करेगा, जिन्होंने मई में भुवनेश्वर मे इंडियन ग्रां प्री मे स्वर्ण पदक जीतने के दौरान 58.03 मीटर के प्रयास के साथ राष्ट्रमंडल खेलों के क्वालीफाइंग मानक को पार किया था।

# अभिषेक और ज्योति की जोड़ी ने जीता सोना

● तीरंदाजी विश्व कप में भारत के लिए पहला मिश्रित मिश्रित टीम स्वर्ण जीता

भाषा। पेरिस



**भारत के** कम्पाउंड तीरंदाजों ने विश्व कप के तीसरे चरण में शनिवार को स्वर्ण सहित दो पदक जीतकर इतिहास रच दिया। अभिषेक वर्मा और ज्योति सुरेखा वेन्नम की जोड़ी ने फाइनल में फ्रांस के अनुभवी प्रतिद्वंद्वियों को हराकर कम्पाउंड मिश्रित टीम तीरंदाजी स्पर्धा में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। इसके बाद विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज ज्योति को व्यक्तिगत वर्ग के बेहद करीबी फाइनल मुकाबले के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। एला गिब्सन के खिलाफ फाइनल मुकाबला 148–148 की बराबरी पर छूटने के बाद शूट आउट में दोनों निशानेबाजों ने 10–10 अंक का निशाना साधा लेकिन प्रतिद्वंद्वी निशानेबाज का तीर लक्ष्य के केन्द्र के ज्यादा करीब था।
मिश्रित वर्ग में भारतीय जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए फ्रांस की जोड़ी जीन बौल्च और 48 वर्षीय ओलंपिक पदक विजेता सोफी डोडेमोंट को करीबी मुकाबले में 152–149 से हराकर पीला तमगा हासिल किया। इस स्वर्ण पदक के साथ ही भारत ने विश्व कप के इस चरण में अपने पदक का खाता खोला। महिला रिकर्व टीम ने स्पर्धा में तीसरा पदक पक्का किया है, जहां दीपिका कुमारी, अंकिता भगत और सिमरनजीत कौर की तिकड़ी रविवार को शीर्ष स्थान के लिए चुनौती पेश करेगी। ज्योति को एशियाई खेलों के ट्रायल में नजरअंदाज कर दिया गया था। उन्होंने सात महीने से अधिक समय के बाद टीम में वापसी कर जश्न इन पदकों के साथ मनाया।
अभिषेक और ज्योति की सबसे सफल भारतीय कम्पाउंड जोड़ी का विश्व कप में इससे पहले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पिछले साल यांकटन में विश्व कप फाइनल में रजत पदक के रूप में आया था। इस जोड़ी ने अतीत में विश्व कप में कांस्य भी जीता है। तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने 10 अंक के चार निशाने के साथ शानदार शुरुआत की। उन्होंने इसमें दो एक्स (बिल्कुल बीच में) लगाकर तीन अंकों की बढ़त बनाई और फ्रांस की जोड़ी को दबाव में ला दिया। भारतीयों ने दूसरे दौर में 10 अंक का सिर्फ एक निशाना साधा और फ्रांस की जोड़ी को वापसी का मौका मिल गया। फ्रांस ने भारत की बढ़त को कम कर के एक अंक का कर दिया। तीसरा दौर बराबरी पर छूटा जबकि निर्णायक चौथे दौर में अभिषेक और ज्योति ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को दो अंकों से हराकर खिताब पर कब्जा कर लिया। ज्योति ने व्यक्तिगत स्पर्धा के सेमीफाइनल में फ्रांस की दिग्गज सोफी को मात दी।

### सजन, श्रीहरि राष्ट्रमंडल खेलों की तैराकी में भारत की अगुवाई करेंगे

भाषा। नई दिल्ली

**साजन** प्रकाश और श्रीहरि नटराज की स्टार जोड़ी अगले महीने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों (सीडब्ल्यूजी) में चार सदस्ईय भारतीय तैराकी टीम का नेतृत्व करेगी। प्रकाश और नटराज के अलावा, तेजी से उभरते दिल्ली के तैराक कुशाग्र रावत और मध्य प्रदेश के अद्वैत पेज 28 जुलाई से आठ अगस्त तक ब्रिटेन के बर्मिंघम में होने वाले इन खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। भारतीय तैराकी महासंघ (एसएफआई) ने 2022 सीडब्ल्यूजी के लिए चार कोटा स्थान हासिल किए थे और राष्ट्रीय निकाय ने घोषणा की थी कि 2018 में गोल्ड कोस्ट सीडब्ल्यूजी में अपनी संबंधित स्पर्धाओं में छठा स्थान हासिल करने वाले तैराकों के बराबर समय निकाले वाले खिलाड़ियों को इस बार जगह देने पर विचार किया जाएगा।